16 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 205


योगेंद्र प्रसाद से मिले हेमंत सोरेन, कुशलक्षेम जाना




**SMD TRADERS**
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटुवा, थाना - नगरी, राँची



हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता

जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?.....................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे

संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847


## त्राल में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया

**जम्मू कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के त्राल में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। तीनों आतंकी एक मकान में छिपे थे। सुरक्षाबलों ने इन्हें ड्रोन की मदद से ढूंढ निकाला और एनकाउंटर कर दिया। त्राल में मारे गये एक आतंकी आमिर नजीर वानी का आखिरी वीडियो सामने आया। इसमें वह अपनी मां से बात कर रहा है। मां ने कश्मीरी में आमिर से कहा- बेटा, सरेंडर कर दो। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां जिले के केलर में 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गये थे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे 14 सवाल

# क्या किसी बिल की डेडलाइन तय कर सकता है सुप्रीम कोर्ट?

## राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों से जुड़े हैं सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को एक ऐतिहासिक फैसला दिया था। तमिलनाडु के राज्यपाल मामले में सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्यपाल विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोक नहीं सकते। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास वीटो का अधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना होगा। इसमें राष्ट्रपति और राज्यपालों को विधानसभाओं से पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समय-सीमा तय करने पर टिप्पणी की गयी थी। अब सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सवाल उठाये हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए सर्वोच्च अदालत से 14 सवाल पूछे हैं।

*(राष्ट्रपति के 14 सवाल देखें पेज-5 पर)*

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति ने उठाये सवाल

**राष्ट्रपति द्रौपदी ने सुप्रीम कोर्ट से जो 14 सवाल पूछे हैं वो राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों से जुड़े हैं। ये सवाल संविधान के अनुच्छेद 200, 201, 361, 143, 142, 145(3), 131 से संबंधित हैं। इन सवालों में**



**पूछा गया है कि राज्यपाल के पास क्या विकल्प हैं जब कोई बिल उनके पास आता है? क्या राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य हैं? क्या राज्यपाल का विवेकाधिकार न्यायिक समीक्षा के अधीन है?**

# ट्रंप सीरीयसली! पांच दिन बाद लिया यू-टर्न

## कहा, मैंने सीजफायर नहीं कराया, सिर्फ मदद की

एजेंसी

**कतर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गुरुवार को पांच दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के बयान से पलट गये हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं करायी, लेकिन मैंने मदद की है। ट्रंप ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सैटल करने में मदद की। भारत-पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हो सकता था। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागना शुरू कर दिया और हमने सब सैटल कर दिया।

बताते चलें कि ट्रंप ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था



कि मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गये हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई। भारत सरकार ने ये भी साफ किया था कि पाकिस्तान के साथ तनाव के दौरान अमेरिका के साथ किसी भी चर्चा के दौरान ट्रेड का मद्दा नहीं उठा था।

(शेष पेज 05 पर)


**BABU DINESH SINGH UNIVERSITY**
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26



Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures -
Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com


## कैबिनेट से उत्पाद नीति को मिली मंजूरी

# शराब की खुदरा बिक्री अब निजी हाथों में

आजाद सिपाही संवाददाता

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में 17 प्रस्तावों पर लगी मुहर
- एनसीसी कैडेट का दैनिक भत्ता अब 220 रुपये
- 70 साल से अधिक के बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में कुल 17 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें उत्पाद नीति को मंजूरी दे दी गयी। नयी नीति एक माह में लागू हो जायेगी। इसके अलावा राज्य के 70 साल से अधिक आयु के लोगों को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना से



जोड़े जाने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। साथ ही एनसीसी कैडेटों का दैनिक भत्ता 150 से बढ़ाकर 220 रुपये प्रतिदिन किये जाने को मंजूरी दी गयी।

**दुकानों का आवंटन लॉटरी से होगा:** कैबिनेट ने झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि नयी नीति एक माह में लागू हो जायेगी। शराब की खुदरा बिक्री अब निजी हाथों में रहेगी।

वहीं, थोक बिक्री का जिम्मा राज्य सरकार (जेएसबीसीएल) के हाथों में रहेगा। राज्य में कुल 1453 दुकानें हैं। सभी दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होगा।

(शेष पेज 05 पर)



International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World


# झारखण्ड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड

Medha Milk

## दूध संकलन में 18 गुना और बिक्री में 16 गुना की वृद्धि

झारखण्ड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (JMF) (जिसे मेधा डेयरी के नाम से भी जाना जाता है) की स्थापना झारखण्ड सरकार द्वारा 2013 में की गई थी तथा यह झारखण्ड राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 1935 (अंगीकृत) के तहत पंजीकृत है। 2014 में राज्य सरकार एवं NDDB के बीच हस्ताक्षरित MoU के आलोक में NDDB के प्रबंधन में संचालित JMF के द्वारा विकास कार्यक्रमों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। झारखण्ड सरकार के सहयोग से मेधा डेयरी ने पिछले 10 वर्षों में दूध संकलन में 18 गुना और दूध बिक्री में 16 गुना की भारी वृद्धि की है, जिससे वर्तमान में इसका दुग्ध संकलन 203.24 TKGPD और बिक्री 177.72 TLPD तक पहुँच गई है।





## गांवों में दूध संग्रह केंद्रों का नेटवर्क हुआ स्थापित

राज्य के डेयरी विकास में JMF एक अहम भूमिका निभा रहा है इसके अंतर्गत JMF ने गांवों में दूध संग्रह केंद्रों का नेटवर्क स्थापित कर 64,000 से ज्यादा दूध उत्पादकों को जोड़कर संग्रहण और विपणन प्रणाली को सुदृढ़ किया है। JMF ने निष्पक्ष और पारदर्शी दूध संग्रहण प्रणाली सुनिश्चित कर राज्य के गांवो में दूध संग्रह के लिए AMCS (automatic milk collection software), कम्प्यूटरीकृत दूध तौल और परीक्षण प्रणालियां स्थापित की हैं, जिससे ग्राम स्तर पर दूध की गुणवत्ता एवं मात्र की जांच की जाती है, और DBT के माध्यम से 10 दिनों के अंतराल में ही, भुगतान सीधे दूध उत्पादकों के बैंक खातों में किया जाता हैं। डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देने और दूध उत्पादकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु झारखण्ड सरकार JMF से जुड़े ग्रामीण दूध उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि भी देती है, जो वर्ष 2020-21 में 1 रुपये प्रति लिटर से शुरुआत कर, आज 5 रुपये प्रति लिटर दिया जाता है।

## राज्य के दूध उत्पादकों को सशक्त बनाने और दूध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रयासरत



राज्य के दूध उत्पादकों को सशक्त बनाने और दूध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए JMF उन्हें पशुपालन प्रशिक्षण, संतुलित आहार, क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण, हरा चारा, साइलेज और हाइब्रिड नेपियर, आपातकालीन पशु चिकित्सा सेवाएं, स्वास्थ्य शिविर, दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं प्रदान करता है, साथ ही खाद प्रबंधन परियोजना के तहत नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन करने के लिए ग्राम स्तर पर 100 घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित किये गए हैं जिसके परिणाम स्वरूप ग्रामीण महिलाओं के LPG व अन्य ईंधनों पर होने वाले खर्चों में कमी आई है। JMF के लिए यह गर्व की बात है की सभी घरेलू बायोगैस संयंत्र सक्रिय है और प्रभावी रूप से कार्यरत हैं।इसके अतिरिक्त 'मेधा मातृत्व पोषण योजना', के तहत JMF से जुड़े गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 6 महीने तक हर माह 1 किलो घी दिया जाता है। राज्य में पशु नस्ल सुधार के लिए NDDB की सहायता से RGM के तहत पशु नस्ल सुधार और दूध उत्पादन बढ़ाने की ABIP & IVF & ET परियोजना क्रियान्वित कर रहा है जिसमे अब तक उच्च नस्ल की 25 बाछियों का जन्म सफलता पूर्वक पूरा हुआ। मेधा डेयरी राज्यभर में इंसुलेटेड वाहनों और वितरकों के जरिये उपभोक्ताओं को ताजा और गुणवत्तापूर्ण दूध व उत्पादों (flavoured milk, rabri, medha special, curd, ghee, peda) की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करती है। झारखण्ड सरकार के सहयोग से आज JMF ने डेयरी क्षेत्र में त्वरित गति से बढ़ोतरी की है और ग्रामीण आजीविका का प्रमुख स्रोत बन गया है।




Advertorial

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# बलूचिस्तान इज नॉट पाकिस्तान, अलग हुआ तो पाकिस्तान बनेगा कंगालिस्तान

- बलूच नेता मीर यार बलूच ने पाकिस्तान से आजादी का ऐलान कर दिया
- बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं, समर्थन करे भारत
- पाकिस्तान का 44 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है बलूचिस्तान
- पीएम मोदी अकेले नहीं, आपके साथ बलूच देशभक्तों का समर्थन है

**आजाद सिपाही विशेष**

बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान किया। उन्होंने इसके पीछे दशकों से बलूच लोगों के मानवाधिकार हनन, किडनैपिंग और हिंसा का हवाला दिया। मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना ह्यराष्ट्रीय फैसलाह्ल दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। आओ हमारा साथ दो। उन्होंने लिखा कि बलूच लोग सड़कों पर हैं और यह उनका राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। दुनिया अब और मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारत और ग्लोबल समुदाय से बलूचिस्तान की आजादी के लिए मान्यता और समर्थन मांगा। मीर यार ने भारतीय मीडिया, यूट्यूबर्स, इन्फ्लुएंसर्स और भारतीय बुद्धिजीवियों से अपील की कि वो बलूचों को पाकिस्तान के लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं, बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं, जिन्हें कभी हवाई बमबारी, किडनैपिंग या नरसंहार का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर पीओके पर भारत के रुख का समर्थन किया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान पर इस इलाके को खाली करने के लिए दबाव डालने की अपील की। बलूच नेता मीर यार ने कहा कि भारत पाकिस्तानी सेना को हरा सकता है। अगर पाकिस्तान ने ध्यान नहीं दिया, तो खूनखराबे के लिए सिर्फ पाकिस्तानी सेना के लालची जनरल जिम्मेदार होंगे, क्योंकि इस्लामाबाद पीओके के लोगों को ढाल के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सबसे बड़ा राज्य है और 44 फीसदी हिस्सा कवर करता है। बलूचिस्तान तेल, सोना, तांबा और अन्य खदानों से सम्पन्न है। इन संसाधनों का इस्तेमाल कर पाकिस्तान अपनी जरूरतें पूरी करता है। इसके बाद भी ये इलाका सबसे पिछड़ा है। यही वजह है कि बलूचिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ नफरत बढ़ रही है। पाकिस्तान का कब्जा होने के बाद से बलूचिस्तान में 5 बड़े विद्रोह हुए हैं। सबसे हालिया विद्रोह 2005 में शुरू हुआ था जो आज भी जारी है। इस बीच बलूचिस्तान में चीन की एंट्री हुई। बलूचिस्तान, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का एक अहम हिस्सा है। चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का पार्ट है। बलूचिस्तान में एक ग्वादर पोर्ट है, जो इस प्रोजेक्ट में सबसे खास जगह माना जाता है। चीन, पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट को शिनजियांग से जोड़ने के लिए अब तक 46 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। वह अरब देशों के संसाधनों को अपने देश तक लाने के लिए ग्वादर पोर्ट पर इतना खर्च कर रहा है। चीन यहां पर सड़कों को चौड़ा कर रहा है और हवाई पोर्ट बनाने में जुटा है। इसका विरोध बलूच कर रहे हैं। उन्हें पता है कि यह सब उनका अस्तित्व खत्म करने के लिए हो रहा है। पाकिस्तान ने उनपर सिर्फ जुल्म किये हैं। उसने शारीरिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, मानसिक हर तरह से चोट दिया है। क्या है बलूचिस्तान की दास्तान और कैसे वह अपनी आजादी के लिए विद्रोह कर रहा है बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

## आधुनिक बलूचिस्तान का इतिहास 150 साल पुराना

आधुनिक बलूचिस्तान की कहानी 1876 से शुरू होती है। तब बलूचिस्तान पर कलात रियासत का शासन था। भारतीय उपमहाद्वीप पर ब्रिटिश हुकूमत शासन कर रही थी। इसी साल ब्रिटिश सरकार और कलात के बीच संधि हुई। संधि के मुताबिक अंग्रेजों ने कलात को सिक्किम और भूटान की तरह प्रोटेक्टोरेट स्टेट का दर्जा दिया। यानी भूटान और सिक्किम की तरह कलात के आंतरिक मामलों में ब्रिटिश सरकार का दखल नहीं था, लेकिन विदेश और रक्षा मामलों पर उसका नियंत्रण था। 1947 में भारतीय उपमहाद्वीप में आजादी की प्रक्रिया की शुरूआत हुई। भारत और पाकिस्तान की तरह कलात में भी आजादी की मांग तेज हो गयी। जब 1946 में ये तय हो गया कि अंग्रेज भारत छोड़ रहे हैं, तब कलात के खान यानी शासक मीर अहमद खान ने अंग्रेजों के सामने अपना पक्ष रखने के लिए मोहम्मद अली जिन्ना को सरकारी वकील बनाया। बलूचिस्तान नाम से एक नया देश बनाने के लिए 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में एक बैठक बुलायी गयी। इसमें मीर अहमद खान के साथ जिन्ना और जवाहर लाल नेहरू भी शामिल हुए। बैठक में जिन्ना ने कलात की आजादी की वकालत की। बैठक में ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने भी माना कि कलात को भारत या पाकिस्तान का हिस्सा बनने की जरूरत नहीं है। तब जिन्ना ने ही ये सुझाव दिया कि चार जिलों- कलात, खरान, लास बेला और मकरान को मिलाकर एक आजाद बलूचिस्तान बनाया जाये।

## 11 अगस्त 1947 को बलूचिस्तान अलग देश बना, ब्रिटेन ने लगाया अड़ंगा

11 अगस्त 1947 को कलात और मुस्लिम लीग के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसके साथ ही बलूचिस्तान एक अलग देश बन गया। हालांकि इसमें एक पेंच ये था कि बलूचिस्तान की सुरक्षा पाकिस्तान के हवाले थी। आखिरकार कलात के खान ने 12 अगस्त को बलूचिस्तान को एक आजाद देश घोषित कर दिया। बलूचिस्तान में मस्जिद से कलात का पारंपरिक झंडा फहराया गया। कलात के शासक मीर अहमद खान के नाम पर खुतबा पढ़ा गया। लेकिन आजादी घोषित करने के ठीक एक महीने बाद 12 सितंबर को ब्रिटेन ने एक प्रस्ताव पारित किया और कहा कि बलूचिस्तान एक अलग देश बनने की हालत में नहीं है। वह अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां नहीं उठा सकता।

## अपनी ही बात से पलटे जिन्ना, विलय का दिया प्रस्ताव

कलात के खान ने अक्टूबर 1947 में पाकिस्तान का दौरा किया। उन्हें उम्मीद थी कि जिन्ना उनकी मदद करेंगे। जब खान कराची पहुंचे तो वहां मौजूद हजारों बलूच लोगों ने उनका स्वागत बलूचिस्तान के राजा की तरह किया, लेकिन उनका स्वागत करने पाकिस्तान का कोई बड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा। पाकिस्तान के इरादे में बदलाव का यह बड़ा संकेत था। अपनी किताब ह्यबलूच राष्ट्रवादह्ल में ताज मोहम्मद ब्रेसीग ने जिन्ना और खान के बीच बैठक का जिक्र किया है। बैठक में जिन्ना ने खान से बलूचिस्तान का पाकिस्तान में विलय करने की बात कही। कलात के शासक ने बात नहीं मानी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान कई जनजातियों में बंटा देश है। वह अकेले यह तय नहीं कर सकते। बलूचिस्तान आजाद मुल्क रहेगा या पाकिस्तान के साथ जाएगा ये वहां की जनता तय करेगी। वादे के मुताबिक खान ने बलूचिस्तान जाकर विधानसभा की बैठक बुलाई जिसमें पाकिस्तान से विलय का विरोध किया गया। पाकिस्तान का दबाव बढ़ने लगा था। मामले को समझते हुए खान ने कमांडर-इन-चीफ ब्रिगेडियर जनरल परवेज को सेना जुटाने और हथियार गोला-बारूद की व्यवस्था करने को कहा। जनरल परवेज हथियार हासिल करने के लिए दिसंबर 1947 में लंदन पहुंचे। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि पाकिस्तान की मंजूरी के बिना उन्हें कोई सैन्य सहायता नहीं मिलेगी। जिन्ना मामले को भांप गए थे। उन्होंने 18 मार्च 1948 को खारन, लास बेला और मकरान को अलग करने की घोषणा की। दुश्का एच सैय्यद ने अपनी किताब ह्यद एक्सेशन ऑफ कलातः मिथ एंड रियलिटीह्ल में लिखा है कि जिन्ना के एक फैसले से कलात चारों तरफ से घिर गया। जिन्ना ने कई बलूच सरदारों को अपनी तरफ मिला लिया, जिससे खान के पास कोई चारा नहीं रहा। इसके बाद खान ने भारतीय अधिकारियों और अफगान शासक से मदद के लिए अनुरोध किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। 27 मार्च, 1948 को ऑल इंडिया रेडियो ने राज्य विभाग के सचिव वी.पी. मेनन के हवाले से कहा कि कलात के खान ने भारत से विलय के लिए संपर्क किया था, लेकिन भारत सरकार ने ये मांग ठुकरा दी। हालांकि बाद में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल और फिर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस बयान का खंडन किया।




## 227 दिन आजाद रहा बलूचिस्तान

26 मार्च को पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में घुस गयी। अब खान के पास जिन्ना की शर्तें मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, लेकिन इस कब्जे से बलूचिस्तान की एक बड़ी आबादी के मन में पाकिस्तान के लिए नफरत पैदा हो गई। बलूचिस्तान सिर्फ 227 दिनों तक ही आजाद देश बना रह सका। इसके बाद खान के भाई प्रिंस करीम खान ने बलूच राष्ट्रवादियों का एक दस्ता तैयार किया। उन्होंने 1948 में पाकिस्तान के खिलाफ पहला विद्रोह शुरू किया। पाकिस्तान ने 1948 के विद्रोह को कुचल दिया। करीम खान समेत कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। विद्रोह को तब भले ही दबा दिया गया, लेकिन ये कभी खत्म नहीं हुआ। बलूचिस्तान की आजादी के लिए शुरू हुए इस विद्रोह को नए नेता मिलते रहे। 1950, 1960 और 1970 के दशक में वे पाकिस्तान सरकार के लिए चुनौती बनते रहे। 2000 तक पाकिस्तान के खिलाफ चार बलूच विद्रोह हुए।

## पाकिस्तानी सेना के कैप्टन ने बलूच डॉक्टर का रेप किया, शुरू हुआ पांचवा विद्रोह

2005 में 2 और 3 जनवरी की दरम्यानी रात थी। बलूचिस्तान के सुई इलाके में पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड अस्पताल में काम करने वाली एक महिला डॉक्टर शाजिया खालिद अपने कमरे में सो रही थी। तभी एक पाकिस्तानी सेना के कैप्टन ने उसका रेप किया। कैप्टन को गिरफ्तार करने के बजाय उसका बचाव किया गया, क्योंकि वह राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ का खास था। जांच के नाम पर पहले पीड़ित को एक साइकेट्रिक क्लिनिक भेज दिया गया। उस पर ही गलत इल्जाम लगाए गए। जांच के नाम पर लीपापोती हुई। मजबूर होकर शाजिया और उनके पति पाकिस्तान छोड़कर ब्रिटेन चले गए। यह घटना बलूचिस्तान में हुई। तब बुगती जनजाति के मुखिया नवाब अकबर खान बुगती ने इसे अपने कबीले के संविधान का उल्लंघन बताया। बुगती पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री रहे चुके थे। लेकिन इस वक्त वे बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लीडर बन चुके थे और बलूचिस्तान के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे थे। इस घटना ने बुगती को पाकिस्तान सरकार से बदला लेने का मौका दे दिया। उन्होंने किसी भी कीमत पर बदला लेने की कसम खाई। बलूच विद्रोहियों ने सुई गैस फील्ड पर रॉकेटों से हमला कर दिया। कई सैनिक मारे गए। जवाब में मुशर्रफ ने मुकाबले के लिए 5000 और सैनिक भेज दिए। इस तरह बलूचों के पांचवें विद्रोह की शुरूआत हुई।

## बुगती की हत्या ने बलूचिस्तान की सभी जनजातियों को एकजुट कर दिया

17 मार्च की रात पाकिस्तानी सेना ने अकबर बुगती के घर पर बमबारी की। इसमें 67 लोग मारे गए। अकबर बुगती के घरों के लोगों के मारे जाने से बलूच और भड़क गए। उनका पाकिस्तान सरकार के खिलाफ संघर्ष और तेज हो उठा। हालांकि 26 अगस्त 2006 को भांबूर पहाड़ियों में छुपे अकबर बुगती और उनके दर्जनों साथियों की बमबारी कर हत्या कर दी गयी। बुगती की हत्या ने बलूचिस्तान की सभी जनजातियों को एकजुट कर दिया। बलूच लड़ाकों ने इसके बदले पाकिस्तान के कई इलाकों पर हमले किए। तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ की हत्या की भी कोशिश की गई। बुगती के बाद बीएलए का नेतृत्व नवाबजादा बालाच मिरी ने संभाला, लेकिन साल 2007 में उसे भी पाकिस्तानी सेना ने मार डाला। बीएलए ने साल 2009 से पंजाबियों को निशाना बनाना शुरू किया। इस साल बलूचिस्तान में 500 से ज्यादा पंजाबी मार दिए गए। इसके बाद पाकिस्तान की सेना ने सिस्टमैटिक तरीके से बलूचों को गायब करना शुरू किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 15 साल में पाकिस्तानी सेना ने 5 हजार से ज्यादा बलूचों को गायब कर दिया है। इन्हें मार दिया गया है या फिर इन्हें ऐसी जगह कैद कर रखा है, जिसकी कोई खबर नहीं है।

## बलूचिस्तान का इतिहास

साल 1540 की बात है, भारत के पहले मुगल शासक बाबर के बेटे हुमायूं को बिहार के शेरशाह सूरी ने युद्ध में हरा दिया। हुमायूं भारत से भाग खड़ा हुआ। उसने फारस यानी ईरान में शरण ली। 1545 में शेरशाह सूरी की मौत हो गयी। मौके को भांपकर हुमायूं ने भारत वापस लौटने की योजना बनाना शुरू कर दिया। तब बलूचिस्तान के कबीलाई सरदारों ने उसके इस प्लान में मदद की। बलूचों का साथ पाकर 1555 में हुमायूं ने दिल्ली पर फिर से नियंत्रण कर लिया। साल 1659 में मुगल बादशाह औरंगजेब दिल्ली का शासक बना। उसकी सत्ता पश्चिम में ईरान के बॉर्डर तक थी, लेकिन दक्षिण में उसे लगातार मराठों की चुनौतियों से जूझना पड़ रहा था। तब बलूची सरदारों ने मुगल हुकूमत के खिलाफ विद्रोह छेड़ा और बलूच लीडर मीर अहमद ने 1666 में बलूचिस्तान के दो इलाकों कलात और क्वेटा को औरंगजेब से छीन लिया। आज जहां बलूचिस्तान है, उस जगह का इतिहास करीब 9 हजार साल पुराना है। तब यहां मेहरगढ़ हुआ करता था। ये सिंधु सभ्यता का एक प्रमुख शहर था। लगभग 3 हजार साल पहले जब सिंधु सभ्यता का अंत हुआ तो यहां के लोग सिंध और पंजाब के इलाके में बस गए। इसके बाद ये शहर वैदिक सभ्यता के प्रभाव में आया। यहां पर हिंदुओं की प्रमुख शक्तिपीठ में से एक-हिंगलाज माता का मंदिर भी है, जिसे पाकिस्तान में नानी का हज भी कहा जाता है। समय के साथ ये शहर बौद्ध धर्म का भी एक प्रमुख केंद्र बना। सातवीं सदी में जब अरब हमलावरों ने इस इलाके पर हमला किया, तो यहां पर इस्लाम धर्म का प्रभाव बढ़ा।

## बलूचिस्तान को विदेशी ताकतों की मदद के कब्जा किया गया

मीर यार बलूच के मुताबिक दुनिया को बलूचिस्तान पर पाकिस्तान के दावों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान को विदेशी ताकतों की मदद से जबरन कब्जा किया गया था। बलूचिस्तान में लंबे वक्त से मानवाधिकार हनन हो रहा है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस लोगों पर हमले करती है। यहां विदेशी मीडिया की पहुंच बहुत सीमित है, इस वजह से बलूचिस्तान से जुड़ी खबरें बाहर नहीं आ पाती हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरूआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है। बीएलए का दावा है कि बलूचिस्तान के प्राकृतिक संसाधनों का शोषण हो रहा है और बलूच लोगों के अधिकार छीन लिये गये हैं। यह संगठन पाकिस्तानी सेना, सरकार और चीनी प्रोजेक्ट्स जैसे सीपीइसी को निशाना बनाता रहा है। बीएलए अपनी गुरिल्ला शैली के लिए जाना जाता है। यानी पहाड़ी इलाकों में छिपकर सेना पर हमला करना और तुरंत वापस लौट भी जाता है। वहीं पाक सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कुछ दिन पहले एक बयान में कहा कि बलूचिस्तान में महज 1500 लोगों की वजह से अशांति फैली है और वो पाकिस्तान की लाखों की प्रोफेशनल फौज का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। ब्रिटिश ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट पीटर टैचेल का मानना है कि पाकिस्तान बलूचिस्तान की स्वतंत्रता में देरी कर सकता है, लेकिन इसे हमेशा के लिए रोका नहीं जा सकता। उन्होंने बलूच संघर्ष की तुलना वियतनाम के आंदोलन से की है। बलूच लेखक मीर यार का कहना है कि बलूचिस्तान अब आजादी से सिर्फ दो कदम दूर है। उन्होंने इसकी 1971 के बांग्लादेश की स्थिति से तुलना करते हुए कहा कि पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियां इस वास्तविकता को स्वीकार नहीं कर रही हैं।

## पीएम मोदी अकेले नहीं, आपके साथ छह करोड़ बलूच देशभक्तों का समर्थन

मीर ने दावा किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में पैदा हुए तनाव के बीच, बलूचिस्तान और उसके लोगों ने भारत के प्रति समर्थन जताया है। उन्होंने कहा बलूचिस्तान लोकतांत्रिक गणराज्य के लोग भारत के लोगों को अपना पूरा समर्थन देते हैं। चीन पाकिस्तान की मदद कर रहा है, लेकिन बलूचिस्तान और उसके लोग भारत की सरकार के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अकेले नहीं हैं, आपके पास 6 करोड़ बलूच देशभक्तों का समर्थन है। भारत के लोगों का जताया आभार :?मीर यार ने भारत और यहां के लोगों का भी आभार जताया है। मीर ने कहा, बलूचिस्तान के लोगों को बिना शर्त नैतिक समर्थन देने के लिए मैं भारत के लोगों का शुक्रगुजार हूं। बलूचिस्तान का इतिहास जब भी लिखा जाएगा, आपके योगदान का जिक्र स्वर्णिम अच्छरों में होगा। भारत की शांति और समृद्धि की कामना करता हूं।





वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.9 °c | 26.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.23 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.07 बजे |



# योगेंद्र प्रसाद से मिले हेमंत सोरेन, कुशलक्षेम जाना

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के उत्पाद एवं निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मिलने उनके आवास पहुंचे, जहां उन्होंने मंत्री से उनका हाल-चाल जाना। बता दें कि गुरुवार की सुबह अचानक मंत्री की तबियत खराब हो गयी थी। सीने में उठे दर्द और अत्यधिक पसीना आने की शिकायत के बाद उन्हें धुर्वा स्थित पारस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। अब उनकी तबीयत में सुधार है। इलाज के बाद आराम करने के सलाह पर उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल से मंत्री अपने आवास पर चले गये हैं, जहां वह रिम्स के चिकित्सक की देखरेख में रहेंगे.। पारस हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने उन्हें रेस्ट पर रहने की सलाह दी है। बीपी, शुगर की दवाई के साथ साथ जो भी दवाइयां दी हैं, उसे खाते रहने की सलाह दी है। मंत्री योगेंद्र प्रसाद पहले से डायबिटिक पेशेंट रहे हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर ट्वीट कर मंत्री से मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने मंत्री का कुशल क्षेम जाना। साथ ही मरांग बुरु से मंत्री के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, खिजरी विधायक और कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप अस्पताल पहुंचे और बीमार मंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

# स्वतंत्रता सेनानी चानकू महतो की प्रतिमा का राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत चाकुलिया प्रखंड के भालुकबिंधा ग्राम में स्वतंत्रता सेनानी चानकू महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। राज्यपाल ने वीर शहीद चानकू महतो के साहस और बलिदान को नमन करते कहा कि यह प्रतिमा केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि इतिहास की जीवंत स्मृति है, जो आनेवाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा देती रहेगी। चानकू महतो न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि अधिकारों की रक्षा हेतु जनचेतना के अग्रदूत भी थे। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो समेत अन्य भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने चानकू महतो के प्रसिद्ध नारे आपोन माटी, आपोन दाना, पेट काटी निही देबञ खजाना को उद्धृत करते हुए उनके नेतृत्व में संताल परगना में हुए आंदोलन को हूल क्रांति से पूर्व की बड़ी जनक्रांति बताया। कहा कि वीर चानकू महतो ने अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित आंदोलन प्रारंभ किया। ऐतिहासिक हूल क्रांति में भी सिदो-कान्हू के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें साहेबगंज जिला अंतर्गत भोगनाडीह में वीर सिदो-कान्हू की जन्मस्थली जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा वहां वे उनके वंशजों से भी मिले।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संजोने की आवश्यकता पर बल देते हुए विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे इन महापुरुषों के ग्रामों में जाकर शोध करें और उनके योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाने हेतु प्रयास करें। राज्यपाल ने वीर शहीद चानकु महतो स्मारक समिति को इस सराहनीय पहल हेतु बधाई दी और कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देती रहेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। नौकरी-व्यापार में उन्नति।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी,किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा,बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण,धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार,संतोषजनक धनलाभ होगा.

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय, मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा,दिमागी तनाव, इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# पूरी तरह से दुरुस्त पेसा नियमावली लागू होगी : दीपिका पांडेय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जब पेसा नियमावली राज्य में लागू होगी पूरी तरह दुरुस्त होगी। इसमें पेसा कानून की भावनाओं का पूरा ख्याल रखा जायेगा। नियमावली 1996 के पेसा कानून के अनुरूप होगी। उसका लाभ राज्य के लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी मिलेगा। मंत्री दीपिका पांडेय गुरुवार को पेसा नियमावली पर आयोजित विचार गोष्ठी सह कार्यशाला के समापन के समापन भाषण में अपने विचार व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने कार्यशाला में शामिल प्रबुद्धजनों को आश्वस्त किया कि उनके आये विचारों पर गंभीरता से अमल किया जायेगा। विचार गोष्ठी की प्रासंगिकता नियमावली में दिखेगी। दरअसल इस विचार गोष्ठी का उद्देश्य पेसा नियमावली को लागू करने से पहले स्टेक होल्डरों का सुझाव लेना था।

**कई सुझाव आये :** इससे पूर्व नेशनल एडवाइजरी कॉउंसिल के सदस्य के राजू ने राज्य सरकार को कई सुझाव दिये। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि गांव और सरकार के बीच की लड़ाई को समाप्त करने के लिए बातचीत के जरिए समाधान किया जाना चाहिए। एक्टिविस्ट दयामनी बारला ने ड्राफ्ट की कॉपी नहीं मिलने, उपयोग नहीं होने के पांच साल बाद भी लैंड बैंक की जमीन की वापसी नहीं होने और सरकार द्वारा संवाद नहीं करने की शिकायत की। सुधीर पाल ने बैंक, ऋण, सूद और उससे जुड़े तकनीकी विषयों पर अपने विचार रखे। शिशिर कुमार ने नियमावली की पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। ग्लैक्शन टुडू ने ग्रामसभा को कार्यपालिका का अधिकार नहीं दिये जाने पर सवाल खड़ा किया।

**पंचायती राज सचिव ने दी जानकारी :** इससे पहले पंचायती राज सचिव विनय कुमार चौबे ने पंचायती राज अधिनियम और पेसा नियमावली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे और किन किन परिस्थितियों से गुजरते हुए नियमावली का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इसे लागू करने की क्या योजना है। कार्यशाला सह विचार गोष्ठी में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग शामिल हुए।

## नियमावली दुरुस्त और तंदुरुस्त होगी: बिरुआ

भू-राजस्व एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कार्यशाला में आये सुझावों पर अमल होगा। नियमावली में सुझावों का असर दिखेगा। नियमावली दुरुस्त और तंदुरुस्त होगी। राज्य की जनता की भावनाओं के अनुरूप नियमावली होगी।

## आम सहमति से लागू होगी नियमावली: रामदास

स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने आश्वस्त किया कि राज्य में आम सहमति से पेसा नियमावली लागू होगी। सबके सुझावों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

## कमीशन पर अंकुश लगेगा : शिल्पी नेहा तिर्की

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार पेसा नियमावली पर सुझाव लेने का इतना गंभीर प्रयास किया है, जिसमें विचार गोष्ठी में चार चार मंत्री शामिल हुए। उन्होंने नियमावली लागू करने से पहले दिलीप सिंह भूरिया कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन करने और उसमें की गयी अनुशंसाओं के अनुरूप नियमावली बनाने का सुझाव दिया। कहा कि पांचवीं अनुसूची के क्षेत्र में पेसा कानून के अमल से ही आदिवासियों का संरक्षणऔर विकास होगा। जब आदिवासी बचेंगे तो उस गांव में रहनेवाले दूसरे वर्ग और समुदाय के लोगों का भी भला होगा। उन्होंने आगे कहा कि आज स्थिति यह है कि गावों में मुखिया पेंशन स्वीकृति में पांच सौ रुपये और अबुआ आवास की स्वीकृति में 20 हजार रुपये तक कमीशन लिया जा रहा है। इस पर अंकुश लगेगा।

# रांची को मिलेगी दो स्मार्ट सड़कों की सौगात

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी प्रस्ताव को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची की जनता को जल्द ही जाम की समस्या से राहत मिलने वाली है। शहर में 2 बड़ी स्मार्ट सड़कों के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन दोनों सड़कों के निर्माण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पहली सड़क विवेकानंद स्कूल (पुरानी विधानसभा) से नयासराय रिंग रोड तक बनेगी। यह सड़क जगन्नाथपुर मंदिर के रास्ते से होकर गुजरेगी। करीब 8.2 किलोमीटर लंबी यह सड़क 6 लेन की एलिवेटेड स्मार्ट रोड होगी। इसमें करीब 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। साथ ही भूमि अधिग्रहण भी किया जायेगा।

वहीं दूसरी सड़क कटहल मोड़ चौक से जगन्नाथपुर मंदिर होते हुए वाया आलम चौक, साईं मंदिर से विधानसभा पेरिफेरी लिंक तक बनेगी। यह 4 लेन सड़क होगी, जिस पर 338 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन दोनों परियोजनाओं को अब राज्य योजना प्राधिकृत समिति के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद इसे कैबिनेट में अंतिम मंजूरी के लिए रखा जायेगा। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बताया कि इन सड़कों के बनने से रांची की ट्रैफिक समस्या काफी हद तक कम होगी।

एलिवेटेड सिक्स लेन सड़क वीआइपी और वीवीआइपी मूवमेंट के लिए काफी सहायक होगी। सड़क के दोनों तरफ दो लेन का सर्विस रोड भी बनेगा। रिंग रोड से शहर को सीधे जोड़ने में यह परियोजना अहम साबित होगी। इन स्मार्ट सड़कों से रांची को बेहतर यातायात व्यवस्था और तेज रफ्तार का तोहफा मिलेगा।

# अतिक्रमण हटाने के विरोध में दुकानदार सड़क पर

## मोरहाबादी मैदान से 50 से ज्यादा ठेला-खोमचा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहर के मोरहाबादी मैदान में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गयी है। नगर निगम की टीम ने बुधवार की देर रात अभियान शुरू किया, इस दौरान 50 से ज्यादा ठेले और खोमचों को जब्त कर लिया। कई अवैध निर्माण को ध्वस्त भी कर दिया। इस दौरान निगम की टीम को भारी विरोध का सामना भी करना पड़ा। जैसे ही दुकानदारों को यह पता चला कि नगर निगम के द्वारा कार्रवाई की जा रही है, वे लोग मौके पर पहुंच गये और रात में ही जबरदस्त हंगामा किया। इसके बावजूद नगर निगम की टीम ने अपनी कार्रवाई पूरी की। इस कार्रवाई के दौरान महिला दुकानदार कई बार निगम की टीम के साथ भिड़ गयीं। विरोध के भी नगर निगम की टीम अपने काम में लगी रही।

गुरुवार सुबह होते ही दुकानदार सड़क पर उतर आये और मोरहाबादी मैदान को जाम कर दिया। इस दौरान कई बार हंगामा किया गया।

दुकानदारों का आरोप है कि उनकी रोजी-रोटी पर निगम द्वारा बड़ा प्रहार किया गया है। सिर्फ उनके ठेले ही नहीं, बल्कि सब्जी, फल और दूसरी तरह के कई सामान निगम के द्वारा नष्ट कर दिये गये। दुकानदारों का आरोप है कि बिना सूचना के यह कार्रवाई की गयी ।

### लालपुर पुलिस ने हटाया जाम

जाम की सूचना पर लालपुर थानेदार रूपेश कुमार सिंह और टीओपी प्रभारी विकास दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुकानदारों को समझा बुझा कर जाम हटाया। लालपुर थाना रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि अतिक्रमण अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गयी है। पूरी कार्रवाई निगम द्वारा की गयी है। फिलहाल दुकानदारों को समझा बुझा कर सड़क से जाम को हटा दिया गया है।

## आज गिरिडीह में 'तिरंगा यात्रा' में शामिल होंगी केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी



गिरिडीह (आजाद सिपाही)। गिरिडीह के झंडा मैदान में 16 मई को भारतीय सेना के अभूतपूर्व सैन्य अभियान #OperationSindoor की सफलता के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह दस बजे से आयोजित इस गौरवशाली कार्यक्रम में कोडरमा लोकसभा सांसद एवं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## मथुरा महतो बने विधानसभा की विशेष समिति के संयोजक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने धनबाद जिला अंतर्गत बीसीसीएल, एटी देवप्रभा एवं अन्य कंपनियों द्वारा राजस्व भूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं रैयती भूमि पर ओबी हम्प को रोकने, पीड़ित ग्रामीणों को मुआवजा दिलाने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई से संबंधित विशेष समिति का गठन किया है। इस विशेष समिति का संयोजक सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो को बनाया गया है, जबकि सदस्य विधायक अरूप चटर्जी, राज सिन्हा, उमाकांत रजक ,चंद्रदेव महतो, सुदीप गुड़िया एवं धनंजय सोरेन को बनाया गया है। गठित समिति का कार्यकाल तीन माह है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दी है।

# चुनाव आयोग के ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल होगा झारखंड का 402 सदस्यीय दल

- के रवि कुमार ने प्रतिभागियों के साथ की ऑनलाइन मीटिंग
- सभी स्टेकहोल्डर अपना पहचान पत्र अवश्य रख लें

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के सभी राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को नयी दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आइआइआइडीइएम) में ट्रेनिंग दी जा रही है। इसी क्रम में झारखंड के बीएलओ, वॉलेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) के साथ निर्वाचन से संबंधित 402 सदस्यीय टीम नयी दिल्ली स्थित आइआइआइडीइएम में 19 एवं 20 मई को आयोजित 2 दिवसीय कार्यशाला में भाग लेगी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के आवागमन, आवासन एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। प्रतिभागियों के साथ जा रहे लाइजनिंग ऑफिसर इसके समन्वयन का ध्यान रखें। साथ ही सभी स्टेकहोल्डर अपना पहचान पत्र अवश्य रख लें।

के रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों एवं कार्यशाला में भाग लेनेवाले सभी प्रतिभागियों के साथ बैठक कर रहे थे।

के रवि कुमार ने कहा कि 19 मई को आइआइआइडीइएम में आयोजित कार्यक्रम में पहले दिन योगा, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ इंटरैक्शन, निर्वाचन संबंधी रोल प्ले, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण, विभिन्न स्टेकहोल्डर की ओर से एक्सपीरियंस शेयरिंग आदि कार्यक्रम होंगे।

**ऑनलाइन मीडिंग में शामिल हुए ये पदाधिकारी :** इस अवसर पर पलामू के उपायुक्त शशि रंजन, धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह उप सचिव देव दास दत्ता, सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, आइआइआइडीइएम में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने वाले झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के प्रतिभागी उपस्थित थे।

### 20 मई को दिल्ली के प्रमुख संस्थानों का भ्रमण करेगी टीम

के रवि कुमार ने बताया कि 20 मई को टीम के सदस्य नयी दिल्ली के प्रमुख संस्थानों का भ्रमण करेंगे। इसके लिए 9 बसों की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिभागियों के लिए आइआइआइडीइएम में आवासन की व्यवस्था है। आइआइआइडीइएम द्वारा प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार जब झारखंड भ्रमण पर आये थे, तो उन्होंने यहां के वॉलेंटियर एवं बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा की थी। मुख्य चुनाव आयुक्त के दिशा-निर्देश के अनुसार झारखंड के निर्वाचन से संबंधित विभिन्न स्टेकहोल्डर के कार्यों को आइआइआइडीइएम में आयोजित कार्यशाला के दौरान एक्सपीरियंस शेयरिंग होगी, जिसका डॉक्यूमेंटेशन कर अन्य राज्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस्तेमाल होगा।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 मई, 2025
www.azadsipahi.in
04

## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा बाजार रोड़ में स्थित नर्सिंग होम में प्रसव कराने आई महिला के गर्भ में बच्चे की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत ग्राम केवालु चेचकपी निवासी खागो साव ने एक लिखित शिकायत बरकट्ठा में की है। जिसमें बताया है कि मेरी बहु अंजु देवी बुधवार 14 अप्रैल को डिलेवरी के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र गोरहर गयी थी। गोरहर में प्रसव नहीं होने पर एएनएम ने उसे बरकट्ठा बाजार रोड़ स्थित नाजनीन खातून के नर्सिंग होम भेज दिया था। खागो साव ने आरोप लगाया कि बहु के प्रसव कराने के दौरान गलत ऑपरेशन के पश्चात उसके गर्भ से पल रहा शिशु मृत अवस्था में जन्म हुआ। खागो साव ने नर्सिंग होम संचालिका नाजनीन खातून पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका ना तो नर्सिंग होम और ना ही किसी डॉक्टर का लाइसेंस है। बताया कि नाजनीन खातून पूर्व में विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग नामों से अवैध नर्सिंग होम संचालित करती आ रही हैं। बरकट्ठा थाना पुलिस नर्सिंग होम संचालिका नाजनीन खातून को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## प्रमुख ने बच्चों के बीच बैग का किया वितरण



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलैया में पढ़ने वाले बच्चों को बैग दिया गया। यह बैग झारखंड सरकार की ओर से विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के बीच वितरण करना है। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रमुख रेणु देवी ने कुल 352 छात्र-छात्राओं के बीच बैग का वितरण किया। मौके पर प्रधानाध्यापक बैधनाथ प्रसाद, सहायक अध्यापक बबलू कुमार, राजदेव प्रसाद, अरुण कुमार मंडल, किशोर कुमार पंडित, लिलधारी प्रसाद, त्रिवेणी प्रसाद, सुनीता देवी, बिनोद कुमार मंडल, रामचंद्र प्रसाद मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण सह विद्यार्थी समर कैंप का आयोजन



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में बच्चों के शारीरिक व मानसिक कौशल को विकसित करने के लिए 13 से 15 मई के बीच त्रिदिवसीय समर कैंप का आयोजन हुआ। इस समर कैंप के साथ ही साथ शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यशाला भी आयोजित हुई। इसमें बच्चों के समर कैंप के साथ-साथ डीएवी इंस्टीट्यूशन झारखंड प्रक्षेत्र एफ के आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षकों का प्रशिक्षण भी हुआ। यह प्रशिक्षण डीएवी पब्लिक स्कूल भरेचनगर, रामगढ़ के प्राचार्य ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर कम क्लस्टर हेड निशिकांत कर के मार्गदर्शन में हुआ। शिक्षण और प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों ने बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट के गुर सिखाये। बच्चों ने बड़े ही आनंद और उत्साह के साथ समर कैंप में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल को विकसित किया। बच्चों ने चित्रकारी, पेंटिंग, खेलकूद, नृत्य, संगीत आदि के द्वारा समर कैंप में अपनी रचनात्मक व कलात्मक प्रतिभा को विकसित किया। समर कैंप में छठीं से नवीं कक्षा के बच्चों में आदित्या कुमार, आरव राज, आर्यन कुमार, अनमोल, अनुप्रिया, आदर्श कश्यप, परी कुमारी, दीपांशु कुमार, अर्श सिंह, सृष्टि कुमारी, श्रेया सुमन, श्रेया शेखर, आरुष कश्यप, रिया सिंह, आराध्या मिश्रा और आराधना भारती ने अपनी रचनात्मक व कलात्मक प्रतिभा दिखायी। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में डीएवी इंस्टीट्यूशन झारखंड प्रक्षेत्र एफ के विभिन्न विद्यालयों डीएवी पब्लिक स्कूल भरेच नगर रामगढ़, डीएवी पब्लिक स्कूल कैनरी हिल हजारीबाग, डीएवी जूनियर विंग हजारीबाग, डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी, डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए, डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के आर्ट एंड क्राफ्ट शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि कैंप के माध्यम से बच्चे विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में अपनी सहभागिता निभाते हुए रचनात्मकता व कलात्मक प्रतिभा को विकसित करते हैं।

## कोल कंपनियों के अधिकारी समझकर स्टेट हाइवे के अधिकारियों को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादम मोतरा गांव में 15 मई को ड्रोन कैमरा से सर्वेक्षण करने आए स्टेट हाईवे के अधिकारियों को एनटीपीसी के अधिकारी समझ कर आंदोलन कर रहे हो रहा है तूने घंटा बंधक बनाया। इस संबंध में एनटीपीसी बादम कोल ब्लॉक के एजीएम मोहम्मद बदरुद्दीन ने बताया कि एनटीपीसी के अधिकारी नहीं थे, बल्कि स्टेट हाईवे अधिकारी थे। उन्हें ग्रामीणों ने रोका था। सूचना मिलने पर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक अपने पुलिस दल बल के साथ छुड़ाई। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने पुष्टि करते हुए बताया कि एनटीपीसी के अधिकारी नहीं थे, बल्कि स्टेट हाइवे के अधिकारी थे। ज्ञात होगी बड़कागांव के बादम मथुरा आजाद नगर, गोंदलपुरा में कॉल कंपनियों के विरुद्ध डेढ़ वर्षो से आंदोलन जारी है। कोल कंपनियों इस गांव में घुसने के लिए ग्रामीणों द्वारा मनाही की गयी है। पिछले सप्ताह भी बिजीआर कंपनी के अधिकारियों को बंधक बनाया गया था। इधर ग्रामीणों ने बताया कि ड्रोन कैमरा से मोतरा में निरीक्षण करने के गये स्टेट हाईवे के अधिकारी ग्राम समिति के बिना अनुमति से गांव में प्रवेश कर गये थे। ये अधिकारी आने से पहले भी सूचना नहीं दिये थे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहले से डुगडुगी बजाकर यह सार्वजनिक रूप से घोषणा कर दी गयी है कि कोई भी बाहरी व्यक्ति ग्राम समिति की अनुमति के बिना सर्वेक्षण या अन्य कार्य नहीं करेगा। ऐसा करने पर उसे पारंपरिक पंचायत के अनुसार दंडित किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अधिकारियों के दस्तावेज भी ग्रामीणों ने अपने पास रख लिए और उन्हें वहीं बैठा लिया था।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना अंतर्गत करमा में बीती देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान सीता देवी (उम्र 70 वर्ष ग्राम करमा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सड़क पार करने के दौरान वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद सदर अस्पताल लाने के दौरान इसकी मौत हो गयी। अस्पताल में डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# विष्णुगढ़ के युवक की नावाडीह में गोली मारकर की गयी हत्या

**घटनास्थल पर पहुंचे विधायक जयराम महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** बोकारो जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ऊपरघाट स्थित बारीडीह के जंगल में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना बुधवार रात लगभग बारह बजे की बतायी जा रही है। मृत व्यक्ति की पहचान विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत सिरय के रहने वाले तुलसी पंडित के 42 वर्षीय पुत्र हेमलाल पंडित के रूप में की गयी है। मामले की जानकारी मिलने पर डुमरी विधायक जयराम महतो घटनास्थल पर पहुंचे। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सिरय निवासी तुलसी पंडित और उनका पुत्र हेमलाल पंडित सोखागिरी और झाड़-फूंक का काम करते थे। ये दोनों बुधवार की रात नावाडीह में किसी व्यक्ति के घर से सोखागिरी और झाड़-फूंक का काम करके अपनी कार जेएच 01 एफएन-6635 से घर लौट रहे थे। लेकिन बारीडीह जंगल में एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने इनकी कार को ओवरटेक कर रोका। फिर उन दोनों से वंशी जाने का रास्ता पूछा। रास्ता बताने के लिए जैसे ही उन्होंने कार का शीशा नीचे किया, वैसे ही एक युवक ने हेमलाल पंडित की कनपटी में सटाकर गोली मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।

**मौके पर पहुंचे डुमरी विधायक**

**जयराम महतो:** इधर घटना की जानकारी मिलने पर डुमरी विधायक जयराम महतो ने रात में ही घटनास्थल पहुंचकर मामले का जायजा लिया। इसके बाद बोकारो एसपी और बेरमो एसडीपीओ को सूचना देने के लिए फोन किया गया। लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। फिर स्थानीय थाना को सूचना दी गयी। जानकारी मिलने के करीब डेढ़ घंटे बाद स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को लेकर थाना गयी।

## 35 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** इन दिनों हर चौक चौराहों पर नशा कारोबारी अपना अड्डा बनाये है। पुलिस के लाख छापेमारी और धर पकड़ के बाद भी नशा कारोबारी युवकों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसा ही मामला इचाक थाना क्षेत्र के करियातपुर में देखने को मिला है। यहां भी नशा का कारोबार करने वाले युवाओं को अपने जाल में फंसा रहे थे। जहां पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से दो नशा कारोबारी को ब्राउन शुगर के घर दबोचा है। दोनों की पहचान रोहित कुमार उम्र 22 वर्ष पिता दिनेश प्रसाद ग्राम मोकतमा और राजेंद्र कुमार उम्र 23 वर्ष पिता दामोदर कुमार मेहता ग्राम करियातपुर दोनों थाना इचाक जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। दोनों के पास से ब्राउन शुगर का पुड़िया बरामद हुआ है। इस संबंध में इचाक थाना



कांड संख्या- 72/25 दिनांक 15/5/25 धारा 17/21 (b)/22(b)/25/27/29 एनडीपी एक्ट के तहत कांड दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों नशा कारोबार करते हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए धर दबोचा गया है। इन दोनों के पास से दो वेट मशीन और 35 ग्राम स्टोन ब्राउन शुगर जो पुड़िया और पालीथिन में उसे भी बरामद किया गया है। साथ ही थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने लोगों से नशा कारोबार से दूर रहने की अपील की है। कहा कि नशा कारोबारी बक्शे नहीं जायेंगे। साथ ही ग्रामीणों से भी अपील किया कि अगर आपके आसपास कोई नशा का कारोबार करता दिखे तो पुलिस को सूचित करें।

## गाड़ीलौंग में कलश यात्रा आज

**टंडवा (आजाद सिपाही)। गाड़ीलौंग पंचायत में श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ और भव्य मेले का आयोजन शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुरुआत होगी। नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण गाड़ीलौंग से शुक्रवार को सुबह 5 बजे से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं कलश लेकर चुंदरू नदी पहुंचेंगे। जहां पर यज्ञ के पुरोहित के द्वारा मंत्रउच्चार कर सभी श्रद्धालु कलश में जल उठाया जायेगा। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु से कलश लेकर गाड़ी लौंग अंबेडकर चौक होते हुए टंडवा बाजार टांड़ के रास्ते वापस गाड़ीलौंग के सभी गली मोहल्ले में भ्रमण किया जायेगा। इधर सभी श्रद्धालुओं को पहुंचने पर महायज्ञ समिति के द्वारा महा प्रसाद में पूरी सब्जी और बुंदिया का व्यवस्था किया गया है। इधर महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष दीपू कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सचिव मनीष चौरसिया, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार चौरसिया, उप सचिव राहुल चौरसिया मीडिया प्रभारी, कुलदीप कुमार दास, पूजा प्रभारी जुगल साव, समेत समिति के सभी पदाधिकारी गण और सदस्यों ने महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर काफी प्रयासरत हैं।**

## एनटीपीसी का कोयला बेचने वाला ड्राइवर और उसके दो सहयोगी गये जेल




बड़कागांव(आजाद सिपाही)। एनटीपीसी का कोयला बेचने वाला ड्राइवर और उसके दो सहयोगियों को आज बड़कागांव के सहायक थाना डाड़ी कलां पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दी। एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना में कोयला ढुलाई उक्त ड्राइवर करता था। इस मामले को लेकर डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि एनटीपीसी के अधिकारी के द्वारा डाड़ीकला थाना में आवेदन देकर हाईवा वाहन के ड्राइवर के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करायी गयी थी। आवेदन में कहा गया था कि एनटीपीसी पंकरी बरवाडीह कोल माइंस से कोयला लोड कर ड्राइवर के द्वारा बानादाग रेलवे साइडिंग में कोयला नहीं गिराकर कहीं और बेच दिया था। इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने कांड संख्या 112/25 मामला दर्ज कर छापामारी कर कांड के प्राथमिक अभियुक्त ग्राम कुसुम्भा निवासी हीरालाल कुमार को 13 माइल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के बयान पर दो अन्य प्राथमिक अभियुक्त रवि यादव ग्राम सिरका और मो. सरफराज आलम ग्राम पसई दोनों को फतहा चौक से गिरफ्तार कर बीएनएस के तहत न्यायालय में प्रस्तुत कर जेपी केंद्रीय कारा हजारीबाग भेजा गया। आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पिंटू कुमार के अलावा सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## हाथियों का झुंड लगातार मचा रहा है उत्पात




**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेरहवा जंगल से सटे गांवो मे हाथियों के झुंड द्वारा लगातार मचाये जा रहे उत्पात से ग्रामीणों मे दहशत व्याप्त है। हाथियों का झुंड प्रतिदिन किसी न किसी गांवो में जाकर जमकर उत्पात मचाते हुए जहां फसलों को भी बर्बाद कर रहा है और और भी कई नुकसान पंहुचा रहा है। बुधवार की रात हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल से सटे पपलो गांव पंहुचा और वहां उत्क्रमित मध्य विद्यालय पपलो मे उत्पात मचाते हुए विद्यालय के तीन गेट व एक खिड़की को तोड़ दिया। साथ ही उक्त कमरे मे बच्चो के मध्यान भोजन के लिए रखे गये लगभग डेढ़ क्विंटल चावल को भी चट कर गये। ग्रामीणों ने लूप व पटाखे जलाकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा। मामले को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति ने वन प्रमंडल पदाधिकारी लिखित आवेदन भी दिया है। मालूम हो कि हाथियों का झुंड इन दिनों लगातार गांवो मे घुसकर उत्पात मचा रहा है इससे पहले नादकरी गांव में जाकर फसलों को नुकसान पंहुचाया है। कुछ दिन पूर्व महुआ टांड में भी मजदूरों की झोपडीयो को तोड़ने के साथ साथ कई बॉउंड्री वाल को भी तोड़ दिया। दो दिन पूर्व प्रसिद्ध कर्मा धाम जहाँ हजारों श्रद्धांलू प्रतिदिन पंहुचते हैं। वहां भी पंहुच कर हाथियों ने तोड़कर फोड़ किया है जिससे वहां पंहुचने वाले श्रद्धालु भयभीत है। लगातार हाथियों के इस आतंक से किसान चिंतित है, ग्रामीणों मे भी काफी भय का माहौल है।

# शिवम का शव 40 घंटे बाद चमेली झरना से निकाला गया

**एनडीआरएफ के गोताखोरों ने 45 मिनट के कड़ी मशक्कत के बाद शव को निकाला**

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के शिवपुरी मुहल्ले के रहने वाले शिवम कुमार की मौत पदमा और इचाक थाना क्षेत्र के सिमाना पर स्थित बंद पड़े खदान चमेली झरना में डूबने से हो गयी। वह अपने दोस्तों के संग मंगलवार को चमेली झरना पहुंचा था। 40 घंटे के बाद शव को चमेली झरना की गहरायी से निकाला गया। एनडीआरएफ की टीम ने 45 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद सफलता पायी और झरने के 40 फिट की गहरायी से शव को निकाला। परिजनों के अनुसार, शिवम मंगलवार की शाम अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था, लेकिन रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न



मिलने पर पुलिस को सूचना दी गयी। बुधवार की सुबह से शिवम की खोजबीन करते पुलिस चमेली झरना पहुंची। जब उसके दोस्तों से पूछ ताछ कि गयी तब पता चला कि शिवम चमेली झरना आया था। बुधवार को दिन भर खोजबीन जारी रही, मगर शिवम का शव बरामद नहीं हो सका। चमेली झरना की गहराई को देखते हुए जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाने का फैसला लिया। गुरुवार सुबह एनडीआरएफ के गोताखोर चमेली झरना के गहरे पानी में उतरे। 45 मिनट खोजबीन की, कड़ी मशक्कत के बाद शिवम का शव बरामद कर लिया गया। अब पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा कि शिवम की मौत डूबने से हुई या इसके साथ किसी प्रकार की ज्यादती की गयी है। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान पदमा ओपी थाना की पुलिस और हजारीबाग सदर विधायक के प्रतिनिधि के रूप में चंदन सिंह घटनास्थल पर मौजूद रहे। एनडीआरएफ टीम के लीडर ने बताया कि जमा पानी होने और अधिक गहराई होने के कारण पानी बहुत ठंडा है। इसलिए बॉडी को डीकंपोज होने और ऊपर आने में समय लगता है। साथ ही पूरे झरने ( माइंस) में नुकीला पत्थर है इस कारण भी बॉडी फंस जाता है जिस कारण भी शव निकलने में लेट लगता है। गौरतलब है कि चमेली झरना को पत्थर उत्खनन के बाद ऐसे ही छोड़े जाने के बाद उसमें पानी भर गया और यह एक कृत्रिम झरने का रूप ले चुका है। सुरक्षा उपायों के अभाव और अवैध गतिविधियों के चलते यहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, जिनमें अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है।

**अपील:** चमेली झरना कोई झरना नहीं बल्कि पत्थर उत्खनन कर छोड़ा गया माइंस है, यहां अधिक गहराई के कारण पानी का जमाव हुआ है जिसे लोगों ने चमेली झरना का नाम दे दिया है। यहां अब तक दर्जनों लोगों की मौत डूबने से हो गयी है। हर साल गर्मी के दिनों में ऐसी घटनाएं देखने को मिलती है। स्कूली छात्र यहां घुमने और नहाने पहुंचते है और अपनी जान गवाते हैं। आजाद सिपाही आप सभी लोगों से अपील करती है कि चमेली झरना या आसपास के जलाशयों में घूमने या नहाने जा जाये।

## विष्णुगढ़ में ग्राम सभा का आयोजन




विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कोनारडैम के समीप मौजा तिलैया के विस्थापित आदिवासी रेयतो द्वारा प्रधान (मांझी हडाम) भीखलाल हेंब्रम की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। संचालन दीनानाथ बेसरा ने किया। बैठक में विस्थापितों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि डीवीसी कोनारडैम द्वारा शोषण आदिवासी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा, आदिवासी समाज अपने अधिकार के लिए अंतिम सांस तक लड़ेगा, हम आदिवासियों को बेघर कर सोलर परियोजना नहीं लगने दिया जायेगा, विस्थापितों को विस्थापन के बदले पुनर्वास दिया जाये अन्यथा डीवीसी का कोई नई परियोजना कोनार डैम में नहीं लगने देंगे, हमारे पूर्वजों ने डीवीसी को जमीन डैम निर्माण के लिए दिया था उसके विरुद्ध अन्य परियोजना सोलर प्लांट लगाने का अनुमति हम आदिवासी समाज नहीं देंगे, डीवीसी हम सभी बेघर आदिवासी मूल रेयतों को पहले पुनर्वास दे फिर कोई परियोजना लगाए, डीवीसी प्रबंधन हम सभी विस्थापित आदिवासी मूलवासी रेयत को उग्र होने के लिए मजबूर ना करें, हम सभी अपने पूर्वजों के सपने को बिखरने नहीं देंगे, डीवीसी वर्तमान विस्थापन नीति के तहत हम विस्थापितों को लाभ देना सुनिश्चित करें तभी नई परियोजना का कार्य शुरू करें। इस अवसर पर माही पटेल, शिवनाथ हेंब्रम, मनोज बेसरा, साहबराम हेंब्रम, बसंती सोरेन, सुनीता देवी, देवंती हेंब्रम, पूजा देवी, देवंती मरांडी, संमली मुर्मू, मंजू देवी, बहामुनि किस्कू, रेशमी देवी, अनीता मरांडी, मुनिका टुडु, बड़की देवी, लालो देवी, मुनि मुर्मू, सुनीता देवी, देवंती देवी, मनवा देवी, मालती हेंब्रम, मालती हेंब्रम, आशिता हंसदा, तिलमुनी कुमारी समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

## संविधान बचाओ अभियान यात्रा निकाली गयी




सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस कमेटी सतगावां की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बैठक की गयी। बैठक के पूर्व संविधान बचाओ अभियान यात्रा निकाली गयी। वह यात्रा प्रखंड मुख्यालय परिसर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर सभी कांग्रेस जनों ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माला अर्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया। प्रदेश सचिव सह सतगावां कांग्रेस प्रभारी मनोज सहाय उर्फ पिंकू ने भारतीय जनता पार्टी की तिरंगा यात्रा देशभक्त नहीं, राजनीतिक नौटंकी करार दिया। सहाय ने कहा कि देशभक्ति का लबादा ओढ़ कर भाजपा एक बार फिर अपनी पुरानी सांप्रदायिक चालों पर उतर आयी है। कांग्रेस नेता प्रकाश रजक ने कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का बयान न केवल शर्मनाक है, बल्कि सेवा की बहादुर बेटी करनाल सोफिया कुरैशी के सम्मान पर खुला हमला है। प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह ने कहा कि सतगावां प्रखंड में कांग्रेस पार्टी को गांव-गांव में संगठन बनाकर मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा। बैठक को जिला महासचिव आशीष पांडे, नगर अध्यक्ष झुमरी तिलैया प्रभात राम, तारिणी सिंह, सुरेंद्र रविदास, सलाउद्दीन, अशोक कुमार, सुनील राम, मोहम्मद शाकिर खान, सोनम कुमारी, संजय कुमार, अजय कुमार, मोहन चौधरी, लालदेव प्रसाद यादव, टॉपिक अली ने भी संबोधित किया। बैठक में अर्जुन सिंह, भूषण पासवान, मोहम्मद सेराज उद्दीन, इनाम अहमद, बच्चू प्रसाद यादव महेंद्र अग्रवाल अश्विन प्रवीण पुटुसवा देवी बबीता देवी, सुनैना देवी, लाली देवी, गायत्री देवी, ममता देवी, बबिता देवी, रेखा देवी, आरती देवी, प्रमिला देवी, सुभांति देवी आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन तारिणी सिंह ने किया।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से ग्रामीण परेशान



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में गर्मी ने प्रचंड रूप ले लिया है ग्रामीण इलाकों में कई गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोग अंधेरे में रहने के लिए विवश है। डहरभंगा में कई दिनों से बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों में आक्रोश है 20 दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है बिजली के कारण गर्मी में ग्रामीण परेशान है बीस दिन बीत चुका लेकिन समस्या का हल नहीं निकल पाया बिजली ऑफिस का चक्कर लगा लगा कर लोग है परेशान। इधर डूमर पंचायत अंतर्गत बेडम गांव में बढ़ती गर्मी के तापमान और ओवर लाउड के कारण ट्रांसफार्मर में लग गयी आग, छात्र-छात्राएं से लेकर ग्रामीण बिजली नहीं रहने के कारण हो रहे है परेशान।

## उर्दू मध्य विद्यालय सिरमा में बाल संसद का गठन



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के उर्दू मध्य विद्यालय सिरमा में बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं ने चुनावी प्रक्रिया में शामिल हुए। वर्ग अष्टम की छात्रा रानी परवीन को मतदान प्रक्रिया द्वारा प्रधानमंत्री निर्वाचित किया गया। दरखशा परवीन को उप प्रधानमंत्री, हबीबा नाज को स्वास्थ्य मंत्री, आफरीन परवीन को खेल मंत्री, असद रजा को सुरक्षा और न्याय मंत्री, सना नाज को पोषण मंत्री, खुशी परवीन को शिक्षा मंत्री, इंशा अनम को संचार मंत्री, रफीना खातून को पर्यावरण मंत्री, सफीना खातून को उपस्थिति मंत्री, आलशिफा परवीन को छात्रवृत्ति मंत्री और महफूज आलम को विकास मंत्री निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद असरार आलम ने छात्रों को विद्यालय में बाल संसद के महत्व और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक नौशाद आलम ने किया। अंत में सभी निर्वाचित सासदों और मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक आजाद आलम, मोहम्मद जहांगीर, मोहम्मद आरिफ, आमिर सोहेल अंसारी और विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन ने अहम योगदान दिया।

## बच्चों के बीच बैग का वितरण



केरेडारी (आजाद सिपाही)। अपनी सामुदायिक विकास (सीडी) पहल के तहत एनटीपीसी के केडीसीएमपी ने परियोजना के आसपास के 32 स्कूलों और आंगनवाड़ियों में युवा छात्रों को 3,000 स्कूल बैग वितरित किए। इस विचारशील पहल का उद्देश्य छोटे बच्चों को अपने आंगनवाड़ी केंद्रों और स्कूलों में नियमित रूप से जाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे कम उम्र से ही सीखने के प्रति लगाव पैदा हो। इन आवश्यक स्कूल बैगों को प्रदान करके एनटीपीसी केडीसीएमपी शैक्षिक अंतराल को पाट रहा है और अगली पीढ़ी के नेताओं को सशक्त बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 मई, 2025
www.azadsipahi.in
05

## भुचुगडीह में कोयले में लगी आग से विधायक ने सीएम को कराया अवगत

# सीसीएल को मामले में कार्रवाई करने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रजरप्पा प्रोजेक्ट अंतर्गत सीसीएल एरिया क्षेत्र के भुचुगड़ीह में कोयले में लगी भीषण आग के कारण वन विभाग द्वारा लगाये गये सैकड़ों पौधे और वन्य प्राणी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। साथ हीं आम लोगों में भय का माहौल जैसे गंभीर स्थिति को देखते हुए क्षेत्र की विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट कर पूरे प्रकरण की जानकारी दी। विधायक ममता देवी ने बताया कि हजारों टन कोयला जलकर राख हो चुका है, जिससे राज्य सरकार को भारी राजस्व की हानि हुई है। साथ ही आग की लपटें अब भी जमीन के अंदर सुलग रही हैं, जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। मामले को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए सीसीएल के वरीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। साथ ही विधायक ममता देवी ने यह भी अवगत कराया कि गोला रेलवे साइडिंग में वर्षों से अवैध रुप से भंडारित कोयले में भी आग लग गयी है, जिससे वहां के ग्रामीण प्रदूषण से त्रस्त हैं और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। इस भंडारित कोयला के जांच की भी मांग विधायक ने कि है। मुख्यमंत्री ने इस शिकायत पर भी तत्काल



प्रभावी कदम उठाने का आश्वासन दिया है, ताकि आम जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य से कोई समझौता न हो।

भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 01/YP-II/2025-26 दिनांक / Date: 15.05.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for Walk-In-Interview

प्रधान अन्वेषक, **ईएपी-215** योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) **यंग प्रोफेशनल-II** के चयन हेतु भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में वॉक-इन इंटरव्यु हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-nrri.in/walk-in-intervew पर जाएं।

PI of the project **EAP-215**, invites all the eligible candidates for Walk-in Interview for the post of one (01) **Young Professional-II** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-nrri.in/walk-in-intervew.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## टंडवा में हर रोज 40 टैंकर पानी की आपूर्ति करेगा एनटीपीसी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** विस्थापित छह गांवों में पानी की आपूर्ति की मांग को लेकर भीषण गर्मी को देखते हुए एनटीपीसी शुक्रवार या शनिवार से टंडवा समेत छह गांवों में हर रोज 10 टैंकर पीने की पानी आपूर्ति करेगा। प्लांट एक अधिकारी ने बताया कि एक टैंकर हर रोज चार टैंकर पानी सप्लाई करेगा। इसमें टंडवा को तीन टैंकर हर रोज बारह टैंकर पानी सप्लाई करेगा। इधर आजसू के केन्द्रीय सदस्य नंदा थापा की मांग को एनटीपीसी ने गंभीरता से लेकर पानी की सप्लाई शीघ्र करने का भरोसा दिया।

## राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे ये 14 सवाल

1. अनुच्छेद 200 से जुड़ा है। यह अनुच्छेद राज्यपाल को बिल पर निर्णय लेने की शक्ति देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूछती हैं कि जब कोई बिल राज्यपाल के पास आता है, तो उनके पास क्या संवैधानिक विकल्प होते हैं?

**2.** क्या राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य हैं। जब वे अनुच्छेद 200 के तहत अपने विकल्पों का इस्तेमाल करते हैं, तो क्या उन्हें हमेशा मंत्रिपरिषद की बात माननी चाहिए?

**3.** राज्यपाल के विवेकाधिकार से जुड़ा है। राष्ट्रपति जानना चाहते हैं कि क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल जो फैसले लेते हैं, उनकी न्यायिक समीक्षा हो सकती है या नहीं? क्या अदालतें उन फैसलों पर सवाल उठा सकती हैं?

**4.** अनुच्छेद 361 से संबंधित है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति और राज्यपाल को कुछ मामलों में कानूनी कार्रवाई से सुरक्षा देता है। राष्ट्रपति पूछती हैं कि क्या अनुच्छेद 361, अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के कार्यों की न्यायिक समीक्षा पर पूरी तरह से रोक लगाता है?

**5.** समय सीमा से जुड़ा है। संविधान में राज्यपाल द्वारा शक्तियों के प्रयोग को लेकर कोई समय सीमा नहीं दी गई है। राष्ट्रपति पूछती हैं कि क्या अदालतें न्यायिक आदेशों के माध्यम से समय सीमा तय कर सकती हैं? क्या वे यह भी बता सकती हैं कि राज्यपाल को अनुच्छेद 200 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग कैसे करना चाहिए?

**6.** राष्ट्रपति के विवेकाधिकार से जुड़ा है। अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के विवेकाधिकार की न्यायिक समीक्षा हो सकती है या नहीं।

**7.** संविधान में राष्ट्रपति द्वारा शक्तियों के प्रयोग के लिए कोई समय सीमा नहीं दी गयी है। राष्ट्रपति पूछती हैं कि क्या अदालतें न्यायिक आदेशों के माध्यम से समय सीमा तय कर सकती हैं? क्या वे यह भी बता सकती हैं कि राष्ट्रपति को अनुच्छेद 201 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग कैसे करना चाहिए?

**8.** अनुच्छेद 143 से संबंधित है। यह अनुच्छेद राष्ट्रपति को सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेने की शक्ति देता है। राष्ट्रपति पूछती हैं कि क्या प्रेसीडेंट को सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेनी चाहिए जब राज्यपाल किसी बिल को राष्ट्रपति की सहमति के लिए आरक्षित करते हैं?

**9.** न्यायिक समीक्षा से जुड़ा है। राष्ट्रपति पूछते हैं कि क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति के फैसले, कानून बनने से पहले ही न्यायिक समीक्षा के अधीन हो सकते हैं? क्या अदालतें बिल के कानून बनने से पहले ही उस पर विचार कर सकती हैं?

**10.** अनुच्छेद 142 से संबंधित है। यह अनुच्छेद सुप्रीम कोर्ट को व्यापक शक्तियां देता है। राष्ट्रपति पूछते हैं कि क्या अनुच्छेद 142 के तहत राष्ट्रपति या राज्यपाल के संवैधानिक कार्यों और आदेशों को बदला जा सकता है?

**11.** राज्यपाल की सहमति से जुड़ा है। राष्ट्रपति पूछते हैं कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाया गया कानून, राज्यपाल की सहमति के बिना लागू हो सकता है?

**12.** अनुच्छेद 145(3) से संबंधित है। यह अनुच्छेद कहता है कि संविधान की व्याख्या से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई कम से कम पांच जजों की बेंच द्वारा की जानी चाहिए। राष्ट्रपति पूछते हैं कि क्या सुप्रीम कोर्ट की किसी भी बेंच के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि मामला संविधान की व्याख्या से जुड़ा है या नहीं? और क्या इसे कम से कम पांच जजों की बेंच को भेजा जाना चाहिए?

**13.** अनुच्छेद 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट की शक्तियों से जुड़ा है। राष्ट्रपति पूछते हैं कि क्या सुप्रीम कोर्ट की शक्तियां केवल प्रक्रियात्मक कानून के मामलों तक सीमित हैं? या क्या अनुच्छेद 142 रउ को ऐसे निर्देश जारी करने या आदेश पारित करने की अनुमति देता है जो संविधान या कानून के मौजूदा प्रावधानों के विपरीत हों?

**14.** सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र से जुड़ा है। राष्ट्रपति पूछते हैं कि क्या संविधान सर्वोच्च अदालत को केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को सुलझाने से रोकता है, सिवाय अनुच्छेद 131 के तहत मुकदमे के?

### पेज 01 का शेष

## ट्रंप सीरीयसली! पांच दिन बाद ...

इसके बाद 11 मई को ट्रंप ने कहा था, मुझे भारत और पाकिस्तान की मजबूत लीडरशिप पर बहुत गर्व है, जिन्होंने ताकत, समझदारी और हिम्मत दिखाकर यह फैसला लिया कि अब मौजूदा तनाव को रोकने का समय है। यह तनाव लाखों लोगों की मौत और तबाही का कारण बन सकता था।

**कतर में क्या कहा ट्रंप ने:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कतर में कहा कि मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था, भारत बहुत खुश था। मुझे लगता है कि वे सही रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा कि वे (भारत-पाकिस्तान) बीते 1000 साल से लड़ रहे हैं। मैंने कहा कि मैं समझौता करा सकता हूं। मैंने समझौता करा दिया। मैंने कहा कि मुझे इसे निपटाने दो। चलो, उन सभी को एक साथ लाते हैं। आप एक हजार सालों से लड़ रहे हैं और कितना लड़ते रहेंगे। मैं समझौते को लेकर विश्वस्त नहीं था। ये बहुत मुश्किल था। वे लंबे समय से लड़ रहे थे। यह वास्तव में नियंत्रण से बाहर होने जा रहा था।

## केंद्रीय मंत्री कीर्तवर्धन सिंह ने नीति आयोग की निर्धारित विकास कार्यों की समीक्षा की

# जनप्रतिनिधियों -अधिकारियों से सुझाव साझा करने के लिए किया आमंत्रित

**आजा सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन और विदेश राज्य मंत्री, कीर्तवर्धन सिंह के चतरा आगमन पर जिला प्रशासन द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप समेत अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ नीति आयोग की ओर से निर्धारित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उपस्थित थे। बैठक में मंत्री ने जिले के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि पिछड़े क्षेत्र के विकास के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित



इंडीकेटरों में पीछड़ने वाले जिले को चिन्हित करते हुए आकांक्षी जिला बनाया गया। केंद्र सरकार की योजना है कि वह अंतिम पायदान पर बैठे लोगों तक पहुंचे। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया।

उपायुक्त रमेश घोलप ने केंद्रीय मंत्री को क्रमवार स्वास्थ्य-पोषण, शिक्षा, कृषि- जल संसाधन, बुनियादी ढांचा व वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के क्षेत्र में किये गये कार्य, आकांक्षी जिला-आकांक्षी प्रखंड का कंपोजिट स्कोर और डेल्टा रेंक के संबंध में जानकारी दी। स्वास्थ्य व पोषण के क्षेत्र में जिले के लिए प्रमुख चुनौती और जिला प्रशासन की ओर से किये गये प्रयासों से भी अवगत कराया गया। उपायुक्त ने बताया कि गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में एएनसी टेबल, वजन मशीन उपलब्ध करायी गयी है, जहां सप्ताह के गुरुवार-शनिवार को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस में एएनएम, सेविका, सहिया, सहायिका द्वारा टीकाकरण, एएनसी जांच और टी एच आर पैकेट का वितरण किया जाता है। आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक, पारा मेडिकल, एएनएम-जीएनएम व माड्यूलर ओटी सदर अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट से उपलब्ध कराया गया है। जिले में पेयजलापूर्ति हेतु जल संचयन, जिले में चिकित्सकों की कमी समेत कई अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्ष, जेएसएलपीएस डीपीएम समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

केन्द्रीय मंत्री बैठक करने के पश्चात जिले के तपेज समीप कृषक पाठशाला पहुंचे। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में बंजर पड़ी कृषि प्रक्षेत्रों को समेकित कृषि प्रणाली मॉडल के रूप में विकसित करने की सराहनीय किया। उन्होंने टपक सिंचाई और मलचिंग के द्वारा की जा रही विभिन्न खेती यथा अमरूद की थाई वेराइटी, ड्रेगन फ्रूट्स की खेती, तरबूज की खेती के साथ साथ मधुमक्खी पालन का निरीक्षण किया। मौके पर महिला किसानों के बीच स्वाइल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जोड़ने और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करने की बात कही।

### आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम को लेकर कार्यों की हुई समीक्षा

केंद्रीय राज्य मंत्री मयूरहंड प्रखंड पहुंचे। जहां एसएलपीएस द्वारा तिलक लगाकर और आम की पतियों द्वारा निर्मित पारंपरिक माला और टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही मांदर के थाप पर झारखंडी नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभा कक्ष तक लाया गया।तत्पश्चात प्रखंड सभागार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।बैठक में जिले के उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक राम के अलावा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री सिंह ने प्रखंड में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, आधारभूत संरचना, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन से जुड़े कार्यक्रमों और योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। इस दौरान मंत्री ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर अपने सुझाव भी दिये। केंद्रीय मंत्री ने योजनाओं की समीक्षा की।

### पेज 01 का शेष

## शराब की खुदरा बिक्री अब...

एक व्यक्ति या ग्रुप को किसी जिले में अधिकतम चार-चार ग्रुप के दुकानों को आवंटित किया जायेगा। एक ग्रुप में एक से चार तक दुकान होगी, अर्थात एक जिले में किसी व्यक्ति को अधिकतम 12 दुकानें मिल सकेंगी। वहीं पूरे राज्य में उसे व्यक्ति या फर्म को अधिकतम 36 दुकानें मिलेंगी। वर्तमान में शराब का खुदरा और थोक बिक्री की जिम्मेदारी कॉरपोरेशन की थी।

**बुजुर्गों का होगा स्वास्थ्य बीमा:** राज्य में 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा की सुविधा दी जायेगी। ऐसे परिवारों की संख्या लगभग 84 हजार 518 है। यह सुविधा 'आयुष्मान वय वंदन योजना' के तहत दी जायेगी। यह योजना आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का हिस्सा होगी। राज्य सरकार ने निजी मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल कॉलेजों की मनमानी फीस पर रोक लगाने के लिए 'झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (फीस नियंत्रण) बिल, 2025' पास किया है। अब छात्रों को उचित फीस पर पढ़ाई का मौका मिलेगा।

**कारखाना में अब 125 घंटे ओवर टाइम:** कक्षा 9 से 12 तक के सरकारी स्कूलों में प्राचार्य, आचार्य और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती और सेवा शर्तों को लेकर नयी नियमावली मंजूर की गयी है। कारखाना संशोधन अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी गयी। अब कारखाना में काम करने वाले कर्मियों को तीन माह में 75 घंटे की जगह 125 घंटे का ओवर टाइम मिल सकेगा। एनसीसी कैडेटों के भोजन भत्ते में वृद्धि की गयी है। अब उन्हें 150

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- मधुपुर शहरी जलापूर्ति योजना के लिए कुल 76 करोड़ रुपये की राशि आवंटित करने की मंजूरी।
- विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत 10 करोड़ रुपये की राशि के आवंटन की मंजूरी।
- सेवानिवृत लिपिकों की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- सरकारी कार्यक्रम उड़ान के लिए मनोनयन के आधार पर विमान सेवा का अवधि विस्तार किया गया।
- गिरिडीह के बड़कीटांड-तीनपलली-डोकीडीह-गिरनिया मोड़ पथ निर्माण कार्य के लिए 55 करोड़ रुपये की मंजूरी।
- हजारीबाग के शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय, दुमका के फूलो-झानो चिकित्सा महाविद्यालय और पलामू के मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय के लिफ्ट के रखरखाव के प्रस्ताव को मंजूरी।
- कारखाना संशोधन विधेयक को स्वीकृति।
- पूरक पोषाहार के तहत वितरण एजेंसी के अवधि विस्तार की मंजूरी।
- नये जेल मनुअल को स्वीकृति मिली।

## एसपी के निर्देश पर रामगढ़ पुलिस ने की शराब माफिया पर कार्रवाई, शराब लदा स्कॉर्पियो जब्त

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शराब माफिया के हर हथकंडे को रामगढ़ पुलिस विफल कर रही है। एसपी अजय कुमार मामले में काफी सख़्त है। जिसके कारण लगातार शराब माफिया के मंशे पर पानी फिर रहा है। इसी कड़ी में



एसपी को गुप्त सूचना मिली कि शराब माफिया अब शराब की तस्करी लग्जरी गाड़ी से किया जा रहा है। जिसके बाद उन्होंने रामगढ़ पुलिस को मामले कार्यवाही करने का निर्देश दिया। रामगढ़ पुलिस ने नकली शराब लदा स्कॉर्पियो को जब्त किया है। साथ ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार बुधवार की रात एसपी अजय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो पर शराब माफिया करीब पांच सौ बोतल नकली शराब लेकर बिहार जा रहे है। जिसके एसपी ने तत्काल वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उक्त वाहन को पकड़ने का निर्देश दिया। इसी दौरान जाँच के दौरान उक्त स्कॉर्पियो पर पुलिस की नजर पड़ी। जिसके बाद पुलिस ने स्कॉर्पियो को रुकने का इशारा किया। जिसपर स्कॉर्पियो चालक वाहन को लेकर भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस पिछाकर उक्त गाड़ी को पकड़ लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में जुटी है।

## एंबीशन एकेडमी के विद्यार्थियों को कंप्यूटर डिप्लोमा प्रमाण पत्र वितरित

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीएन कॉलेज गेट स्थित एंबीशन एकेडमी में विद्यार्थियों के बीच कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। वितरित समारोह में मुख्य रूप से एकेडमी निदेशक अरविंद कुमार, शिक्षक जीतलाल शर्मा शामिल रहे। एकेडमी के निदेशक अरविंद कुमार ने बताया कि प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम 40 बच्चों के बीच किया जा रहा है। जिसने एक साल में कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स के तहत डीसीए, टैली, टाइपिंग की शिक्षा पूरी की है। निदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि सभी बच्चे आज के दौर में कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर मेहनत की बदौलत सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्य कर अपनी आर्थिक मजबूती बढ़ाने में मदद मिलेगा। साथ ही, आधुनिक युग में कंप्यूटर शिक्षा को बेहतर बताते हुए बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक विकास सिंह, रीना कुमारी, साक्षी जायसवाल समेत प्रमाण पत्र पाने वालो में इंदु, प्रिंस, ओम, मुस्कान, कृष्णा, पूनम, अर्चना, कुणाल कुमार शामिल रहे।

## सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** इनर व्हील क्लब का रामगढ़ के द्वारा श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 से 12 की छात्राओं के लिए सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। डॉ प्रज्ञा ने सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए वैक्सीनेशन पर प्रकाश डाला। सर्वाइकल कैंसर जिसे गर्भाशय ग्रीवा कैंसर भी कहा जाता है। गर्भाशय के निचले हिस्से में होने वाला कैंसर है। यह ज्यादातर ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) के संक्रमण के कारण होता है,



जो यौन संपर्क के द्वारा फैलता है। सर्वाइकल कैंसर का पता समय पर लगाने और इलाज कराने से इसे ठीक किया जा सकता है।

**कैसे बच्चे सर्वाइकल कैंसर से :** डॉ ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए एचपीवी टीकाकरण। एचपीवी के विरुद्ध टीकाकरण करवाकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव किया जा सकता है। गर्भाशय ग्रीवा की नियमित जांच करवाना, जैसे कि पैप टेस्ट या एचपीवी टेस्ट, कैंसर का पता लगाने में मदद करता है। मौके पर पिंकी पोद्दार, नवालजीत कौर, नीरू साहनी, श्वेता जैन, जसप्रीत कौर, हरमीत कौर, रंजू अरोरा, नीति अरोरा आदि लोग उपस्थित थे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 58 date 25.04.2025, I Birsa Pahan S/o. Bandhan Pahan Munda R/o.- Gutjara, Khunti, Po.- Gutjora, P.s. Khunti Dist. Khunti -835210, Jharkhand do hereby solemnly affirm & Declare as follows :-
1.That My actual and correct name is Birsa Pahan according to my Voter ID Card no. MPF0483552. 2. That in my Adhar Card No. 9172 2199 6205 where my name is recorded Bandhan Munda Pahan.
3. That Birsha Pahan and Bandhan Munda Pahan both name is one and same person i.e. myself.
4. That This Affidavit is Sworn for correction of my name from Bandhan Munda Pahan to Birsa Pahan in my aforesaid Aadhar Card according to my Voter ID Card.
5. That the statement made here in above are true a correct.

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 853 date 21.03.2025, I, SULEMAN MINZ S/o Amrit Minz, resident of Millat Colony, Post- Kanke, P.S.-Kanke, District-Ranchi, Jharkhand, do hereby affirm and declare the statement below are true and correct.
1. That I am an Indian citizen and residing at above address.
2. That I am also known as my nickname Jhon Minz.
3. That in my Aadhar Card my name is mentioned Jhon Minz.
4. That my actual name is Suleman Minz, which is mentioned I my PAN No. DLCPM7034Q.
5. That after this affidavit I will be known only as Suleman Minz forever.
6. That my actual name shall be published in newspaper or Gazette.
7. That this affidavit is made to rectify my name in My Aadhar Card Nó. 5788 3672 3248.
8. That all the statements made written above is true and correct. Anything wrong I shall be liable for the same.
Sworn and signed this affidavit on this 21-03-2025 at Ranchi.

# भरोसा बढ़ेगा

सुप्रीम कोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस बीआर गवई और निवर्तमान सीजेआइ संजीव खन्ना ने यह कहकर न्यायपालिका की गरिमा और विश्वसनीयता बढ़ाई है कि वे रिटायरमेंट के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करेंगे। दोनों ने पूरे सिस्टम के लिए नजीर पेश की है।

**पारदर्शिता के प्रयास :** जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल बहुत छोटा रहा, लेकिन इसी दरम्यान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में आम लोगों का भरोसा बढ़ाने वाले कई कदम उठाये। जस्टिस यशवंत वर्मा कैश कांड उनके लिए एक परीक्षा की तरह था। लोगों के मन में तमाम सवाल उठ रहे थे। सीजेआइ संजीव खन्ना ने न केवल उस मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाया, बल्कि उन्हीं की पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर स्ट्रॉन्ग पॉजिटिव मेसेज दिया।

**संदेह दूर किया :** इसी तरह, जस्टिस संजीव खन्ना के ही दौर में कलीजियम सिस्टम पर उठ रहे संदेहों को दूर करने का प्रयास भी किया गया था। इस सिस्टम पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे। ऐसे में जस्टिस खन्ना ने पिछले करीब तीन साल में कलीजियम में जितने भी प्रस्ताव आये थे, उन सभी को सार्वजनिक कर दिया। कौन रिकमेंड हुआ, किस आधार पर हुआ और किनको नियुक्ति मिली- इन सवालों के जवाब मिले तो संदेह के बादल भी छंट गये। करीब तीन साल में 221 नाम भेजे गये थे, जिसमें से केवल 14 किसी जज या पूर्व न्यायाधीश के रिश्तेदार थे।

**नये सीजेआइ गवई ने पद संभालने से पहले एक और महत्वपूर्ण बात कही थी। न्यायपालिका और विधायिका में कौन बड़ा - के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में संविधान की सर्वोच्चता है।**

**संविधान सर्वोच्च :** नये सीजेआइ गवई ने पद संभालने से पहले एक और महत्वपूर्ण बात कही थी। न्यायपालिका और विधायिका में कौन बड़ा - के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि देश में संविधान की सर्वोच्चता है। पिछले दिनों चली बहस के संदर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है।

**लंबित मुकदमों का भार :** हालांकि नये सीजेआइ के सामने कई चुनौतियां हैं। न्यायपालिका पर लंबित मुकदमों का बोझ बढ़ता जा रहा है और इसका उन्होंने जिक्र भी किया। देश की अदालतों में पांच करोड़ से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। ये आंकड़े न्याय मिलने की रफ्तार को धीमा करते हैं। भरोसा और पारदर्शिता बढ़ाने के साथ न्याय मिलने की रफ्तार में भी तेजी लाने की कोशिश होनी चाहिए।

**बड़ा मकसद :** लोकतंत्र मजबूत तभी है, जब न्यायपालिका मजबूत हो, जब वह निष्पक्ष होकर बिना किसी डर या लालच के अपना कर्तव्य निभाये और निभाती हुई दिखे। जस्टिस गवई और जस्टिस खन्ना का स्टैंड इसी बड़े मकसद से प्रेरित है। इससे देश की सर्वोच्च अदालत की छवि और चमकदार बनेगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत पर हमला हुआ 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय नागरिक, जिनमें ज्यादातर हिंदू पर्यटक थे, का नरसंहार कर दिया गया। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी ली। जैसा कि दशकों से होता आया है, इस समूह को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आइएसआइ) का समर्थन प्राप्त है, लेकिन पिछले हमलों के विपरीत इस बार भारत ने इंतजार नहीं किया।**

# ऑपरेशन सिंदूर : आधुनिक युद्ध में एक निर्णायक जीत

**जॉन स्पेंसर**




भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह से समाप्त घोषित नहीं किया है। अभी जो मौजूद है, वह ऑपरेशन में एक संवेदनशील ठहराव है - कुछ लोग इसे युद्ध विराम कह सकते हैं, लेकिन सैन्य नेतृत्व ने जानबूझ कर इस शब्द से परहेज किया है। युद्ध लड़ने के दृष्टिकोण से, यह केवल एक विराम नहीं है; यह एक दुर्लभ और स्पष्ट सैन्य जीत के बाद एक रणनीतिक पकड़ है। केवल चार दिनों की सुविचारित सैन्य कार्रवाई के बाद, यह वस्तुनिष्ट रूप से निर्णायक है: भारत ने एक बड़ी जीत हासिल की। ऑपरेशन सिंदूर ने अपने रणनीतिक लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे निकलने में सफल रहा है- आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना, सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन करना, निवारक क्षमता बहाल करना और एक नये राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत का सामने आना। यह प्रतीकात्मक शक्ति नहीं थी। यह निर्णायक शक्ति थी, जिसे स्पष्ट रूप से प्रयोग में लाया गया था।

भारत पर हमला हुआ 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 भारतीय नागरिक, जिनमें ज्यादातर हिंदू पर्यटक थे, का नरसंहार कर दिया गया। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के एक सहयोगी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी ली। जैसा कि दशकों से होता आया है, इस समूह को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आइएसआइ) का समर्थन प्राप्त है, लेकिन पिछले हमलों के विपरीत, इस बार भारत ने इंतजार नहीं किया। उसने अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील नहीं की या राजनयिक विरोध पत्र जारी नहीं किया। इसने युद्धक विमान लॉंच किये।

**भारत ने छह पाकिस्तानी सैन्य हवाई अड्डों और यूएवी समन्वय केंद्रों पर अतिरिक्त हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की।**

7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जो एक त्वरिक और सटीक रूप से सुविचारति सैन्य अभियान था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के मुख्यालय और ऑपरेशन हब शामिल थे। संदेश स्पष्ट था पाकिस्तानी धरती से शुरू होने वाले आतंकवादी हमलों को अब युद्ध के कृत्यो के रूप में माना जायेगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नये सिद्धांत को स्पष्ट कर दिया :** भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में विकसित हो रहे आतंकवादी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक हमला करेगा। यह केवल एक जवाबी कार्रवाई से कही अधिक, एक रणनीतिक सिद्धांत का अनावरण था। जैसा कि नरेंद्र मोदी ने कहा, आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते।

**ऑपरेशन सिंदूर को जानबूझ कर निम्नलिखित चरणों में क्रियान्वित किया गया : 7 मई :** पाकिस्तानी क्षेत्र में गहराई नौ सटीक हमले किये। लक्ष्यों में बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद और अन्य स्थानों पर स्थित प्रमुख आतंकी प्रशिक्षण शिविर और लॉजिस्टिक्स नॉड शामिल थे।

**8 मई :** पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी राज्यों में बड़े पैमाने पर बहुत सारे ड्रोनों से जवाबी हमला किया। भारत के बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क- स्वदेशी रूप से निर्मित तथा इजरायली और रूसी प्रणालियों द्वारा संवर्धित ने उनमें से लगभग सभी को निष्प्रभावी कर दिया।

**9 मई :** भारत ने छह पाकिस्तानी सैन्य हवाई अड्डों और यूएवी समन्वय केंद्रों पर अतिरिक्त हमलों के साथ जवाबी कार्रवाई की।

**10 मई :** गोलीबारी पर अस्थायी रोक लग गयी। भारत ने इसे युद्धविराम नहीं कहा। भारतीय सेना ने इसे गोलीबारी का ठहराव कहा - एक अर्थपूर्ण लेकिन जानबूझ कर किया गया विकल्प, जिसने स्थिति पर अपने रणनीतिक नियंत्रण को मजबूत किया। यह केवल सामरिक सफलता नहीं थी। यह लाइव फायर के तहत सिद्धांत का निष्पादन था।

**प्राप्त रणनीतिक प्रभाव :** एक नयी लक्ष्मण रेखा खींची गयी-और लागू की गयी। पाकिस्तान की धरती से होने वाले आतंकी हमलों का अब सैन्य बल से जवाब दिया जाएगा। यह कोई धमकी नहीं है। यह एक मिसाल है।

**2. सैन्य श्रेष्ठता का प्रदर्शन**

भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर इच्छानुसार हमला करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया- आतंकवादी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र, यहां तक कि एयरबेस भी। इस बीच, पाकिस्तान भारत के अंदर एक भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसपैठ करने में असमर्थ रहा। यह समानता नहीं है। यह भारी श्रेष्ठता है। और इसी तरह वास्तविक निवारक क्षमता स्थापित होती है।

**बहाल की गयी निवारक क्षमता :** भारत ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की, लेकिन पूर्ण युद्ध से पहले ही रुक गया। नियंत्रित वृद्धि ने एक स्पष्ट निवारक संकेत भेजा: भारत जवाब देगा और वह गति को नियंत्रित करता है।

**प्रतिपादित रणनीतिक स्वायत्तता :** भारत ने इस संकट को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की मांग किये बगोर इस संकट को संभाला। इसने संप्रभु साधनों का उपयोग करते हुए संप्रभु शर्तों पर सिद्धांत लागू किया। ऑपरेशन सिंदूर का कब्जे या शासन परिवर्तन के बारे में नहीं था। यह विशिष्ट उद्देश्यों के लिए किया गया सीमित युद्ध था। जो आलोचक तर्क देते हैं कि भारत को और आगे जाना चाहिए था, वे मुद्दे को समझ नहीं पाये। रणनीतिक सफलता विनाश के पैमाने के बारे में नहीं है - यह वांछित राजनीतिक प्रभाव प्राप्त करने के बारे में है। भारत बदला लेने के लिए नहीं लड़ रहा था। वो प्रतिरोध के लिए लड़ रहा था। और यह काम कर गया। भारत का संयम कमजोरी नहीं है - यह परिपक्वता है। इसने लागत लगायी, सीमाओं को फिर से परिभाषित किया और वृद्धि प्रभुत्व बनाये रखा। भारत ने सिर्फ.हमले का जवाब नहीं दिया। इसने रणनीतिक समीकरण बदल दिया। एक ऐसे युग में जहां कई आधुनिक युद्ध खुलेआम कब्जे या राजनीतिक भ्रम में बदल जाते हैं, ऑपरेशन सिंदूर इससे अलग है। यह अनुशासित सैन्य रणनीति का प्रदर्शन था: स्पष्ट लक्ष्य, संरेखित तरीके और साधन, और अप्रत्याशित वृद्धि के सामने अनुकूल निष्पादन। भारत ने एक झटके को झेला, अपने उद्देश्य को परिभाषित किया, और उसे प्राप्त किया- यह सब एक सीमित समय सीमा के भीतर।

ऑपरेशन सिंदूर में बल का प्रयोग भारी, लेकिन नियंत्रित था - सटीक, निर्णायक और बिना किसी हिचकिचाहट के आधुनिक युद्ध में इस तरह की स्पष्टता दुर्लभ है। हमेशा के लिए युद्धों और रणनीतिक दिशा के बिना हिंसा के चक्रों से परिभाषित एक युग में सिंदूर अलग है। यह स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्यों, मेल खाते तरीकों और साधनों और एक ऐसे देश के साथ सीमित युद्ध का एक मॉडल प्रस्तुत करता है, जिसने कभी इनेशेटिव नहीं त्यागा। 2008 के भारत ने हमलों को झेला और इंतजार किया। यह भारत तुरंत, सटीक और स्पष्टता के साथ जवाबी हमला करता है।

मोदी का सिद्धांत, भारत का बढ़ता घरेलू रक्षा उद्योग और उसके सशस्त्र बलों का पेशेवराना तरीका सभी संकेत इस ओर इशारा करते है कि देश अब युद्ध की तैयारी नहीं कर रहा है। वो अगले युद्ध की तैयारी कर रहा है। ऑपरेशन में रुकावट ऑपरेशन सिंदूर का अंत नहीं है। यह एक विराम है। भारत इनिशिएटिव रखता है। यदि फिर से उकसाया गया, तो वह फिर से प्रहार करेगा। यह निवारण की बहाली है। यह एक नया सिद्धांत सामने आया है। और राज्य-प्रायोजित आतंकवाद के खतरे का सामना कर रहे सभी देशों को इसका अध्ययन करना चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक युद्ध था - जो, परमाणु एसक्लेशन के साय में, पूरी दुनिया की नजर इस पर थी, और एक सीमित उद्देश्य के फेमवर्क के तहत लड़ा गया था। और हर महत्वपूर्ण पैमाने पर यह एक रणनीतिक सफलता थी - और एक निर्णायक भारतीय जीत थी।

**(लेखक : अर्बन वारफेयर इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक हैं। वे अंडरस्टैंडिंग अर्बन वारफेयर के सह-लेखक हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ आजसू का हस्ताक्षर अभियान संपन्न

**ट्रैफिक पुलिस को अपने रवैये में सुधार लाना होगा अन्यथा आजसू पार्टी सुधारने का कार्य खुद करेगी : रामचन्द्र सहिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




जमशेदपुर। ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली और भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत मे एक माह से चल रहे हस्ताक्षर अभियान का समापन किया गया। गुरुवार को साकची गोलचक्कर में हस्ताक्षर अभियान के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस शामिल हुए। पूर्व मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा ट्रैफिक पुलिस को अपने रवैये में सुधार लाना होगा अन्यथा आजसू पार्टी सुधारने का कार्य खुद करेगी। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी राज्य निर्माण की उपज है और इस राज्य को किसी भी हालत में लूटने नहीं देगी। मुख्य वक्ता संजय मेहता ने ट्रैफिक पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था आम जनता के लिए अभिशाप बन गयी है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी कानून का सम्मान करती है, लेकिन अगर कानून के नाम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा, तो पार्टी मजबूरन आंदोलन के रास्ते पर चलेगी। पार्टी नेता अमित महतो ने कहा आजसू पार्टी इस आंदोलन को राज्य स्तरीय बनायेगी। एक माह तक चले इस हस्ताक्षर अभियान में जनता से मिले समर्थन ने यह सिद्ध कर दिया ट्रैफिक व्यवस्था में व्यापक भ्रष्टाचार व्याप्त है।वही अन्य नेताओं ने कहा यह आंदोलन खत्म नहीं हुआ है, बल्कि अब और अधिक मजबूती और व्यापकता के साथ आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर कन्हैया सिंह, संजय मलाकार, संजय सिंह, अप्पू तिवारी, प्रमोद सिंह, मंगल टुडू, ललन झा, अरुप मल्लिक, मनु महतो, चंदेश्वर पाण्डेय, संगीता कुमारी, मंजू राज, संतोष सिंह, अशोक तिवारी, सोनू सिंह, जितेंद्र यादव, प्रवीण प्रसाद, सौरभ राहुल सिंह, हरी अंथिनी, ललित सिंह, सुधीर सिंह, राहुल प्रसाद, मुद्रीका प्रसाद, मुन्ना कुमार, सुनका सरदार, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

# भाजपा की विशाल तिरंगा यात्रा : 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और सेना के ऐतिहासिक सफलता पर मना जश्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भारतीय सेना की 'ऑपरेशन सिंदूर' में मिली ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में भाजपा जमशेदपुर महानगर और पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण इकाई द्वारा संयुक्त रूप से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी। गुरुवार को निकली विशाल तिरंगा यात्रा में हजारों हजार की संख्या में शहरवासी, पूर्व सैनिक, भाजपा नेतागण, सामाजिक संगठन, महिलाएं और युवा शामिल हुए। साकची जुबिली पार्क गेट से शुरू हुई तिरंगा यात्रा शहीद चौक (बसंत टॉकीज) तक पूरा क्षेत्र का भ्रमण किया। तिरंगा यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक पूर्णिमा साहू, भाजपा नेता डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, नंदजी प्रसाद, सुधांशु ओझा, अभय सिंह, चंडीचरण साव समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति नारों से गूंज उठे। तिरंगा यात्रा के दौरान सभी ने भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए।यात्रा बसंत टॉकीज स्थित शहीद चौक पहुचने पर सभी ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर गर्वित होकर हम सभी तिरंगा यात्रा के माध्यम से अपने वीर सैनिकों की वीरता और अभियान की सफलता का उद्घोष कर रहे हैं। इस अभियान ने आतंक के ठिकानों को ध्वस्त ही नही किया, बल्कि पूरे विश्व को भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का भी परिचय दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा कि हमारी सेना किस प्रकार देश, ध्वज, निशान, जन और अपनी धरती की रक्षा के लिए शौर्य और वीरता का किस तरह परिचय दे सकती है।

# पटमदा की प्रमिला बनी आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की प्रतीक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा के बांगुड़दा पंचायत अंतर्गत माकुला ग्राम की रहने वाली प्रमिला सबर जनजातीय महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी। प्रमिला ने वर्ष 2016 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पीएम जनमन योजना के तहत मिले अवसरों का भरपूर लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की ओर एक सफल यात्रा तय की। प्रारंभ में निर्णय लेने में संकोच करने वाली प्रमिला को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी मिली। उन्हें उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण की सुविधा प्राप्त की। समिति से प्राप्त ऋण से अपने घर का निर्माण कराया, जिससे उनके परिवार को एक सुरक्षित आवास उपलब्ध हो सका। समूह से मिले आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपनी दोनों बेटियों की शादी की और अब नियमित रूप से ऋण चुका रही हैं। प्रमिला स्वयं भी मजदूरी एवं लघु कार्यों से आय अर्जित कर रही हैं। छोटी आवश्यकताओं के लिए अब बाहरी सहायता की आवश्यकता नहीं पड़ती। धरती आबा अभियान के तहत गांव में ग्राम सभा की सक्रियता, महिला नेतृत्व को बढ़ावा और सामाजिक सहभागिता को मजबूती मिली है। प्रमिला सबर ने इन अवसरों का लाभ उठाकर न केवल स्वयं को सशक्त किया, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया। उनकी पहल से कई महिलाएं अब स्वयं सहायता समूह से जुड़ चुकी और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। इससे प्रतीत होता है यदि जनजातीय समुदाय की महिलाओं को सही जानकारी, संसाधन और सहयोग मिले तो वे समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने में सक्षम होंगे।

# पप्पू सरदार ने अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का जन्मदिन मनाया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की 58वां जन्मदिन शहर के चर्चित प्रशंसक पप्पू सरदार ने पूरे उत्साह के उत्सव के रूप में मनाया। गुरुवार को उत्सव के दूसरे दिन करनडीह स्थित चेशायर होम में दिव्यांगों के साथ माधुरी के जन्मदिन पर केक कटिंग कर खुशियां मनायी गयी। मौके पर सभी दिव्यांगों को भोजन कराकर उन्हें उपहार भेंट कर बॉलीवुड अभिनेत्री के जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। वहीं शाम को साकची स्थित मनोहरचाट दुकान को दुल्हन की तरह सजाया गया। सुबह से ही लगभग 5 हजार लोगों के बीच निशुल्क पेप्सी, आइसक्रीम, केक, बिस्किट, चॉकलेट का वितरण किया गया और शाम को सभी ने चाट का आनंद उठाया। बताया जा रहा है पप्पू सरदार बीते 29 वर्षों से माधुरी दीक्षित का जन्मदिन धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। अब उनकी यह भक्ति एक अंतरराष्ट्रीय पहचान बन चुकी है।

# रंभा कॉलेज में खुला जेएसओयू का नया स्टडी सेंटर

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य ओपन यूनिवर्सिटी (जेएसओयू) का नया स्टडी सेंटर रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में खुल गया है। इस विषय से संबंधित संबद्धता प्रपत्र कॉलेज को प्राप्त हो चुका है। बहुत जल्द इस स्टडी सेंटर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जायेगा। रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष राम बचन ने कहा कि यह सेंटर राज्य के विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होगा। इसके माध्यम से वैसे लोग भी अपनी शिक्षा पूरी कर पायेंगे, जो किसी कारणवश कॉलेज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। सचिव गौरव बचन ने कहा कि इस सेंटर में विद्यार्थी कम शुल्क में रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। आस-पास के ग्रामीण विद्यार्थी इस ओपेन यूनिवर्सिटी का केंद्र खुलने पर कई विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी कोर्स कर पायेंगे।

# पाटा टोल प्लाजा के पास पाइप लदा ट्रक पलटा, चालक घायल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सरायकेला- खरसावां जिले के चांडिल थाना अंतर्गत पाटा टोल प्लाजा के पास गुरुवार की शाम टायर फटने से पाइप से लदा एक ट्रक पलट गया। इस घटना में चालक घायल हो गया है। जबकि साथ -साथ चल रहे एक बाइक पर सवार दो युवक बाल-बाल बच गये। जमशेदपुर निवासी बाइक चालक अश्वनी झा ने बताया कि अचानक तेज धमाका हुआ और ट्रक डिवाइडर से टकराते हुए सड़क के बीच पलट गया। उन्होंने बताया कि ट्रक का अगला टायर फटने से ही दुर्घटना हुई। गनीमत है कि ट्रक में लदा पाइप सड़क के दूसरे छोर तक नहीं पहुंचा अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर पहुंची चांडिल पुलिस ने घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया गया। ट्रक चालक बिहार निवासी बताया जाता है। उसने बताया कि ट्रक जमशेदपुर की ओर जा रहा था। जहां पर उसे अनलोडिंग करना था।

# एसडीएम ने ठोस कचरा निस्तारण संयंत्र के लिए प्रस्तावित साइट का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव नगर पंचायत अंतर्गत प्रस्तावित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के लिए आवश्यक साइट का भौतिक निरीक्षण गुरुवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मझिआंव अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार एवं संबंधित पदाधिकारीयों व कर्मियों के साथ किया। उक्त साइट बूढ़ीखांड़ गांव की परिसीमा के अंदर अवस्थित है। इस 5 एकड़ के गैर मजूरुआ खास प्लॉट पर संबंधित कंसल्टेंट से भूमि उपयुक्तता का मंतव्य मिलने पर



विभागीय हस्तांतरण हेतु प्रस्ताव भेजा जायेगा। संजय कुमार ने कहा कि आज किसी भी नगर निकाय के लिए ठोस कचरा निष्पादन संयंत्र अत्यंत जरूरी होता है, किंतु कई बार लोग इसे कचरा निस्तारण संयंत्र न समझ कर इसे कचरा डंपिंग साइट समझ लेते हैं और इसी कंफ्यूजन के चक्कर में लोगों को लगता है कि वहां कचरा फेंका जायेगा जिसके चलते कभी-कभी स्थानीय लोग विरोध भी करते हैं, जबकि हकीकत इसका उल्टा होता है। वास्तविकता यह होती है कि वहां बंद बाउंड्री के अंदर कचरे का निस्तारण किया जाता है, इससे न कहीं से दुर्गंध आती है और न ही आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए अहितकर होता है, बल्कि उसके आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त हरियाली की व्यवस्था की जाती है, फूल पत्तियां लगाए जाते हैं।

**नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण :** उक्त साइट विजिट से पूर्व उन्होंने मझिआंव नगर पंचायत कार्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया। विभिन्न स्टाफ और कर्मियों की उपस्थिति एवं क्रियाकलाप के बारे में जाना, साथ ही शहरी क्षेत्र में नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध सख्त रुख अपनाने तथा नागरिक सुविधाओं के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने के का निर्देश दिया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय समर कैंप शुरू



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में गुरुवार को चार दिवसीय समर कैंपभवनाथपुर। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में गुरुवार को चार दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। समर कैंप का उद्घाटन प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा एवं कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिक्षिका बुलबुल कुमारी ने आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित सामग्रियों को लाने के लिए बच्चों को बताया। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने बच्चों से कहा कि यह गर्मी की छुट्टियां व्यर्थ समय गंवाने के लिए नहीं होती, बल्कि छुट्टियों में अपने किताबी ज्ञान से हटकर अपने जीवन में काम आने वाली चीजों को सीखने के लिए होती हैं। इस मौके पर शिक्षक गणेश त्रिवेदी, वैभव कुमार, शशिबाला कुमारी, रंजना वर्मा, नेहा पांडेय आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सदस्यता समाप्त कर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हो : आफताब



**रंका (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता आफताब आलम ने कहा है कि भारतीय सेवा में कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में मध्य प्रदेश के भाजपा के मंत्री विजय शाह के द्वारा आतंकवादियों की बहन कहकर अपमान करने को लेकर आफताब आलम ने विजय शाह की सदस्यता समाप्त कर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी एक देशभक्त भारतीयों की बहन और बेटी है।

## कार में ले जा रहे प्रतिबंध दवा के साथ दो धराये, जेल



**मेराल (आजाद सिपाही)।** एसपी दीपक कुमार पांडे को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मेराल पुलिस ने, थाना के पास हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिबंध दवा के साथ गुरुवार को दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में जेल जाने वालों में धर्मेंद्र सिंह पिता अदरू सिंह जो पलामू जिला के नौडीहा बाजार अंतर्गत शाहपुर गांव का निवासी हैं तथा दया शंभू राम पिता नंदलाल राम पलामू जिला के अंतर्गत विश्रामपुर का रहने वाला है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि श्री बंशीधर नगर के तरफ से कर में दवा लोड कर गुमला जिला जाने के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया है। कार से प्रतिबंधित दवा, कफ सिरप 120 बोतल का 12 बॉक्स में 1430 बोतल जब्त किया गया है तथा, 18 बॉक्स में 2152 पीस टैबलेट के साथ एक कार जब्त किया गया है। जब्त किया गया कार का नंबर जेएच 03 एएम 1980 है। उक्त मामले में थाना कांड संख्या 105 ऑब्लिक 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला दर्ज करने के बाद अनुसंधान जारी कर दिया गया है।

## पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे रविदास टोला के ग्रामीण, पीएचइडी विभाग बेपरवाह



**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के पचौर गांव के रविदास टोला में सामुदायिक भवन के समीप पीएचइडी विभाग के द्वारा लगा हैंडपंप का बोर भरा गया है। जिससे हैंडपंप व जल मीनार दोनों बंद पड़ा हुआ है। इसका आज तक सुधि लेने वाला कोई नहीं है। पीएचईडी विभाग के अधिकारी कान में तेल डाल सोई हुई है। टोला में बूंद बूंद पीने का पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इस समस्या को लेकर कई बार दैनिक अखबार में खबर प्रमुखता से छापी थी। इसके बाद भी पीएचइडी विभाग के अधिकारी कान में तेल डाल सोई हुई है।आज तक इसका सुधि लेने कोई अधिकारी नहीं पहुंचे। बजबूरन हमलोगों को इस तपती धूप में पीने का पानी को लेकर दूसरे टोला में भटकना पड़ रहा है।

# परीक्षा किसी और विषय का प्रश्न पत्र किसी और विषय के दिये जाने पर परीक्षा रद्द

**नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की कार्यशैली से छात्र स्तब्ध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा 15 मई को Bsc.(CAPP) के पेपर 5 (उ++) की परीक्षा आयोजित की गयी थी। इस परीक्षा के दौरान संबंधित विषय के प्रश्न पत्र की जगह डीबीएमएस पेपर का प्रश्न पत्र वितरित किया गया। परीक्षार्थियों के विरोध के बाद परीक्षा स्थगित कर दी गई। अभाविप के राज्य विश्वविद्यालय कार्य सह संयोजक मंजुल शुक्ल ने कहा कि यह घटना विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। परीक्षा विभाग में मनमाने तरीके



NILAMBER-PITAMBER UNIVERSITY

से अनुभवहीन शिक्षकों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गयी, यह लापरवाही उसी का परिणाम है। कुलपति अविलंब परीक्षा नियंत्रक अजीत सेठ सहित परीक्षा विभाग के ओएसडी गौरव श्रीवास्तव को उनके गैर जिम्मेदाराना कार्य के लिए परीक्षा विभाग से हटाएं। परीक्षा केंद्र गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में बनाया गया था।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों का 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा




**परीक्षा परिणाम विद्यालय की मेहनत, अनुशासन व सतत गुणवत्ता शिक्षा की देन है: निदेशक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड(सीबीएसई) नयी दिल्ली द्वारा जारी 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में जीएन कान्वेंट स्कूल के छात्र- छात्राओं ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल देखा गया। सभी 150 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पायी सफलता। जीएन कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल व जिले का नाम रौशन किया। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में स्कूल के आदर्श राज ने सर्वाधिक अंक 88% लाकर स्कूल में अपना स्थान बनाया उसने इंग्लिश में 75, हिंदी में 88, मैथ में 86,साइंस 94, सोशल साइंस 95, और आईटी में 91% अंक अर्जित किया वहीं आशुतोष कुमार अभिषेक ने 86% अंक लाकर स्कूल में दूसरे स्थान पर रहे उसने सर्वाधिक हिंदी में 91% तथा सोशल साइंस में 95%अंक प्राप्त किया। रिया कुमारी 86% अंक के साथ अंग्रेजी में 94% हिन्दी में 90,मैथ 74साइंस 88, सोशल साइंस 83 और आईटी में 91% अंक प्राप्त की। शौर्य राज 83%, सत्यम कुमार 83%, आदित्य प्रकाश 83, प्रियांशु कुमार गुप्ता 81%, साक्षी कुमारी 80%,निक्की यादव 80% तथा आयुष राज ने 80% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर रहें। वहीं 150 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, विषयवार 81 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन अंक लाए। इस मौके पर अभिभावकों ने संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी। विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, प्राचार्य चंद्रभूषण सिन्हा, उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यालय की मेहनत, अनुशासन और सतत गुणवत्ता की भावना को दर्शाता है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना भी की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक संतोष प्रसाद, वीरेंद्र गुप्ता, नीरा, कृष्णा, मुकेश, नीलम, रागिनी, शिवानी, ऋषभ, सुनीता, जूनियर विंग के इंचार्ज खुर्शीद आलम, सरिता सहित अन्य उपस्थित थीं।

# एसडीएम ने दुलदुलवा मध्य विद्यालय जाकर बच्चों को पढ़ाया

- बच्चों के बीच करवाई निबंध प्रतियोगिता, अपने हाथों से वितरित किए स्कूल बैग
- मिड-डे-मील में बच्चों के साथ एसडीएम ने किया भोजन
- 'शराब के दुष्प्रभाव' विषय पर हुयी निबंध प्रतियोगिता में दो छात्रों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को मध्य विद्यालय दुलदुलवा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति, ड्रॉप आउट की स्थिति, आधारभूत साधनों की उपलब्धता आदि के बारे में जानकारी लेते हुये प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में ईमानदारी से काम करने तथा नियमित



कक्षायें चलाने का निदेश दिया।

**बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया :** सदर एसडीएम संजय कुमार के साथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रम्भा चौबे और विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे। इस दौरान एसडीएम ने कक्षा आठवीं और कक्षा सातवीं के बच्चों को नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाते हुए अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

**शराब के दुष्प्रभाव पर बच्चों से निबंध लिखवाया गया :** संजय कुमार ने कक्षा आठवीं और सातवीं के बच्चों को एक साथ बैठकर 'शराब के दुष्प्रभाव' विषय पर निबंध लिखने को कहा गया, सभी बच्चों ने 100 शब्दों के अंदर शराब और अन्य नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लिखा। सर्वश्रेष्ठ दो निबंधों को नकद राशि देकर एसडीम ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

**गांव की साक्षरता दर बढ़ाने की जरूरत :** वर्ष 2011 के जनगणना आंकड़ों के अनुसार 2011 में दुलदुलवा गांव में कुल 910 परिवार थे, लगभग 5000 की तत्कालीन जनसंख्या की साक्षरता दर 61.80 प्रतिशत है। जो कि राज्य की साक्षरता दर यानि 66.41 प्रतिशत से पांच प्रतिशत कम है। गांव की महिला साक्षरता लगभग 50% हैं। जानकारी के अनुसार अब तक गांव के ज्यादातर परिवार अवैध देशी शराब निर्माण में लगे रहे हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा में बिल्कुल प्रभाव पड़ा है, विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। अब शराब निर्माण के कारोबार में रोक लगने से प्रभावी रोक लगने से यहां की साक्षरता दर बेहतर होने की उम्मीद है। संजय कुमार ने न केवल प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को बल्कि गांव के अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दें

**350 में से 250 बच्चे अनुपस्थित मिले :** एसडीएम की इस विजट में लगभग 70% बच्चे अनुपस्थित पाए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में 350 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, किंतु मौके पर 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित मिले। इनमें से ज्यादातर छात्र-छात्राओं को एसडीएम के भ्रमण के मद्देनजर गांव से तात्कालिक रूप से बुला लिया गया था। शिक्षकों को निर्देश दिया गया कि वे बच्चों के पठन पाठन में गुणवत्तापूर्ण योगदान दें, ताकि बच्चे कम से कम अनुपस्थित रहें। संजय कुमार ने उन बच्चों को गले लगाते हुए कहा कि वे अनाथ नहीं है उनकी देखभाल की चिंता करने के लिए बहुत लोग हैं, वे पढ़ाई करें उन्हें किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी।

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार
## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
## (भू–अर्जन शाखा)

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

ज्ञापांक:–1122/भू0अ0 दिनांक:–10.05.2025

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**बेलहर**, थाना नं0–**54** थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99)निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**बेलहर**, थाना–**पत्थलगड्डा**, थाना नं0–**54**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **3.0307** ए0 यानि–1.22650 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 151 | 131 | 1561 | – | – | 0.0012 | राजेन्द्र राम वो सतेन्द्र राम पिता– भोधन राम | शीबन प्रजापति | भुनेश्वर प्रजापति | नीज | पक्की सड़क |
| 152 | 131 | 1561 | – | – | 0.0014 | बंन्सी रजक पिता– बाढ़ो रजक | मोहन प्रजापति | जितेन्द्र दांगी | दशरथ दांगी | पक्की सड़क |
| 153 | 131 | 1561 | – | – | 0.0022 | नरेश रजक वो सुरेश रजक पिता– भोखन रजक | भानेसवर महतो | शीबन प्रजापति | दशरथ प्रजापति | पक्की सड़क |
| 154 | 131 | 1561 | – | – | 0.0108 | पंकज रजक पिता– बिजय रजक | जयराम दांगी | मोहन प्रजापति | नीज | पक्की सड़क |
| 155 | 131 | 1561 | – | – | 0.0042 | बन्सी रजक पिता– बाढ़ो | लोकनाथ दांगी | धनेश्वर दांगी | नीज | पक्की सड़क |
| 156 | 131 | 1561 | – | – | 0.0048 | रेवा रजक पिता– पेमन बैठा | बिझेसवर दांगी | जयराम दांगी | नीज | पक्की सड़क |
| 157 | 131 | 1561 | – | – | 0.0015 | नरेश रजक वो सुरेश रजक पिता– भीखन रजक | लोकनाथ दांगी | हरीश दांगी | पक्की सड़क | नीज |
| 158 | 131 | 1561 | – | – | 0.0036 | महेन्द्र रजक पिता– भोधन रजक | हरीलाल दांगी | जयराम दांगी | पक्की सड़क | नीज |
| 159 | 131 | 1561 | – | – | 0.0697 | रेवा रजक पिता– पेमन बैठा | प्रसाद महतो | लोकनाथ दांगी | पक्की सड़क | नीज |
| 160 | 131 | 1561 | – | – | 0.0022 | बन्सी रजक वो डेगन रजक पिता– बाढ़ो रजक | संजय कुमार | हरीलाल दांगी | पक्की सड़क | बालक दांगी |
| 161 | 131 | 1561 | – | – | 0.0125 | जगदेव साव पिता– पनु साव | मिथुन अग्रवाल | प्रसाद महतो | पक्की सड़क | दिपेन्द्र नाथ दांगी |
| 162 | - | 546 | – | – | 0.0019 | बन्सी रजक पिता– बाढ़ो रजक | नरकु महतो | मिथिलेस कुमार | पक्की सड़क | जालेश्वर दांगी |
| 163 | - | 545 | – | – | 0.001 | नागेश्वर दांगी पिता– चरन महतो | देवलाल महतो | समलाल महतो | पक्की सड़क | जालो दांगी |
| 164 | - | 545 | – | – | 0.0968 | सुगन्ती देवी पति– रामचन्द्र दांगी | मोहन महतो | नरकु दांगी | पक्की सड़क | जालो दांगी |
| 165 | - | 545 | – | – | 0.0015 | बन्सी रजक पिता– बाढ़ो रजक | जालो दांगी | दिनेसवर दांगी | पक्की सड़क | जालो दांगी |
| 166 | - | 1570 | – | – | 0.0462 | धनंजय सिंह वगै0 वो बिन्देश्वरी सिंह वगै0 वो सुदर्शन सिंह पिता– मादो सिंह | – | मोहन महतो | पक्की सड़क | नीज |
| 167 | - | 544 | – | – | 0.0016 | ललु सिंह वगै0 पिता– अरबिन्द सिंह वो शीबु सिंह पिता– बिमल सिंह | मलू दांगी | लोकनाथ दांगी | अजय दांगी | पक्की सड़क |
| 168 | - | 541 | – | – | 0.0016 | बिन्देश्वरी सिंह पिता– बसंती सिंह | राधेश्याम दांगी | बिझेसवर दांगी | केदार दांगी | पक्की सड़क |
| 169 | - | 544 | – | – | 0.0016 | बिन्देश्वरी सिंह पिता– बसंती सिंह | राधेश्याम दांगी | बिझेसवर दांगी | केदार दांगी | पक्की सड़क |
| 170 | - | 541 | – | – | 0.0026 | बिन्देश्वरी सिंह वगै0 पिता– बसंती सिंह | हिरालाल दांगी | मलू दांगी | माधोश्याम दांगी | पक्की सड़क |
| 171 | - | 542 | – | – | 0.0026 | बिन्देश्वरी सिंह वगै0 पिता– बसंती सिंह | हिरालाल दांगी | मलू दांगी | माधोश्याम दांगी | पक्की सड़क |
| 172 | - | 543 | – | – | 0.0026 | बिन्देश्वरी सिंह वगै0 पिता– बसंती सिंह | हिरालाल दांगी | मलू दांगी | माधोश्याम दांगी | पक्की सड़क |
| | | | | कुल | 3.0307 | | | | | |

### संरचना का विवरणी

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 173 | 61 61 67 | 908 909 910 | रैयती | बाउण्ड्री | - | पंकज कुमार सिंह पिता– ईश्वरी सिंह | अर्जुन दांगी | बरवाडीह सिमाना | पक्की सड़क | सुरेन्द्र दांगी |
| 174 | 64 | 911 | रैयती | मिट्टी मकान | - | भुनेश्वर भुईयां वगै0 पिता– मतु भुईयां | केदार दांगी | बरवाडीह सिमाना | राजेसन्दर दांगी | पक्की सड़क |
| 175 | 79 68 | 920 916 | रैयती | मिट्टी मकान | - | अजीत कुमार सिंह वगै0 पिता– रामलखन सिंह | धनंजय दांगी | प्रमोद राणा | हेमलाल दांगी | पक्की सड़क |
| 176 | 16 | 928 | रैयती | पक्का मकान | - | वकील दांगी पिता– सूरत महतो | अर्जुन महतो | केदार दांगी | हरलाल दांगी | पक्की सड़क |
| 177 | 16 | 929 | रैयती | पक्का मकान | - | हीरा लाल भुईयां पिता– विदेशी भुईयां | गंदौरी दांगी | धनंजय दांगी | प्रकाश दांगी | पक्की सड़क |
| 178 | 16 | 929 | रैयती | पक्का मकान | - | मनोज भुईयां पिता– गेदो भुईयां | सुरेन्द्र दांगी | अर्जुन दांगी | टिंकु महतो | पक्की सड़क |
| 179 | 16 | 929 | रैयती | पक्का मकान | - | अमृत भुईयां पिता– महेश भुईयां | दिनेश्वर भुईयां | प्रमोद राणा | टिकेश्वर दांगी | पक्की सड़क |
| 180 | 15 18 18 | 944 945 946 | रैयती | पक्का मकान | - | बिकास भुईयां वो संजय भुईयां पिता– नागेश्वर भुईयां | चुरामन दांगी | अर्जुन दांगी | पक्की सड़क | बरवाडीह सिमाना |
| 181 | - | 947 948 | — | पक्का मकान | - | झरी भुईयां वो चरका भुईयां पिता– एतो भुईयां | प्रमोद गुप्ता | गंदोरी दांगी | पक्की सड़क | बरवाडीह सिमाना |
| 182 | - | 949 950 | — | पक्का मकान | - | भुनेश्वर भुईयां पिता– मोती भुईयां | भीम कुमार दांगी | चुरामन दांगी | पक्की सड़क | सुरेन्द्र दांगी |
| 183 | - | 951 952 953 | — | पक्का मकान | - | भुनेश्वर भुईयां पिता– मोती भुईयां | दीपेन्द्र नाथ दांगी | चुरामन दांगी | पक्का सड़क | बरवाडीह सिमाना |
| 184 | - | 954 | — | पक्का मकान | - | बैजु दांगी पिता– पूरण महतो | भीम कुमार दांगी | सुरेन्द्र दांगी | पक्की सड़क | बरवाडीह सिमाना |
| 185 | - | 954 | — | पक्का मकान | - | बासुदेव भुईयां पिता– सुखन भुईयां | दीपेन्द्र नाथ दांगी | दीपेन्द्र नाथ दांगी | सड़क | बरवाडीह सिमाना |
| 186 | - | 955 | — | पक्का मकान | - | विजय दांगी पिता– प्रयाग महतो | सुरेन्द्र दांगी | भीम कुमार दांगी | पक्की सड़क | बरवाडीह सिमाना |
| 187 | - | 955 | — | पक्का मकान | - | दशरथ दांगी वगै0 पिता– जोधी महतो | महावीर महतो | दिनेश्वर महतो | रामजीत महतो | पक्की सड़क |
| 189 | 128 | 956 | गै0 आम | पक्का मकान | - | चलितर सोनी पिता– तुलसी सोनी | परमेश्वर दांगी | दर्शन महतो | निटेश्वर महतो | पक्की सड़क |
| 190 | 99 | 958 1004 | रैयती | पक्का मकान | - | जदगीश राणा पिता– सरयु राणा | नाला | रामेश्वर महतो | नाला | नीज |
| 191 | 01 | 925 | रैयती | पक्का मकान | - | निरंजन सिंह पिता– राधो सिंह | मुसाफिर दांगी | नाला | नीज | पक्की सड़क |
| 192 | - | 926 | — | पक्का मकान | - | सुमेर सिंह पिता–रामनारायण सिंह वो नीरज सिंह पिता– राधो सिंह | — | — | — | — |
| 193 | 99 | 1004 | रैयती | पकामकान | - | बालेश्वर दांगी पिता– गणेश | हरीश महतो | परमेश्वर | नीज | सड़क |
| 194 | 99 | 1004 | रैयती | पक्का मकान | - | विशेश्वर दांगी पिता– लालो महतो | मुसाफिर दांगी | नाला | नीज | पक्की सड़क |
| 195 | 68 | 1005 | रैयती | पक्का मकान | - | कामख्या सिंह पिता– राजु सिंह | झमन दांगी | हरीश दांगी | मुसाफिर दांगी | पक्की सड़क |
| 196 | 25 | 622 | रैयती | पक्का मकान | - | बिनोद सिंह पिता– रिधो सिंह वो अजीत सिंह वगै0 पिता– लखन सिंह वो शम्भु सिंह पिता– छेदी सिंह | त्रिभुवन दांगी | झालु महतो | सड़क | बिरोचन महतो |
| 197 | 37 | 1178 | रैयती | पक्का मकान | - | आदित्य दांगी पिता– जागेश्वर दांगी | बैजु यादव | शकुंतला देवी | सड़क | केशो महतो |
| 198 | - | 11, 771, 178 | — | पक्का मकान | - | अजित सिंह वगै0 वो बिनोद सिंह पिता– रिधो सिंह | मंजु देवी | नीज | पक्की सड़क | नीज |
| 199 | - | 1182 | — | मिट्टी मकान | - | सुरेश दांगी पिता– लिलो दांगी | गुलाब चंद दांगी | झमन दांगी | नीज मकान | पक्की सड़क |
| 200 | - | 1198 | — | पक्का मकान | - | बिरेन्द्र ठाकुर पिता– चमारी ठाकुर | बोनी महतो | रामेश्वर दांगी | नीज | पक्की सड़क |
| 201 | - | 1200, 1201 | — | मिट्टी मकान | - | गिराज महतो पिता– कोमल महतो | रामदेव महतो | प्रदीप दांगी | गुरूचरण दांगी | पक्की सड़क |
| 202 | - | 621 | — | पक्का मकान | - | सुदर्शन सिंह पिता– मादो सिंह | बिरोचन गिरी | कामेश्वर दांगी | बिरोचन गिरी | पक्की सड़क |
| 203 | 1 | 619 | रैयती | पक्का मकान | - | बिन्देश्वरी सिंह पिता– बसंती सिंह | राजु दांगी वगै0 | कच्ची रास्ता | सड़क | मंटु साव |
| 204 | 1 | 616 | रैयती | पक्का मकान | - | जानकी दांगी वो दिनेश्वर दांगी पिता– जगरनाथ दांगी | प्रमंड गिरी | प्रकाश गिरी | नीज | पक्की सड़क |
| 205 | 147 | 1235 | रैयती | पक्का मकान | - | लालो महतो पिता–............ | राजेश दांगी | इन्द्रदेव दांगी | नीज | देवनर दांगी |
| 206 | 147 | 1235 | रैयती | पक्का मकान | - | तिलेश्वर महतो पिता– धनु महतो वो वासुदेव दांगी वो सेवाली दांगी पिता– पेमा महतो | गंदौरी गिरी | रासदेव महतो | सड़क | नीज |
| 207 | 101 | 1292 | रैयती | पक्का मकान | - | राजकुमार दांगी पिता– चेतो महतो | राजेश दांगी | अरूण दांगी | पक्की सड़क | नीज |
| 208 | 05 | 608 | रैयती | पक्का मकान | - | जनार्दन दांगी पिता– अम्बिका महतो | जवाहर साव | गोवर्धन महतो | झालु महतो | पक्की सड़क |
| 209 | 99 | 606 | रैयती | पक्का मकान | - | मानकी महतो पिता– पेमा महतो | पचकोड़ी दांगी | भोला महतो | पचकोड़ी दांगी | पक्की सड़क |
| 210 | 99 | 606 | रैयती | पक्का मकान | - | सुदर्शन सिंह पिता– मादो सिंह | अशोक दांगी | जवाहर साव | नीज | पक्की सड़क |
| 211 | 01 | 605 | रैयती | पक्का मकान | - | राजकुमार दांगी पिता– चेतो महतो | राजु दांगी | अशोक दांगी | जयराम दांगी | पक्की सड़क |
| 212 | - | 600 | — | मकान | - | सुनीता देवी पति– रंजीत सिंह | मिथलेश केशरी | विकास दांगी | सड़क | नीज |
| 213 | 32 | 573 | रैयती | मकान | - | चरण यादव पिता– नेमा महतो | राम प्रसाद | कमलेश दांगी | सड़क | संजय दांगी |
| 214 | 47 | 555 | रैयती | मकान | - | पुरन यादव पिता–नेमा यादव | बिनोद प्रसाद कुशवाहा | सुरेन्द्र कुशवाहा | सड़क | संजय दांगी |
| 215 | 47 | 555 | रैयती | मकान | - | सुगन्ती देवी पति– रामचन्द्र दांगी | अशोक कु0 दांगी | बिनोद कुशवाहा | पक्की सड़क | कैमल राम |
| 216 | 32 | 554 | रैयती | बाउण्ड्री | - | रेवा रजक वगै0 वो रघु रजक वगै0 नरेश रजक वगै0 पिता– भीखन रजक | चन्द्रदेव दांगी | दिपेन्द्र दांगी | सड़क | अजय राणा |
| 217 | 131 | 1560 | रैयती | पक्का मकान | - | रेवा रजक पिता– पेमन बैठा | हरीश दांगी | अशोक कु0 दांगी | सड़क | बिशेश्वर दांगी |
| 218 | 131 | 5161 | रैयती | पक्का मकान | - | रघु राम पिता– बाढ़ो रजक | जय प्रकाश नारायण | सहदेव दांगी | सहदेव दांगी | पक्की सड़क |
| 219 | 131 | 1561 | रैयती | बाउण्ड्री | - | पंकज रजक पिता– बिजय रजक | जयराम दांगी | मोहन प्रजापति | नीज | पक्की सड़क |
| 220 | 128 | 552 | गै0खास, परती कदीम | मकान | - | रघु राम पिता– बाढ़ो रजक वो पंकज रजक पिता– बिजय | समलाल दांगी | पिपेन्द्र नाथ दांगी | सड़क | नीज |
| 221 | 25 | 622 | रैयती | कुआं | - | अर्जुन दांगी पिता– तेजो महतो | घनश्याम दांगी | दशरथ दांगी | डालो दांगी | पक्की सड़क |

### वृक्ष की विवरणी

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | वृक्ष | वृक्ष का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 222 | - | 546 | रैयती | कठर पेड़ | — | बंशी रजक पिता– बाढ़ो रजक | नरकु दांगी | मिथिलेश कुमार | पक्की सड़क | जालेश्वर दांगी |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
चतरा।

PR 352471 (Land Reforms) 25-26 (D)

# मध्यस्थता को लेकर डालसा सचिव और तीन मध्यस्थों को मिला विशेष प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के लिए एक गर्व का क्षण सामने आया है, जब जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), लोहरदगा के सचिव राजेश कुमार और जिले के तीन मध्यस्थों प्रवीण कुमार भारती, कुमार चंद्रशेखर एवं युगल किशोर को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता कार्य के लिए विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश एवं भारतीय सर्वोच्च न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के अध्यक्ष जस्टिस बीआर गवाई (वर्तमान में भारत के मुख्य न्यायाधीश) द्वारा हस्ताक्षरित है। गुरुवार को उक्त प्रमाण पत्र प्रमंडलीय न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के हाथों प्रदान किये गये। डालसा सचिव राजेश कुमार ने जानकारी दी कि यह प्रमाण पत्र मध्यस्थता के क्षेत्र में विशेष दायित्वों के निर्वहन हेतु दिया गया है। साथ ही, जिले के दो अधिवक्ताओं बुधनाथ साहू और पवन कुमार को भी मेंबर सेक्रेटरी, झालसा, रांची कुमारी रंजना अस्थाना द्वारा हस्ताक्षरित विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इन दोनों अधिवक्ताओं ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के अंतर्गत 26 से 30 अप्रैल 2025 तक रांची के कांके रोड स्थित विश्वेसराय स्वच्छता एवं जल अकादमी में आयोजित 40 घंटे के मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया था।

# पीएलएफआइ के तीन उग्रवादियों को लातेहार पुलिस ने दबोचा

**दो पिस्टल और गोलियां बरामद**

**लेवी वसूली और गोलीबारी में थे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार पुअनि अजीत कुमार, रविंद्र कुमार सिंह श्रवन कुमार, राकेश महतो भीम कुमार, रंजय कुमार सिंह एवं चंदवा के सशस्त्र बदल शामिल थे टीम के द्वारा त्वरित छापामारी की गयी। जिसमें चंदवा से सटे ही हडगड़वा स्थित जंगल में लेवी लेने आये पीएलएफआइ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उग्रवादियों में संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर (24), बालक राम उर्फ दिलीप राम (25) और आशीष उरांव (23) शामिल हैं। बताया जाता है कि पीएलएफआइ उग्रवादी संतोष उरांव उर्फ सूर्या कुजूर उर्फ तूफान जी के द्वारा चंदवा तथा आसपास के थाना क्षेत्र में स्थित क्रशर मशीन एवं ईंट भट्ठे मालिकों से लगातार लेवी की मांग की जा रही थी।

## सात मोबाइल फोन बरामद

पुलिस ने इनके पास से दो पिस्तौल, 7.65 एमएम की चार गोली, 315 एमएम के तीन गोली और सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। संतोष उरांव के खिलाफ लातेहार, चतरा और रांची जिले में कुल 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बालक राम पर सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**क्रशर पर फायरिंग करने में शामिल थे**

मुख्य आरोपी संतोष उरांव चंदवा और आसपास के क्षेत्रों में क्रशर मशीन और ईंट भट्ठा मालिकों से लेवी वसूली कर रहा था। ये सभी उग्रवादी बीते 4 अप्रैल को हड़गड़वा में संतोष सिंह के क्रशर पर गोलीबारी में शामिल थे। इन्होंने फिरोज अहमद के ईंट भट्ठे पर उनके मुंशी को लेवी के लिए गोली मारी थी। साथ ही पीआरए रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी से भी रंगदारी मांगी थी।

# डॉ भीम राव अंबेडकर नेशनल गेम्स में लोहरदगा के सात खिलाड़ियों का चयन



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 7वीं डॉ भीम राव आंबेकर नेशनल गेम में लोहरदगा के सात खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिनमे कुडू प्रखंड से आर्या सिंह, चंचल कुमारी, निकिता कुजूर, अनिशा उराव लोहरदगा प्रखंड से रूपरानी कुजूर, सुलोचना कुमारी और शना प्रवीण शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों को जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने विजयी भव: का आशीर्वाद के साथ 15 मई को दिल्ली के लिए रवाना किया। खिलाड़ियों के कोच अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 16 से 18 मई तक आयोजित 7वीं डॉ भीम राव अंबेडकर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश भर से करीब पांच हजार खिलाड़ी शिरकत करेंगे और कराटे, ताइक्वांडो, बॉडी बिल्डिंग सहित कुल 32 गेम खेले जायेंगे।

# भंडरा में राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच करने पहुंचे एसडीओ



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत भीठा जीवन फूल जन वितरण प्रणाली दुकान में कार्डधारियों के बीच राशन वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायत पर एसडीओ अमित कुमार ने दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ अमित कुमार, बीडीओ प्रतिमा कुमारी और प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता ने भीठा जीवन फूल जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण कर आवंटन पंजी, वितरण पंजी का जांच कर अनियमिता की जांच को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया है। इस दौरान एसडीओ को कार्डधारियों ने डीलर द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरतने की शिकायत की है। एसडीओ ने कहा कि राशन वितरण में जांच के क्रम में कार्डधारियों से अनियमितता की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसकी जांच की जा रही है। जांच के क्रम में कई अनियमितता सामने आयी है। मामले को लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता को जांच कर दो दिनों के अंदर जांच रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया है। राशन वितरण में अनियमितता बरतने वालों पर कार्रवाई तय है।

# पांच पेड़ों को बिना अनुमति काटने के विरोध में सामाजिक विचार मंच ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित समाहरणालय मैदान (डीसी ऑफिस के सामने) में 14 मई को लिप्टस (यूकेलिप्टस) के लगभग पांच पेड़ों को अवैध रूप से काटे जाने के विरोध में सामाजिक विचार मंच द्वारा उपायुक्त लोहरदगा एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मंच ने बताया कि पेड़ों की कटाई करते समय जब संबंधित व्यक्ति से अनुमति पत्र मांगा गया, तो उसने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया और उलटे जवाब दिया कि जहां जाना है जाइए और शिकायत करते रहिए। इस घटना की मौखिक शिकायत उसी दिन वन प्रमंडल कार्यालय में की गयी थी, परंतु अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आयी है। ज्ञापन में मंच ने यह चिंता जतायी कि जब जिला मुख्यालय जैसे अत्यंत संवेदनशील और निगरानी वाले क्षेत्र में खुलेआम सरकारी पेड़ बिना अनुमति काटे जा सकते हैं, तो वन क्षेत्रों में स्थित पेड़ों की सुरक्षा की स्थिति क्या होगी, यह गंभीर चिंता का विषय है। लिप्टस बगान के नाम से वर्षों से प्रसिद्ध इस मैदान में पेड़ों की लगातार घटती संख्या भी मंच के अनुसार एक बड़ा प्रश्न खड़ा करती है। सामाजिक विचार मंच ने मांग की है कि पेड़ काटने की घटना की त्वरित और निष्पक्ष जांच की जाये तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। साथ ही मंच ने यह भी निवेदन किया है कि जिस स्थान पर पेड़ काटे गये हैं, वहां वन विभाग द्वारा पुनः पांच लिप्टस के पौधों का रोपण कराया जाये और उनकी समुचित देखभाल भी सुनिश्चित की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य संयोजक सागर वर्मा, कवलजीत सिंह, संतोष केरकेट्टा, संदीप भगत, राजकुमार यादव सहित मंच के अन्य सदस्य शामिल थे। सामाजिक विचार मंच ने स्पष्ट किया कि यदि इस घटना पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में जनहित में जनांदोलन की दिशा में कदम उठाये जा सकते हैं।

# बिजली चोरी के खिलाफ चला छापेमारी अभियान

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमानो पंचायत के बेदाल गांव में अवैध बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद जिशान के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बेदाल गांव के छह लोगों के घरों में अवैध बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया है जिस पर बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा भंडरा थाना में टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए जुर्माना की राशि लगाया है। अवैध रुप से बिजली चोरी करने, मीटर से बाईपास कनेक्शन लेने तथा कनेक्शन रहने के बावजूद एलटी से अलग फेज लेकर अवैद्य तरीके से बिजली जलाने वालों में दिनेश्वर साहू, देवगन साहू, लक्ष्मण साहू, सत्यनारायण साहू, उमेश महतो और मेघनाथ महतो के नाम शामिल है।

# जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहकारिता विकास समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जिला में संचालित लैम्पस, कोल्ड स्टोरेज की स्थिति, सीएससी सेंटर के रूप में लैंपस को विकसित किये जाने, जिला में डेयरी व मत्स्य की सहकारिता समितियों आदि बिंदुओं पर वर्तमान स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया और डेयरी और मत्स्य की सहकारिता समितियां, जो वर्तमान में क्रियाशील नहीं हैं, उन समितियों को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने और नयी समितियों का गठन करने हेतु मार्गदर्शन मांगा गया। लैंपस, जिन्हें सीएससी सेंटर के रूप में विकसित किया जाना है, वहां झारसेवा उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्रवाई किये जाने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला गव्य विकास पदाधिकारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# वन प्रमंडल ने हाथी से सुरक्षा के लिए ग्रामीणों के साथ की बैठक, मशाल और पंपलेट भी वितरित किये



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मानव-हाथी द्वंद्व की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए लोहरदगा वन प्रमंडल की टीम द्वारा हनहट ग्राम में शोकाकुल परिवार एवं ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान हाथी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गयी तथा मशाल संबंधित सामग्री वितरित की गयी। इसी क्रम में मकांदु, इटरा, बड़मारा, हुरहद, गीतिलगढ़ और राहे गांव में भी वन विभाग की टीम ने पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये और मशाल, पंपलेट आदि सुरक्षा सामग्री प्रदान की गयी। इस अभियान में प्रभारी वनपाल विपिन टोप्पो, गौतम राम, पंकज कुमार सिंह, प्रवीण कुमार (वनरक्षी), होम गार्ड जवान तथा हाथी मित्र सह वाचर भी उपस्थित रहे। वन विभाग की यह पहल ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सड़क के अभाव में खटिया पर लाद कर मरीज को एंबुलेंस तक पहुंचाया, अस्पताल में मौत

**समय पर एंबुलेंस आता तो मरीज की जान बच जाती : अयुब**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा पंचायत कामता के ग्राम चटुआग निवासी डोमन परहैया की तबीयत बुधवार से खराब था। स्वास्थ्य सहिया के पति नेमा परहैया ने मामले की जानकारी पंचायत समिति सदस्य अयुब खान को फोन पर दिया। अयुब खान ने 108 पर एम्बुलेंस के लिए फोन किया। उन्होंने बताया कि चंदवा सीएचसी से ही एंबुलेंस उपलब्ध करा दिया गया था। एंबुलेंस जब बीमार मरीज डोमन परहैया को लाने के लिए परहैया टोला के लिए चला तो आधे घंटे रेलवे क्रॉसिंग जाम पर फंस गया। फाटक खुला तो एंबुलेंस सड़क के आभाव में परहैया टोला नहीं जा सकी कालीकरण पथ में ही खड़ी रही। गांव में लोगों को जुटाकर खटिया की व्यवस्था की गयी फिर डोमन को खटिया पर सुलाया गया। ग्रामीण नेमा परहैया, सनिका मुंडा, बीनोद परहैया, लालजीत परहैया, सुलेंद्र परहैया, बिफईया परहैया, महेंद्र परहैया और अन्य ने कंधा मे उठाकर करीब आधा किलोमीटर पैदल चलकर आदिम जनजाति मरीज डोमन परहैया को एम्बुलेंस तक पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि डोमन की स्थिति धीरे धीरे काफी गंभीर हो रही थी। अस्पताल ले जाने के क्रम में एम्बुलेंस पुनः करीब 15-20 मीनट रेलवे फाटक जाम में फंस गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां डाक्टर की टीम ने चेकअप कर उन्हें मृत घोषित किया।

अयुब खान ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम पंचायत में सड़क का अभाव होना काफी दुखद है, आज आदिम जनजाति परिवार को अस्पताल तक जाने के लिए सड़क तक नहीं है।

रेलवे फाटक पर एम्बुलेंस नहीं फंसती और एम्बुलेंस उसके गांव तक चला जाता तो आज डोमन परहैया की जान बच सकती थी।

# राशन वितरण में अनियमितता बर्दाश्त नहीं : अश्विनी मिश्रा

**जनप्रतिनिधियों और डीलरों की हुई संयुक्त बैठक, समस्याओं पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा में प्रखंड कार्यालय में खाद्यान्न वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसे गंभीरता से लिया जायेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी उक्त बातें चंदवा उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने गुरुवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक पर कही। अश्विनी मिश्रा ने कहा कि आए दिन ग्रामीणों की शिकायत मिल रही थी कि कम अनाज दिया जा रहा है। इसी समस्याओं का निराकरण के लिए हम सभी जुटे है। उप-प्रमुख ने डीलरों को होने वाली परेशानियों से अवगत होते हुए समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि किसी की मनमानी नहीं चलेगी। किसी भी डीलर को दबाव में नहीं आना है, लाभुकों को उनका अनाज समय पर मिले सबकी जवाबदेही है। इसके साथ ही श्री मिश्रा ने कहा कि जो भी डीलर बैठक में नहीं आते है। उन्हें स्पष्टीकरण पूछा जाये। बीडीओ चंदन प्रसाद ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि खाद्यान्न वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है। इससे अनियमितताओं को रोकने में मदद मिलेगी। इसी महीने के अंत तक तीन माह मई, जून, जुलाई का राशन दे देना है जबकि 15 जून तक अगस्त तक का राशन हर हाल में दे देना है। मौके पर कई डीलरों ने भी अपनी बातों और समस्याओं को रखा। कार्यक्रम का संचालन एमओ चन्दन कुमार, संगीता देवी, बलकु मुंडा, अशोक भुइयां, पुष्पा देवी, फूलजेंसिया टोप्पो, अनिता भगत, ललिता देवी समेत कई जनप्रतिनिधि एवं डीलर मौजूद थे।

# 17 को मनाया जायेगा लोहरदगा का स्थापना दिवस

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 17 मई 2025 (शनिवार) को लोहरदगा जिला का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा किया जायेगा। समाहरणालय मैदान लोहरदगा में सुबह 11 बजे से विकास मेला का आयोजन किया जायेगा जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाया जायेगा। साथ ही अतिथियों द्वारा विभागों के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। इसके पश्चात शाम को नया नगर भवन, लोहरदगा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिता (क्विज, पेंटिंग, स्पीच) का भी आयोजन किया जायेगा जिसके विजेताओं को कार्यक्रम के अंत मे सम्मानित भी किया जायेगा। इस वर्ष 10वीं (सीबीएसइ) की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जायेगा।

# ग्रीनलैंड इंग्लिश मिडिल स्कूल में कराटे चैंपियनशिप जीत कर लौटे खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी में संचालित ग्रीनलैंड इंग्लिश मिडिल स्कूल में स्टेट कराटे चैंपियनशिप जीत कर लौटे खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर शामिल हुई। जहां स्कूल प्रबंधन और छात्र-छात्राओं के द्वारा संतोषी शेखर का कार्यक्रम स्थल में स्वागत किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान रांची में आयोजित स्टेट कराटे चैंपियनशिप में ब्राउन मेडल जीत कर लौटने वाले अमन कुमार और आदर्श कुमार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के हाथो सम्मानित कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संतोषी ने कहा की प्रखंड क्षेत्र में भी कराटे से जुड़े प्रतिभाओं की कमी नहीं है जिसे निखारने का लगातार कार्य सेंसनई मदन लाल की टीम के द्वारा किया जा रहा हैं। उन्होंने यह भी कहा शिक्षा के साथ-साथ स्कूल खेल और कल के क्षेत्र में भी आगे होना चाहिए ताकि वह खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से भी मजबूत बना सके। कार्यक्रम के दौरान मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रत्यय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र होने के बावजूद बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी मजबूत बनाने का काम हमारे स्कूल के द्वारा किया जाता है। इस दौरान मौके पर निर्देशक शिव प्रसाद गुप्ता, रविंद्र सिंह, रवि रंजन, नसीम अंसारी, सोनम गुप्ता, तनवीर चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# बकायेदार दुकानदारों की दुकानें नप ने किया सील

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा द्वारा बड़ा तालाब क्षेत्र में आवंटित दुकानों एवं भूखंडों के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पूर्व में तीन बार नोटिस दिए जाने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने पर चार दुकानदारों की दुकानें आज सील कर दी गयी। इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी आशुतोष एवं प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा मुक्ति कीडो के निर्देश पर नगर प्रबंधक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, कार्यालय कर्मी एवं पुलिस बल की उपस्थिति रही। संबंधित दुकानदार जिन्हें सीलिंग की कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिसमे सुल्तान खान, मो एहसान, मो इरफान व सेराज अंसारी शामिल हैं। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी बकाया राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों पर ऐसी ही कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# स्काउट एंड गाइड का सोपान प्रशिक्षण शिविर शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व और निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त सह राज्य मुख्यालय आयुक्त गौतम लेनिन द्वारा त्रीदिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। स्काउट एंड गाइड का उद्देश्य नवयुवकों की पूर्ण शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना है, जिससे कि वे एक ज़िम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी क्षमताओं के द्वारा स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान कर सकें। शिविर का शुभारंभ स्काउट प्रार्थना से किया गया। तत्पश्चात झंडा गीत के साथ हॉर्स शू बनाकर झंडोत्तोलन किया गया। प्राचार्य के साथ जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन, गाइडर सह जिला प्रशिक्षिका संध्या सिंह, भारत स्काउट एंड गाइड के जिला सचिव सह शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन तथा स्काउटर सह जिला प्रशिक्षक नवनीत गौड ने मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किया तथा स्काउट एंड गाइड पांच दिवसीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का नियमित संचालन शुरू किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों को स्काउटिंग गाइडिंग फंडामेंटल की जानकारी दी गयी। साथ ही भारत स्काउट और गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, चिह्न, लीडरशिप, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना, ड्रेस स्काउट गाइड बैज, विश्व स्काउट गाइड बैज, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, कंपनी बैठक की जानकारी दी गयी। मौके पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन जीने की कला है। इसका प्रशिक्षण प्राप्त कर बच्चे अपना सर्वांगीण विकास करते हुए प्रभावशाली तथा जिम्मेदार व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं।अतः उन्होंने सभी विद्यार्थियों को पूर्ण तन्मयता के साथ शिविर का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। प्रशिक्षण शिविर में पीटी शिक्षक वाल्मीकि सिंह, अमित सिंह तथा मीता बसु, शितेश कुमार पाठक, प्रमित कुमार, आरती कुमारी, पूनम सिंह तथा रजनी प्रसाद में सक्रिय भूमिका निभायी।

### कार्रवाई : ससुर ने बहू पर दर्ज करायी थी एफआइआर

# पत्नी के अवैध संबंध से परेशान पति ने की थी आत्महत्या, दो साल बाद हुई गिरफ्तारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनातू/पलामू।** पत्नी की बेवफाइ और अवैध संबंध से परेशान गुलशन कुमार भारती नामक 25 वर्षीय युवक ने शादी के एक साल बाद ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पिता संजय भुइयां ने इस बाबत अपनी बहू के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसके बाद से वह फरार चल रही थी। हालांकि जांच में जुटी पुलिस ने दो साल के बाद आरोपित महिला को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह मामला पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के चक पंचायत अंतर्गत अदौरिया गांव का है। जानकारी के मुताबिक साल 2022 में अदौरिया गांव के गुलशन कुमार भारती की शादी आरोपित महिला के साथ हुई थी। पर विवाह के एक साल बाद ही यानी 28 अप्रैल 2023 को उसका शव उसके घर से 500 मीटर दूर जंगली क्षेत्र में पेड़ पर फंदे से लटका पाया गया था। तब पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू किया था। हालांकि मृतक के पिता ने बहू पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया था। वहीं, मनातू पुलिस ने पिता के आरोपों पर जांच करते हुए उसकी बहू को मनातू हाट बाजार से घटना के दो साल बाद गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया कि महिला का किसी दूसरे युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। इसी बात को लेकर शादी के बाद से पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। बाद में पत्नी की बेवफाइ से आहत होकर गुलशन ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने गुलशन की आत्महत्या के लिए पत्नी को जिम्मेवार माना है। वहीं, महिला ने भी पूछताछ में प्रेम प्रसंग की बात स्वीकार की है।



पकड़ी गयी महिला की जानकारी देती मनातू पुलिस।

## सेना के सम्मान में सड़कों पर उतरा पलामू

### भारत की सेना हर चुनौती का करारा जवाब देने में सक्षम : बीडी राम

### मोदी है, तो मुमकिन है, देश के जवानों को सलाम : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संस्कृत महाविद्यालय साहित्य समाज चौक से भाजपा, स्थानीय व्यावसायिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा गुरुवार को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें भाजपा सांसद विष्णु दयाल राम, स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रथम महापौर अरुणा शंकर, भाजपा नेत्री स्मिता आनंद सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, नेता एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें अरुणा शंकर तिरंगा लिए सैकड़ों महिला कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुईं। वहां मौजूद लोगों ने गर्मजोशी से महिलाओं का सम्मान के साथ स्वागत किया और भारत माता की जय के नारे लगाये। वहीं, शौर्य तिरंगा यात्रा का जग-जगह स्थानीय लोगों ने स्वागत किया और मिठाई खिलाकर एवं पुष्प वर्ष कर हर चौक चौराहे पर सेना के पराक्रम और शौर्य की गाथा दोहराई गई। कार्यक्रम का समापन छह मुहाना चौक पर हुआ। जहां भाजपा नेता अमित तिवारी ने इस भीषण गर्मी में भी सेना के समर्थन में निकाले गये तिरंगा यात्रा में शामिल होने पर सभी की सराहना करने हुए स्वागत किया। इसके बाद सांसद और विधायकों ने सेना के प्रक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत किया। सरकार को आतंकवाद पर मिली जीच के लिए बधाई दी। इस अवसर पर सांसद बीडी राम ने कबहा कि भारतीय सेना हर चुनौती का करारा जवाब देने में सक्षम हैं। वहीं, अपने संबोधन में अरुणा शंकर ने कहा कि भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को कोई बचाने वाला नहीं होगा। कहा कि तिरंगा भारत माता की शौर्य का प्रतीक है। अन्य वक्ताओं ने भी सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जी की आदमपुर एयर बेस यात्रा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और पाकिस्तान में आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए उनके ठोस कदम की सराहना की। इस मौके पर व्यवसायिक संगठन, पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल, आशीष भगत, अरविंद गुप्ता, संजय कुमार, सुनील कुमार गुप्ता के अलावा लायंस क्लब आफ मोदिनगर के निलेश चंद्र अग्रवाल, ऋषिकेश दुबे, रणजीत मिश्रा और रोहित जैन आदि उपस्थित थे।



## हुसैनाबाद में पलामू डेंटल केयर का शुभारंभ

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के बक्शी हाई स्कूल के समीप पलामू डेंटल केयर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन डॉ गया प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि जपला शहर में सुसज्जित एवं सुविधाओं से लैस डेंटल क्लीनिक का होना अति आवश्यक था। डेंटल क्लिनिक का शुभारंभ होने से अब दांत से संबंधित रोगों के लिए यहां के मरीजों को अन्य शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें कम खर्च में सारी सुविधाओं का लाभ इस क्लिनिक में ही मिल जायेगी। वहीं, डॉ पंकज कुमार ने कहा कि क्लिनिक में आरवीजी कंप्यूटराइज एक्सरे मशीन, मरीजों की आरसीटी से लेकर युवी चेंबर की सुविधा, इंट्रा ओरल इमेजिन मशीन से दांत एवं मुख संबंधी रोगों की जांच से लेकर सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई है।

इस मौके पर अजय कुमार, महेंद्र प्रसाद और अखलेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## पलामू में पुलिस से मुठभेड़ करने वाला टीएसपीसी कमांडर धराया

### 2021 में 26 जनवरी की रात पुलिस पर की थी फायरिंग

12 नक्सली कांडों में था वांछित, पुलिस को थी तलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर सहदेव गंझू उर्फ रौशन उर्फ रंजन जी को गिरफ्तार कर लिया है। लातेहार के बरियातू के श्रीसमाद गांव का रहने वाला रौशन मनातू, छतरपुर, नौडीहा बाजार, पड़वा, बालूमाथ, मनिका और पिपरवार थाना में दर्ज एक दर्जन नक्सली कांडों में वांछित था।



#### लेवी वसूलने की मिली थी सूचना

मनातू पुलिस को वर्ष 2021 में गणतंत्र दिवस की रात एक बड़ी मुठभेड़ का सामना करना पड़ा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का एरिया कमांडर शशिकांत का दस्ता इलाके में ईंट भट्ठा व्यवसायियों से लेवी वसूल रहा है। तत्कालीन अभियान एसपी विजयशंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मधेया गांव के झरकटिया टोला के पहाड़ पर नक्सलियों को घेरा। नक्सलियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से कई राउंड गोलियां चलीं। पुलिस ने एक नक्सली को पकड़ लिया। बाकी नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। इस घटना में 13 नक्सलियों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई थी। रौशन भी इस मुठभेड़ में शामिल था। इसी बीच मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव को सूचना मिली कि रौशन इलाके में आया हुआ है। उन्होंने अपनी टीम के साथ छापामारी कर रौशन को गिरफ्तार कर लिया।

## निर्माणाधीन पुल के पाया का गिरा सरिया-सेटिंग, तीन गंभीर



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला कोयल नदी पर बन रहे पुल के पाया निर्माण के लिये लगाया जा रहा सरिया-सेटिंग अचानक गिर गया। इस घटना में पांच मजदूर घायल हो गये, जिसमें से तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना गुरुवार की शाम 6.15 बजे की है। जानकारी के मुताबिक शंखा से खजुरी तक भाया रेहला-गढ़वा फोर लेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका ठेका शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। यही कंपनी रेहला कोयल नदी पर पुल निर्माण का भी कार्य कर रही है। कोयल नदी पर बन रहे पुल के एक पाया का स्ट्रक्चर खड़ा करने के लिये सरिया-सेटिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान गुरुवार को एकाएक भारभरा कर सरिया-सेटिंग गिर गया। जिसमें कार्य कर रहे पांच मजदूर घायल हो गये। उनकी पहचान झगरूआ गांव निवासी कन्हाई राम, सुनील राम, इदरीश अंसारी, कविलासी गांव निवासी देवानंद चौधरी और बजरंगी के रूप में हुई है। इनमें से कन्हाई राम, सुनील राम और देवानंद चौधरी की हालत गंभीर बतायी जा रही है। इनका इलाज गढ़वा जिला अस्पताल में चल रहा है।

उधर, सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल राम घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायल मजदूरों का हाल जाना। आरोप लगाया कि शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सुरक्षा मानकों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। जिसके चलते यह दुर्घटना हुई है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि जब तक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जाता तब तक निर्माण कार्य को बंद कराया जाए। उन्होंने घायल मजदूरों को मुआवजा देने की भी मांग की।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल, कोडरमा**
Email id :-eebcdkoderma-jhr@nic.in

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–43/2024–25 जिसका पी.आर. संख्या–348130 Building (24-25)#D है के ग्रुप संख्या–02,06,07 एवं 09 को अपरिहार्य कारण से रदद् किया जाता है।

PR 352535 Building(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, कोडरमा



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमंडल,कोडरमा।**
Email id :-eebcdkoderma-jhr@nic. in

**आवश्यक सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–04/2025–26 जिसका पी.आर. संख्या–351021 Building (25-26):D है को अपरिहार्य कारण से रदद् किया जाता है।

PR 352532 Building (25-26)D

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,कोडरमा।


## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने वालों को फांसी हो : डॉ शशिभूषण




आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी आदिवासी नाबालिग लड़की से चार युवक ने 13 मई को सामूहिक दुष्कर्म किया था। जिसके प्रतिवाद में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को कैडल मार्च निकाला। कैडल मार्च पांकी कर्पूरी चौक से अंबेडकर चौक होते हुए वापस कर्पूरी चौक पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। कैडल मार्च में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही आदिवासी समुदाय के लोगों ने एक हाथ में सरना झंडा और दूसरे हाथ में मोमबत्ती लिए हुए दुष्कर्मी को फांसी देने को मांग की। वहीं, विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य की हेमंत सरकार में एक विशेष समुदाय का मनोबल काफी बढ़ गया है। हिंदू बहन-बेटियों के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। विधायक ने राज्य सरकार से चारों दुष्कर्मियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की। इधर, पांकी पुलिस ने चारों आरोपितों सत्याड़ी चौक हरना निवासी दाऊद इब्राहिम उर्फ दाऊद, हरना ग्राम निवासी मो आशिफ उर्फ लडन (25), आरीफ अंसारी (26) और पुरानी ग्राम निवासी नेजाम अंसारी (27) को पांकी पुलिस ने वारदात के 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, जिला महामंत्री विजय ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, ललित मेहता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मिंटी वर्मा, भाजपा नेत्री मंजू लता दूबे, रीमा शर्मा, नीलम देवी सहित आदिवासी समुदाय के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## रेहला से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर एसडीपीओ आलोक टूटी ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की रात रेहला थाना क्षेत्र में छापामारी कर वहां से अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। गुरुवार को उन्होंने बताया कि अवैध उत्खनन को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद बुधवार की रात छापामारी अभियान चलाया गया। इसी दौरान कोयल नदी से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर जा रहे एक ट्रैक्टर को बी मोड़ के पास खदेड़ कर पकड़ा गया। उसे जब्त कर रेहला थाने को सौंप दिया गया है। वहीं, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई के लिये खनन विभाग को सूचना दे दी गयी है।

## 18 को मंत्री इरफान अंसारी करेंगे सीएसआर कांक्लेव का उद्घाटन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनजीओ एसोसिएशन की ओर से गांधी सेवा सदन में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन किया गया। जिसमें 18 मई को लुबी सर्कुलर रोड स्थित कुबेर होटल में होने वाले सीएसआर कांक्लेव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के संदर्भ में सुदर्शन साव एवं सचिव मगधेस कुमार ने बताया कि सीएसआर कॉन्क्लेव का उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी करेंगे। इसमें विधायक राज सिन्हा, विधायक रागिनी सिंह, शत्रुघ्न महतो और अरूप चटर्जी आदि उपस्थित रहेंगें।

### हुसैनाबाद कस्तूरबा विद्यालय में बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल का आयोजन

# विद्यालय का प्रयास बालिकाओं में आत्मविश्वास के साथ ही सांस्कृतिक पहचान भी विकसित करना है : किरण

पीएम श्री योजना के तहत हुसैनाबाद कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं ने किया परंपरागत ज्ञान-विरासत का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पीएम श्री योजना के अंतर्गत बिरसा मुंडा लर्निंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें हुसैनाबाद आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर की गयी। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद छात्राओं द्वारा पारंपरिक संस्कृति, जीवनशैली और आदिवासी धरोहर को प्रस्तुत करते हुए विविध प्रकार के प्रदर्शनों का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने धान काटने का हसुआ, तीर-धनुष, मिट्टी के बर्तन, बांस से बने दौरा, मछली पकड़ने की बंसी और जाल, ढोल, कांसे के लोटे, सूप, कुदाल सहित अनेक परंपरागत कृषि एवं घरेलू उपकरण प्रस्तुत किए। इन वस्तुओं के माध्यम से न केवल ग्रामीण जीवन की झलक मिली, बल्कि छात्राओं की रचनात्मकता और पारंपरिक ज्ञान के प्रति रुचि भी सामने आई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में संथाली और नागपुरी नृत्य की विशेष प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, छात्राओं ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित कहानियों, फोटोग्राफ्स, नाटक और कला-संस्कृति से जुड़े मॉडल्स के माध्यम से उनके जीवन दर्शन और संघर्ष को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वार्डेन किरण कुमारी सिंह ने कहा कि 'इस तरह के आयोजन से छात्राएं अपनी जड़ों से जुड़ती हैं और अपने इतिहास एवं संस्कृति को जानने की प्रेरणा पाती हैं।'

उन्होंने कहा कि विद्यालय का प्रयास है कि बालिकाओं में आत्मविश्वास के साथ-साथ सांस्कृतिक पहचान भी विकसित हो। इस मौके पर शिक्षिका सुष्मिता रानी, रागिनी कुमारी, सुमन कुमारी, शारदा भारती, आरजू खान, अर्शू, नीलम मेहता, मीना और सुमित्रा आदि मौजूद रहीं।




Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement portal**
**Two Envelope system**
**Tender Reference No. WRD/MID/KODERMA/ B.D.M.M.S.L.I - 01/2025-26 Date :- 15.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Mukhyamantri solar energy powered lift irrigation scheme at Basdih , Village-Basdih,Panchayat-Chopnadih, Block-Markacho, Dist-Koderma |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,17,64,300.00 |
| 3. | Cost of Tender Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 2,35,300.00 |
| 5. | Time of Completion | 335 Days |
| 6. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | 26.05.2025 03:00 PM |
| 8. | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | 09.06.2025 05:00 PM |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | 09.06.2025 05:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | 11.06.2025 03:00 PM |
| 11. | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 12. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 9939193214 ccmidkod-ccmr-jhr@nic.in |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
(3) Work will be awarded to those bidders (specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes). Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface Motor Pumps) in the department with all accessories for off-grid standalone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Koderma**

PR 352542 (Minor Irrigation)25-26*D

## संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो में बाल परिषद चुनाव सह शपथ ग्रहण



चैनपुर (आजाद सिपाही)। संत पीटर उच्च विद्यालय टोंगो में गुरुवार को बाल परिषद के चुनाव के लिए, मतदान किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री के पद लिए सुमित मिंज ने 111 वोट ला कर प्रथम स्थान प्राप्त किये। वही सहायक प्रधानमंत्री के पद के लिए सचिन सिंह ने कुल 99 वोट ला कर विजय हुए। विजता घोषणा के बाद कुल 15 विभाग मंत्रिमंडल का घोषणा किया गया। तत्पश्चात सभी मत्रिमंडल के सदस्यों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक फा तेज कुमार बाखला और शिक्षक प्रतिनिधि शिक्षक थदेयुस तिर्की की अध्यक्षता में शपथ दिलायी गयी। वोटिंग के लिए बैलेट पेपर का प्रयोग किया गया, जैसे पंचायत चुनाव किया जाता है ऐसा कराने का मुख्य उद्देश्य बच्चो को वोटिंग की प्रक्रिया को जानने और उनको वोटिंग के प्रति जागरूक करना था। इस लिए पोलिंग ऑफिसर के रूप में बच्चों को ही तैयार किया था। जिसको बच्चों ने उत्सुकतापूर्वक निभाया। वही वोट देने वाले बच्चो ने भी उत्साहपूर्ण मतदान किया। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक फा तेज कु. बाखला फा. रोहित कुजुर, शिक्षक थदेयुस तिकी, रैमेजिएस कुजूर, आशा लकड़ा, अतुल मिज, बरनाबस टोप्पो, शिक्षिका शशि शारदा टोप्पो, अनल एक्का, अरविंद बेक, अंकिता मिंज सहित विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपास्थित थे।

## डगडगीया खरसाला के आदिम जनजाति के लोग बीडीओ से मिले, सड़क समस्या की दी जानकारी



घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डगडगीया खरसाला के आदिम जनजाति गुरुवार को घाघरा प्रखंड कार्यालय पहुंचे और प्रमुख सविता देवी से मिल अपनी समस्याओं को रखा जिसके बाद प्रमुख के नेतृत्व में सभी बीडीओ दिनेश कुमार से कार्यालय में मिले। इस दौरान लोगों ने बीडीओ को आवेदन देते हुए आने-जाने के लिए सड़क नहीं होने की जानकारी दी और बनवाने का आग्रह किया है। सोमा असुर ने बताया कि गांव में लगभग 30 से 40 आदिम जनजाति परिवार के लोग रहते है। गांव से आदर आने के लिए लगभग 5 किलोमीटर तक सड़क नहीं है। रास्ता नहीं होने के कारण आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में आने में परेशानी होती है। किसी का यदि तबीयत खराब हो जाए तो उसे अस्पताल तक लाना हम लोगों के लिए नामुमकिन है। साथ ही लोगों ने सड़क के साथ-साथ बिजली का भी मांग किया है। जिस पर बीडियो ने त्वरित संज्ञान लेते हुए सहायक अभियंता सत्येंद्र उरांव व कनीय अभियंता पंकज साहू को तुरंत स्थल निरीक्षण के लिए जाने का निर्देश दिया और रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया ताकि जिला को रिपोर्ट भेजा जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख सविता देवी, सोमा असुर, लालदेव असुर, धनबीर असुर, सोमारी असुराईन, फुलदेव असुर, अनिल असुर, विष्णु असुर, बुद्धेश्वर असुर और रवि असुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## घाघरा पंचायत समिति की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख सविता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान थाना से आए एसआई उपेंद्र पाठक को निर्देश देते हुए कहा कि आए दिन घाघरा प्रखंड में सड़क दुर्घटना का ग्राफ बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण सड़कों के किनारे शराब की बिक्री, ड्रग्स, गांजा और नाबालिग का गाड़ी चलाना इन सभी पर पुलिस जांच कर करवाई करे ताकि सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता को निर्देश देते हुए कहा की गर्मी को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के गांव में जो भी खराब पड़े चापाकल है उन सभी को जल्द से जल्द मरम्मत कराये ताकि लोगों को आसानी पानी मिल सके। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर हमेशा अनुपस्थित रहते हैं और डॉक्टरों का व्यवहार भी कुशल नहीं है। सांप काटने और कुत्ता काटने जैसे घटना पर तुरंत डॉक्टर के द्वारा रेफर कर दिया जाता है, जबकि दवा स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। प्रखंड आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र में आयुर्वेद की दवा नहीं होने पर उपायुक्त से दवा उपलब्ध कराने का आग्रह करने की बात कही गयी। सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बिल्कुल ही खराब है घाघरा प्रखंड के 27 स्कूल सिर्फ एक शिक्षक पर निर्भर है ऐसे में शिक्षा के स्तर को बढ़ा पाना काफी मुश्किल है। इन सभी समस्याओं पर जल्द पहल करने का आग्रह भी किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख सबिता देवी, बीडिओ दिनेश कुमार, उप प्रमुख शिवा देवी, बीपीओ बेबी कुमारी, शंकर साहू, सतीश बंसल, सत्येंद्र उरांव, विपिन साहू, पंकज साहू, सीमा देवी, रामरीत उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## 10वीं की परीक्षा में बसिया के उर्सुलाइन स्कूल कोनबीर नवाटोली में माही बनी स्कूल टॉपर



गुमला (आजाद सिपाही)। बसिया के उर्सुलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल कोनबीर नवाटोली की छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में बेहतर रिजल्ट किया। इस विद्यालय से कुल 24 छात्राओं ने सफल होने का गौरव प्राप्त किया। पूरे विद्यालय में माही परवीन टॉपर बनी। वह इस परीक्षा में 80 प्रतिशत अंक लाकर शीर्ष पर रहीं। वहीं प्रिंसी कुमारी व शोभा कोंगाड़ी ने 79 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में सेकंड टॉपर का स्थान प्राप्त किया। स्कूल में तीसरे नंबर पर साक्षी गुप्ता रही। जिन्होंने 76 प्रतिशत मार्क प्राप्त किया। अनुश्री बाला ने 72 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के चौथे पायदान पर अपना कब्जा बनाए रखा। सफल 24 छात्राओं में 16 छात्राओं ने 60 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये। वहीं 7 छात्राओं ने 50 प्रतिशत तक अंक मिले। इस अवसर पर स्कूल टॉपर माही परवीन बसिया के किनदिरकेला की रहने वाली हैं। उनकी मां शमा परवीन ने कहा कि यह हमारे परिवार के लिए खुशी का अवसर है। माही के टॉपर होने से घर में उत्सव सा माहौल है। पिता तैयब खान ने माही के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवार के सदस्य एक दुसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांट रहे हैं।

# 70 साल से रह रहे ग्रामीणों को दबंगों ने गांव से खदेड़ा

**पीड़ितों ने सुरसांग थाना में शिकायत दर्ज करायी**

आजाद सिपाही संवाददाता



रायडीह। भले ही हम संविधान, कायदे और कानून की बात करें लेकिन आज भी असली राज दबंगों का चलता है। जिले के रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र में कोब्जा पंचायत स्थित है। इस पंचायत के अंतर्गत आता है टेड़हाचुवां गांव। इस गांव में 70 साल से रह रहे ग्रामीणों को गांव के ही दबंगों द्वारा जबरन गांव से खदेड़ दिये जाने की सूचना मिल रही है। इस मामले को लेकर गुरुवार को अपराह्न 3 बजे अशुन्ती कुमारी, मंगन देवी और नवीन देवी ने सुरसांग थाना पहुंचकर शिकायत भी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि वे अपने-अपने परिवार के साथ वर्षों से वहां मकान बनाकर रह रहे हैं। अब अबुवा आवास योजना के तहत नया मकान बनवा रहे हैं। कुछ काम हो भी चुका है।

इसी दौरान गांव के छोटे तुरी और जतरु तुरी ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। दोनों ने धमकी दी कि जबरन निर्माण किया तो ईंट से सिर फोड़कर जान से मार देंगे। पीड़ितों ने बताया कि छोटे तुरी पहले भी इसी जमीन विवाद में रितभंजन तुरी की हत्या कर चुका है। वह जेल की सजा काटकर बाहर आया है।

ग्रामीणों ने आपसी समझौते के लिए कोब्जा पंचायत के मुखिया को सूचना दी थी। मुखिया ने समझौता कराने की कोशिश की लेकिन छोटे तुरी और जतरु तुरी ने मानने से इनकार कर दिया। सुरसांग थाना और रायडीह अंचल कार्यालय के सीओ व कर्मचारियों ने भी समझौता कराने की कोशिश की पर कोई असर नहीं हुआ। दोनों अब भी धमकी दे रहे हैं और लोगों को गांव से भगाने की कोशिश कर रहे है। ग्रामीण डरे सहमे हुए है।

## गुमला स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

गुमला (आजाद सिपाही)। आगामी 18 मई 2025 को आयोजित गुमला स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थापना दिवस के विभिन्न प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। स्थापना दिवस के दिन जिले के सभी शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। समाहरणालय स्थित परिषद भवन में गुमला के इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित एक परिचय समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर गुमला की ऐतिहासिक स्मृतियों, विरासत और प्रमुख उपलब्धियों को संजोने के उद्देश्य से एक फोटो गैलरी के विमोचन की योजना बनायी गयी है।

## तीन माह का राशन देने का फैसला स्वागत योग्य : रमेश कुमार चीनी

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने मानसून के पहले गरीबों को तीन माह का राशन एक साथ देने का निर्णय लिया है। निर्णय के अनुसार गरीबों को माह जून, जुलाई और अगस्त का राशन एक साथ दिया जायेगा। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने इस फैसले की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह फैसला मॉनसून और बारिश की आशंका को देखते हुए लिया गया है। सरकार का उद्देश्य है कि आपदा के समय भी कोई गरीब भूखा न सोये। सरकार ने आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और हर प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी की है। निश्चित सरकार गरीबों के हित में काम कर रही है। इससे लाभुकों को लाभ होगा और उन्हें सरलता के साथ तीन माह का राशन एक साथ उपलब्ध हो सकेगा।

## राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाल संसद का गठन, दी कर्तव्य की जानकारी



बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सातो में बाल संसद का गठन किया गया। सर्वप्रथम बच्चों के बीच बाल संसद के कार्यों और गठन की प्रक्रिया पर जानकारी दी गयी जिसके बाद छात्राओं को लोकतंत्र के महत्व को समझने व विद्यालय प्रबंधन में अपनी भागीदारी निभाने के लिए बाल संसद का गठन प्रत्यक्ष मतदान से कराया गया। जहां प्रधानमंत्री पद के लिए अंजना कुमारी एवं उप प्रधानमंत्री के लिए अनुज उरांव का चयन किया गया। वहीं सूचना प्रसारण मंत्री निखिल उरांव एवं मनीषा कुमारी सुरक्षा न्याय मंत्री आर्यन उरांव और अमर मुनि वित्त मंत्री दीपिका कुमारी एवं उप मंत्री आजाद लोहार सांस्कृतिक मंत्री शासिका कुमारी उप संस्कृत मंत्री नितेश उरांव खेल मंत्री के लिए अमरजीत लोहार उप खेल मंत्री खुशबू कुमारी का चयन किया गया। बाल संसद के चयनित सभी 11 सदस्यों को विद्यालय की प्रधानाध्यापक राजेश बैठा ने उनके अधिकार व कर्तव्य का बोध कराया। उन्होंने बताया कि बाल संसद का गठन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इसमें विद्यालय के शिक्षकों का सहयोग आवश्यक है। बाल संसद गठन से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है किसी समस्या के निराकरण या अन्य विषयों पर निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। इस अवसर पर शिक्षक बिंदेश्वर भगत अरुण कुमार नाथ सत्येंद्र लकड़ा सुशांति केरकेट्टा एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मीरा देवी उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत उपस्थित थे।

## बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों पर प्राथमिकी

सिसई (आजाद सिपाही)। विद्युत विभाग के द्वारा औचक छापेमारी के दौरान प्रखंड क्षेत्र के पांच लोगों पर अवैध बिजली चोरी करने को लेकर सहायक अभियंता हरि उरांव ने सिसई थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। आवेदन में कहा है कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी दल गठित कर सिसई के डाड़हा, मेन रोड और भदौली क्षेत्र में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पांच लोगों को अवैध हुकिंग और बाइपास कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। पकड़े गये लोगों में ड़ाडहा गांव के पिंकी देवी के उपर 13107 रुपये, ड़ाडहा निवासी जगदीश साहु पर 10922 रुपये, ड़ाडहा निवासी अजय साहु पर 10922 रुपये, भदौली गांव निवासी अरकितानंद देवघरिया पर 34952 रुपये और भदौली की रंजनी देवी पर पहले से बकाया राशि 37267 रुपये और 21845 रुपये का जुर्माना लगाया है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में ऑपरेटर की मनमर्जी से महिलाएं परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



बिशुनपुर। अपर समाहर्ता गुमला के निर्देशानुसार इन दीनों प्रखंड मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी केंद्र के लाभुकों का आधार अध्यतन कैंप का आयोजन 13 मई से 17 मई तक किया गया है, जहां आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़े तमाम लाभार्थी महिलाओं का आधार में मोबाइल लिंक किया जाना है। इस कार्य के लिए प्रशासन के द्वारा कैंप में पांच ऑपरेटर की उपस्थिति सुनिश्चित की गयी है ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र से आने वाले लाभार्थी महिलाएं आसानी से अपने आधार में मोबाइल लिंक कर सके और आंगनबाड़ी केंद्रो में पोषाहार के लाभुकों का सत्यापन हो सके। जिसके लिए ऑपरेटर कैलाश भगत सुनील उरांव उमेश कुमार वर्मा पवन भगत बलींदर भगत आदि को लगाया गया है परंतु उनके मनमर्जी के कारण महिलाएं परेशान हैं। गुरुवार को निरासी बोरांग घाघरा बनालात आदि सुदरवर्ती क्षेत्र के लगभग 100 महिलए छोटे-छोटे बच्चे लेकर मोबाइल लिंक कराने सुबह 9 बजे ही पहुंचे थे परंतु दिन के 2 तक आंगनबाड़ी केंद्र के कैंप में ऑपरेटर नदारत थे जिस कारण उन्हें बेरे घर लौटना पड़ा। जिसकी सूचना जिला परिषद सदस्य पवन उरांव को हुई तो उन्होंने उक्त ऑपरेटर को फोन कर अनुपस्थित रहने का कारण पूछा जिस पर उन्होंने साफ कह दिया कि हम लोगों का पोस्ट ऑफिस में किसी चीज का ट्रेनिंग चल रहा है। जिस पर पवन उरांव ने उक्त लोगों को फटकार लगाते हुए कहा कि जब आप लोगों को कैंप में उपस्थित नहीं होना था तो इतनी भारी संख्या में लाभार्थियों को आप लोगों ने किस लिए बुलाया है। हालांकि इतनी बात होने के बाद ऑपरेटर फोन काट दिया। इधर महिला पर्यवेक्षक शकुंतला देवी ने बताया कि हम लोगों के द्वारा भी फोन करने पर उक्त लोगों के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है जिससे हमारे केंद से जुड़ी महिलाएं परेशान है।

## परसापानी में सहायिका चयन को स्थगित करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अति सुदूरवर्ती परसा पानी गांव के आदिम जनजाति ग्रामीण काफी संख्या में गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बुधवार को हुए सहायिका चयन को 15 दिन के लिए स्थगित करने का मांग पत्र सीडीपीओ के नाम महिला पर्यवेक्षक को सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव में भी पढ़ी-लिखी बहू है परंतु वह बाहर है। हम लोगों को प्रकिया की जानकारी नहीं थी विभाग के द्वारा गांव में पढ़ी-लिखी बहू नहीं मिलने पर दूसरे गांव हेसराग की एक महिला चयन बुधवार को कर दिया गया है। हम लोगों का मांग है कि हमारे गांव से जो पढ़े-लिखे लोग है उन्हें हम गांव बुलायेंगे और चयन उन्ही का होना चाहिए ताकि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का बेहतर संचालन हो सके। मामले की जानकारी जिला परिषद सदस्य पवन उरांव को मिली तो उन्होंने भी महिला पर्यवेक्षक से आग्रह करते हुए कहा कि अगर गांव में ही पढ़ी-लिखी बहु बहु है तो चयन में प्राथमिकता विभाग उनको दे ना की दूसरे गांव के लोगों को।

# भुईंहरी जमीन से अवैध कब्जा हटाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। सिसई थाना क्षेत्र के लकेया गांव निवासी चामू उरांव ने अपने भूमिहरी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा हटाने और जाति सुचक गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को गुमला एसपी को आवेदन देकर जमीन से अवैध कब्जा हटाने और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। अपने आवेदन में चामू उरांव ने कहा कि लकेया के कुम्हार मोड़ पर स्थित नेशनल हाइवे रोड के किनारे पर मेरा 1.59 एकड़ भुईंहरी जमीन है। जिस पर सिसई के मेन रोड निवासी इस्लाम अंसारी उर्फ टिंकू के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के नियत से मेरे जमीन पर पिलर खड़ा कर बाउंड्री कराया जा रहा है। मैं जब बाउंड्री का विरोध करने पहुंचा तो टिंकू अंसारी के द्वारा मुझे जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मुझे उक्त जमीन से धक्का मारकर बाहर कर दिया और कहने लगा कि दुबारा इस जमीन पर कदम रखेगा रे कोल तो तुमको इसी जमीन पर मारके गाड़ देंगे। इस पर चामू उरांव ने अपने समाज के अगुआ लोगों को जानकारी दी गयी। मामले की गंभीरता को देखते हुए समाज के लोगों ने बैठक कर चामु को उक्त घटना की जानकारी प्रशासन को देने, प्रशासन से जमीन पर हो रहे अवैध कब्जा हटाने और आरोपी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कुड़ुख विद्यालय में नौवीं के छात्र-छात्राओं का रहा बेहतर प्रदर्शन

सिसई (आजाद सिपाही)। गुमला झारखंड अधिविद् परिषद, रांची द्वारा कक्षा नौवीं का रिजल्ट प्रकाशित किया गया। प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय शिवनाथपुर सिसई के छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किये। कक्षा नौवीं के मनिषा उरांव स्कूल टॉपर रही अपने परिवार और पूरे विद्यालय को गौरवान्वित की प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय शिवनाथपुर सिसई पिछले 17 वर्षों से शत प्रतिशत रिजल्ट दे रहा है शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी भी दी जाती है, कक्षा नौवीं में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र छात्राओं को प्रधानाध्यापक द्वारा मनोबल बढ़ाते हुए आगे भविष्य में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दी गयी एवं आदिवासी सहयोग समिति गुमला की ओर से शिक्षा समिति एवं छात्र छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।


**कार्यालय अंचल अधिकारी, कोडरमा**

**(प्रेस विज्ञप्ति)**

''सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा– गुमो, थाना नं0–12 अन्तर्गत खाता सं0– 220, प्लॉट सं0– 6211, 5925 एवं 5989 गैरमजरुआ खास खाते की भूमि है। इस भूमि पर जो भी व्यक्ति निर्माण कार्य कर रहे हैं या घर–मकान बनाकर निवास कर रहे हैं, तो वे अंचल कार्यालय, कोडरमा में संबंधित भूमि का राजस्व कागजात प्रस्तुत करें। अन्यथा बाध्य होकर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।''

अंचल अधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.352529 District(25-26):D



**झारखण्ड लोक सेवा आयोग**
**सर्कुलर रोड, राँची**

**प्रेस विज्ञप्ति**

विज्ञप्ति संख्या–........................ दिनांक ........................

**झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची के लिए बाह्य स्रोत से वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण के लिए पुनर्निविदा सूचना।**

राज्य सरकार के संकल्प संख्या 2316/वि0 दिनांक 04.10.2024 के क्रम में झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची के लिए बाह्य स्रोत से वाहनों की आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक आपूर्त्तिकर्त्ताओं का चयन कर वाहन का दर निर्धारण किया जाना है। अतः ऐसे इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता, जो झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची द्वारा निर्धारित शर्त्तों के अन्तर्गत वाहन उपलब्ध कराने में सहमत हैं, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक–**06.06.2025** को अपराह्न **05:00** बजे है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शर्तें तथा अन्य विवरण झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची के आधिकारिक वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

ह0/–
उप सचिव (सामान्य),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची

PR 352516 (Jharkhand Public Service Commission)25-26*D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
**(जिला खेल शाखा)**

दूरभाष : ........................ Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक 133 दिनांक 14.05.2025 के द्वारा रामगढ़ जिला के वैसे खिलाड़ी एवं उनके प्रशिक्षक, जिन्होने **दिनांक 01.04.2024** के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलो के विभिन्न अन्तराष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हो तथा विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक 11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की आहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हों, जिन्हे अभी तक नकद पुरस्कार राशि प्राप्त नहीं हो सकी है, उनसे **''नकद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)''** हेतु विहित् प्रपत्र में आवेदन जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन आमंत्रित किया गया है। योग्य खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक 11.03.2023 के अनुसार नकद पुरस्कार राशि देय होगा।

जिले के योग्य खिलाड़ी/प्रशिक्षक ''नकद पुरस्कार/सम्मान राशि'' हेतु अपना आवेदन विहित् प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरकर अनिवार्य रूप से **दिनांक 31.05.2025 के अप0 05:00 बजे** तक जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय, भवन A- Block, द्वितीय तल कमरा सं0–303 छत्तरमाण्डू, रामगढ़ में जमा करेंगे। आवेदन का प्रपत्र एवं सम्मान राशि संबंधी विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक 11.03.2023 की प्रति निदेशालय के वेबसाईट–https://sports.jharkhand.gov.in एवं https://ramgarh.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR.NO.352550 District(25-26):D


## खेल की खबर

# इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडी इंट्रा कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। गुरुवार को तीन दिवसीय 'इंट्रा कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप' की शुरूआत इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडी, रांची में हुई। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन प्रोफेसर निशिकांत प्रसाद ने पहली चला चढ़कर किया। इस टूर्नामेंट में सेमेस्टर 2, 4, 6, 8 और 10 के कुल 32 छात्र -छात्राएं भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 5 राउंड की है। हर राउंड का समय 30 मिनट निर्धारित है। पांचों राउंड में सबसे अधिक अंक लाने वाला प्रतियोगी प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। इस अवसर पर सभी प्रतियोगी उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ मोहम्मद जाकिर, सचिन और आर्यन के देख रेख में खेला जा रहा है।

## भाजपा महानगर और ग्रामीण जिला ने निकाली भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा

# प्रधानमंत्री और भारत के वीर जवानों के साथ पूरा देश खड़ा है: ढुल्लू महतो

भारत की सामरिक शक्ति का अब पूरी दुनिया लोहा मान रही : शत्रुघ्न महतो

## ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने सभी देशवासियों का सीना चौड़ा कर दिया : राज सिन्हा

## मोदी जी के रहते भारत पर जो बुरी निगाहें रखेगा उसे ऐसा ही मुहतोड़ जवाब मिलेगा : रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा महानगर एवं ग्रामी जिला के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को कंबाइंड बिल्डिंग से शहीद रणधीर वर्मा चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसमें सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, महानगर अध्यक्ष सरवन राय, ग्रामीण जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन के रविंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष रामनाथ मिश्रा, उपाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, बालमुकुंद शर्मा, देवेंद्र कुमार सिंह, विजन कांति मुखर्जी और निर्मला सिंह आदि शामिल हुए। इनके अलावा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयंका, सचिव अजय नारायण लाल, बिनोद गुप्ता, विकास कंधवे के साथ हजारों लोग एवं पार्टी कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते चल रहे थे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी



तिरंगा यात्रा को संबोधित करते विधायक राज सिन्हा।

शामिल हुईं। तिरंगा यात्रा विभिन्न मागों से होते हुए शहिद रणधीर वर्मा चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साथ खड़ा है। जबकि ऐसी परिस्थिति में भी कांग्रेस दोहरी राजनीति कर रही है। राहुल गांधी देश और सरकार के हर कदम में चलने का केवल दंभ भर रहे हैं, जबकि कांग्रेसी नेता जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया त्रिनेत्र जैसे नेता लगातार भारतीय सेना की क्षमता पर प्रश्न कर देश का अपमान कर रहे हैं। पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता के साथ हमारे वीर सैनिकों के सम्मान, उनकी वीरता, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक 'एक राष्ट्र एक तिरंगा' यही हमारी पहचान है। आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान में घुसकर उसकी हेकड़ी भारत के वीर जवानों ने निकाल की। उनकी वीरता को सलाम करते हैं। वहीं, विधायक राज सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने सभी देशवासियों का सीना चौड़ा कर दिया है। मोदी जी के नेतृत्व में यह नया भारत है, जो शब्दों से नहीं नीतियों से जवाब देता है। यह मोदी जी का भारत है जहां हम हर सिपाही के साथ खड़े हैं। कहा कि आज भारत सुरक्षित हाथों में है। वहीं, विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी जैसे नेतृत्व क्षमता के रहते भारत पर जो बुरी निगाहें रखेगा उसे ऐसा ही मुहतोड़ जवाब मिलेगा। विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि भारत की सामरिक शक्ति का अब पूरी दुनिया लोहा मान रही है। दुश्मन को इसी भाषा में जवाब मिलेगा। भारत से जो भी टकराएगा उसका यही हश्र होगा। जबकि महानगर अध्यक्ष सरवन राय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पूरे भारतवासियों को नई ऊर्जा प्रदान की है। इनके अलावा तारा देवी, घनश्याम ग्रोवर, रमेश राही, सत्येंद्र कुमार, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन के रविंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष रामनाथ मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज किशोर सिंह, बालमुकुंद शर्मा, देवेंद्र कुमार सिंह, विजय कांति मुखर्जी, दिनेश मोदक और अशोक कुमार यादव आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, बलदेव महतो, नीताई राजवार, पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, मनोज मिश्रा, महेश पासवान, वीरेंद्र हांसदा, अनिल कुमार, निर्मला सिंह, ज्ञान रंजन सिन्हा, रूपेश सिन्हा, फूल जोशी, धर्निधर मंडल, मोहन कुंभकार, शेखर सिंह, नरेंद्र त्रिवेदी, अभिमन्यु कुमार, अभाविप के प्रदेश सह मंत्री अंशु तिवारी, नीरज निखिल हरगोविंद पाठक, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, अभय जायसवाल, रीता यादव, अभिमन्यु कुमार, सोनी सिंह गीता सिंह, रुमकी गुप्ता, शिल्पी घोष, गीता सिंह, मौसम सिंह, काजल नाग, कृष्णा हाजरा, डी के सिंह, और पुष्पा राय आदि उपस्थित थे।

## बिजली चोरी करते पकड़े गये 70 लोगों पर केस दर्ज, 13 लाख का लगा जुर्माना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जेबीवीएनएल की टीम ने धनबाद और चास सर्किल में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 646 स्थानों पर छापामारी कर 70 लोगों को चोरी से बिजली का इस्तेमाल करते पकड़ा गया। टीम ने संबंधित थाने में उनके खिलाफ केस दर्ज कराते हुए 13 लाख 89 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जेबीवीएनएल धनबाद सर्किल के अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप ने बताया कि धनबाद सर्किल में 354 जगहों पर छापामारी कर 31 लोगों को पकड़ा गया। उनपर सात लाख 52 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। जबकि बोकारो के चास सर्किल में 293 स्थानों पर छापामारी कर 39 लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए छह लाख 37 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## जवानों की सलामती के लिए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला ने किया हनुमान चालीसा पाठ



**कतरास (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अगुवाई में भारत के वीर जवानों की सुरक्षा एवं सलामती को लेकर गुरुवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन किया गया। आचार्य द्वारा पूजा अर्चना के बाद सामूहिक रूप से सभी महिलाओं ने हवन कुंड में आहूति दी। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष रीतू अग्रवाल ने कहा कि भारत के वीर जवानों द्वारा सालों भर देश की सीमाओं पर लगातार अपने पराक्रम का परचम लहरा रहे हैं। उनके अदम्य साहस, कर्तव्य निष्ठावान, सेवा तो सदैव ही सराहनीय है। आज हम सब ने मिलकर उनकी ओर से उनके परिजनों की सलामती के लिए हवन और हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया है, ताकि ईश्वर की शक्ति हमेशा उनके साथ बनी रहे। इस मौके पर प्रियंका चौधरी, मीना अग्रवाल, अनिता खंडेलवाल, सरोज अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, मीतू अग्रवाल, मंजू पटवारी, चंद्रावती देवी, दीप्ति गुप्ता, सुषमा गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

## कतरास कॉलेज में दो वर्षों बाद खुला पुस्तकालय

**कतरास (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के प्रयास से विगत दो वर्षों से बंद कतरास कॉलेज का लाइब्रेरी गुरुवार को खुल गया। इसका लाभ कतरास कॉलेज के छात्रों को मिलेगा। वहीं, लाइब्रेरी खुलवाने को लेकर अभाविप के अध्यक्ष सिंटू मुखर्जी का आंदोलन रंग लाया। छात्रों ने बताया कि वर्तमान समय में प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा के लिए अद्यतन अध्ययन सामग्री की अत्यंत आवश्यकता है। सिंटू मुखर्जी ने कहा कि अभाविप हमेशा छात्रहित में कार्य करता है। पुस्तकालय शिक्षा का मूल आधार है और इसे दो साल तक बंद रखना छात्रों के साथ अन्याय थ। इस मौके पर उपाध्यक्ष बिपिन पांडे, आलोक कुमार दा, तुषार कुमार, कुमकुम बाला, सुमन कुमारी, सीमा कुमारी और सोनी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## कथारा पुलिस ने फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तिहार

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ महिला थाना और कथारा ओपी पुलिस टीम ने फरार आरोपित झिरकी पंचायत के रिजवी मुहल्ला निवासी मो अजमल अंसारी के विरुद्ध न्यायालय की ओर से निर्गत इश्तेहार पर को चिपकाया। इस दौरान कथारा ओपी के सअनि केएन पाठक सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे। पुलिस ने आरोपी के भाई एवं पिता की उपस्थिति में घर के दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया। महिला थाना के सअनि जुलयाना धान एवं सअनि नागेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध रामगढ़ महिला थाना में भादवि की धारा 376, 417 और 323 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार छापामारी कर रही है।

# किताब, ड्रेस, जूते, स्कूल बैग खरीदने में नहीं चलेगी निजी स्कूलों की मनमानी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के कोई भी निजी स्कूल विशेष दुकान से बच्चों के लिए किताब, ड्रेस, जूते, बैग आदि खरीदने का दबाव अभिभावकों पर नहीं बना सकता। स्कूल कैंपस में भी किताब नहीं बेच सकते। किताबों की अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) की जांच करना आवश्यक है। कुछ निजी स्कूल द्वारा बिना एमआरपी छापे किताबें की बिक्री करना नियमों का घोर उल्लंघन है। ऐसे सभी निजी स्कूलों को नियमों का पालन करने और व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए दो सप्ताह का समय दें। इसके बाद नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करने की अनुशंसा करें। उक्त निर्देश डीसी माधवी मिश्रा ने दी। वे गुरुवार को जिला स्तरीय शुल्क समिति की बैठक



की अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों ने भी निजी स्कूलों की मनमानी से संबंधित विभिन्न शिकायतें की है। कहा कि किताबों की एमआरपी की सत्यता जानने के लिए ऑनलाइन जांच करें। गलती से की गई गलती को सुधारने के लिए निजी विद्यालयों को समय दिया जा सकता है, लेकिन जानबूझकर ऐसा करने वाले और किताब, ड्रेस, जुते, स्कूल बैग खरीदने में अपना एकाधिकार रखने वाले निजी स्कूलों के विरुद्ध जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ना अभिभावकों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। निजी स्कूल द्वारा विभिन्न तरह की फीस लेना, नियम विरुद्ध अप्रत्याशित रूप से फीस में बढ़ोतरी करना इत्यादि अभिभावकों की जेब के साथ-साथ बच्चों पर भी दबाव बनाता है। वहीं, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने स्कूल बसों की जांच करने का आग्रह किया। कहा कि कई निजी स्कूल रिजेक्टेड बस चलाते हैं। साथ ही बस, वैन एवं ऑटो ड्राइवर, स्कूल के गार्ड का चरित्र प्रमाण पत्र की जांच करने का भी अनुरोध किया। जबकि विधायक राज सिन्हा ने निजी स्कूलों में बीपीएल ऐडमिशन में नियमों का पालन नहीं करने, विशेष मुद्रक की ऊंची कीमत देकर किताब खरीदने, स्कूल बैग का वजन सहित अन्य मनमानी से अवगत कराया।

# ट्रक से टकराने के बाद कंटेनर में लागी आग, 20 फ्रीज जलकर राख

## एनएच-19 कुलगो टोल प्लाजा के समीप हुआ हादसा

- लोगों ने की डुमरी अनुमंडल में भी अग्निशमन वाहन की व्यवस्था करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/बेरमो।** डुमरी थाना क्षेत्र के एनएच-19 कुलगो टोल प्लाजा के समीप गुरुवार की सुबह ट्रक से टकराने के बाद रेफ्रिजरेटर (फ्रीज) लदे कंटेनर ट्रक में भीषण आग लग गयी। जब तक दमकल के इंजन मौके पर पहुंचते तब तक आधा कंटेनर जल चुका था। जिस कारण कंटेनर में लदे फ्रीज में से 20 जलकर राख हो चुके थे। हालांकि स्थानीय ग्रामीणों की सक्रियता से कुछ फ्रीज को जलने से बचा लिया गया। इस घटना के बाद कंटेनर चालक मौके पर ही वाहन छोड़कर वहां से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक इस दिन एक कंटेनर तेज रफ्तार में जा रहा था। तभी एनएच-19 कुलगो टोल प्लाजा के समीप सड़क पर खड़े एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार



दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर का केबीन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कुछ देर के बाद धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते कंटेनर से आग की लपटे उठने लगी और धीरे-धीरे पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। यह देख वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। इसी बीच गिरिडीह के अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। आरोप है कि काफी देर बाद वहां से दमकल के इंजन मौके पर पहुंचे, तबतक आधआ कंटेनर और उसमें लगा रेफ्रिजरेटर जल चुका था। इसके बाद अग्निशमव विभाग के कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं लोगों का कहना है कि डुमरी अनुमंडल में एक अग्निशमन वाहन की व्यवस्था रहती तो आज इस घटना को तुरंत रोका जा सकता था और वाहन में रखें सामान को सुरक्षित निकाला जा सकता था। लोगों ने मांग की कि अनुमंडल क्षेत्र में अविलंब एक अग्निशमन वाहन की व्यवस्था की जाए। वहीं, आजसू नेता पिंटू कुमार ने जिला प्रशासन से डुमरी अनुमंडल में एक अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग जिला प्रशासन से की है। दूसरी ओर, वाहन में लगी आग बुझाने में स्थानीय लोगों के साथ ही प्रधान अग्निशामक रमेश तिवारी एवं अग्नि वाहन चालक अशोक कुमार दास ने भी काफी मशक्कत की।


प्रपत्र VI 'क'
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(भू–अर्जन शाखा)


प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
ज्ञापांकः–1121/भू0अ0दिनांकः–10.05.2025

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–**बरवाडीह**, थाना नं0–**56** थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण हेतु** अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**बरवाडीह**,थाना–**पत्थलगड्डा**, थाना नं0–**56**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.65456** एकड़ यानि **0.264896** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | - | 246 | – | – | 0.0033 | बिनय सिंह पिता– वकील सिंह | नीज | पक्की सड़क | नीज मकान | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 02 | 26 2 | 247 | रैयती | टांड़ II | 0.0024 | बिनय सिंह पिता– वकील सिंह | बिमल सिंह | पक्की सड़क | बिमल सिंह | नीज |
| 03 | 55 | 277 | रैयती | टांड़ II | 0.0015 | सत्य भामा देवी पति– बिमल सिंह | नीज | पक्की सड़क | प्रमेश्वर दांगी | बिनय सिंहु |
| 04 | 55 | 278 | रैयती | टांड़ II | 0.0015 | सत्य भामा देवी पति– बिमल सिंह | नीज | पक्की सड़क | प्रमेश्वर दांगी | बिनय सिंह |
| 05 | 55 | 278 | रैयती | टांड़ II | 0.0010 | प्रमेश्वर दांगी वगै0 पिता– बढ़न महतो | नीज | पक्की सड़क | ओम गंझू | नीज |
| 06 | - | 289 | – | – | 0.0042 | प्रमेश्वर दांगी वगै0 पिता– बढ़न महतो | नीज | पक्की सड़क | ओम गंझू | नीज |
| 07 | - | 289 | – | – | 0.0020 | ओम गंझू पिता– कमील गंझू | दांगी | पक्की सड़क | बजरंगी राम | प्रमेश्वर दांगी |
| 08 | - | 289 | – | – | 0.0020 | तालेश्वर दांगी पिता– दुखन महतो | उत्तम दांगी | पक्की सड़क | अशोक राम | ओम गंझू |
| 09 | - | 289 | – | – | 0.0020 | सुधा देवी पति– अशोक राणा | उत्तम दांगी | पक्की सड़क | बजरंगी राम | तोलेश्वर दांगी |
| 10 | - | 289 | – | – | 0.0012 | चिन्ता देवी पति– संजय राम | पोखर | पक्की सड़क | पी0सी0सी0 रास्ता | अशोक राम |
| 11 | - | 816 | – | – | 0.0031 | लक्ष्मी शरन तिवारी वो बासुदेव तिवारी पिता– गोर्वधन तिवारी | पक्की सड़क | थाना बाउण्ड्री | तापेश्वर साव | सिमाना दुम्बी |
| 12 | - | 816 | – | – | 0.0017 | उपेन्द्र साव पिता– तापेश्वर साव | पक्की सड़क | थाना बाउण्ड्री | गोसई | लक्ष्मी नारायण तिवारी |
| 13 | - | 813 | – | – | 0.0084 | सरयु गोसाई पिता–............ | पक्की सड़क | बालो साव | समताल दांगी | उपेन्द्र साव |
| 14 | - | 812 | – | – | 0.0040 | समलाल दांगी पिता– पच्चु महतो | पक्की सड़क | बालो साव | केदार दांगी | गोसाई |
| 15 | - | 812 | – | – | 0.0040 | केदार दांगी पिता– पच्चु महतो | पक्की सड़क | बनवारी साव | वंशी प्रजापति | समलाल दांगी |
| 16 | - | 810 | – | – | 0.0040 | वंशी प्रजापति वगै0 पिता– बढ़न प्रजापति | पक्की सड़क | बनवारी साव | हरी प्रजापति | केदार दांगी |
| 17 | - | 804 | – | – | 0.0040 | वंशी प्रजापति वगै0 पिता– बढ़न प्रजापति | पक्की सड़क | बनवारी साव | हरी प्रजापति | केदार दांगी |
| 18 | - | 804 | – | – | 0.0040 | हरी प्रजापति वगै0 पिता– बढ़न प्रजापति | पक्की सड़क | नीज | नन्दलाल प्रजापति | वंशी प्रजापति |
| 19 | - | 804 | – | – | 0.0048 | नन्दलाल प्रजापति पिता– लखन प्रजापति | पक्की सड़क | नीज | नन्दलाल साव | हरी प्रजापति |
| 20 | - | 804 | – | – | 0.0018 | मंदीर | पक्की सड़क | नीज | पी0सी0सी0 रास्ता | नन्दलाल प्रजापति |
| 21 | - | 802 | – | – | 0.0072 | रामचन्द्र दांगी पिता– मुरत महतो वो सतरूधन दांगी पिता– मुरत महतो | पक्की सड़क | नीज | लखन दांगी | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 22 | - | 802 | – | – | 0.0025 | लखन दांगी पति– रेवा महतो | पक्की सड़क | रामचन्द्र दांगी | राजेन्द्र दांगी | रामचन्द्र दांगी |
| 23 | - | 801 | – | – | 0.0048 | राजेन्द्र दांगी पिता– लोकन महतो | पक्की सड़क | नीज | गोपाल दांगी | लखन दांगी |
| 24 | - | 801 | – | – | 0.0036 | गोपाल दांगी पिता– बढ़न महतो | पक्की सड़क | नीज | प्रेम दांगी | राजेन्द्र दांगी |
| 25 | - | 801 | – | – | 0.0024 | प्रेम दांगी पिता– बढ़न महतो | पक्की सड़क | नीज | पुरण महतो | गोपाल दांगी |
| 26 | - | 800 | – | – | 0.0072 | पुरन महतो पिता– अकल महतो | पक्की सड़क | नीज | तालेश्वर दांगी | प्रेम दांगी |
| 27 | - | 800 | – | – | 0.0033 | बालेश्वर दांगी पिता– लालो महतो | पक्की सड़क | नीज | दुली महतो | पुरण महतो |
| 28 | - | 800 | – | – | 0.0030 | दुल महतो पिता– कमल महतो | पक्की सड़क | नीज | सुबोध दांगी | तालेश्वर दांगी |
| 29 | - | 800 | – | – | 0.0032 | सुबोध दांगी पिता– मुनी महतो | पक्की सड़क | नीज | दुलारचन्द्र दांगी | दुली महतो |
| 30 | - | 630 | – | – | 0.0030 | दुलारचन्द दांगी पिता–............ | पक्की सड़क | पुरण महतो | तापेश्वर दांगी | सुबोध दांगी |
| 31 | - | 630 | – | – | 0.0031 | तापेश्वर दांगी पिता– लेखा महतो | पक्की सड़क | पुरण महतो | दशरथ दांगी | दुलारचन्द दांगी |
| 32 | - | 630 | – | – | 0.0056 | दशरथ दांगी पिता– बढ़न महतो | पक्की सड़क | दुली महतो | सुग्रीव दांगी | तापेश्वर दांगी |
| 33 | - | 630 | – | – | 0.0010 | सुग्रीव दांगी पिता– हरीचन्द दांगी | पक्की सड़क | पुरण महतो | दिपेन्द्र दांगी | दशरथ दांगी |
| 34 | 34 | 628 | रैयती | टांड़ II | 0.0033 | राजेन्द्र दांगी पिता– मिरन दांगी | पक्की सड़क | नीज | जितेन्द्र दांगी | सुग्रीव दांगी |
| 35 | 34 | 628 | रैयती | टांड़ II | 0.0092 | जितेन्द्र दांगी पिता– धरम महतो | पक्की सड़क | प्रेम दांगी | भीखारी दांगी | राजेन्द्र दांगी |
| 36 | 34 | 628 | रैयती | टांड़ II | 0.0060 | भीखारी दांगी पिता– कैल महतो | पक्की सड़क | रोहन महतो | रामेश्वर दांगी | जितेन्द्र दांगी |
| 37 | - | 287 | – | – | 0.0048 | बालेश्वर दांगी वो रामेश्वर दांगी पिता– दुखन महतो | जागेश्वर दागी | पक्की सड़क | महेन्द्र दांगी | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 38 | - | 290 | – | – | 0.0023 | महेन्द्र दांगी पिता– चुतरी महतो | नागो दांगी | पक्की सड़क | बिनोद दांगी | तालेश्वर दांगी |
| 39 | - | 290 | – | – | 0.0020 | बिनोद दांगी पिता– नान्दो महतो | नारो दांगी | पक्की सड़क | कृष्ण दांगी | महेन्द्र दांगी |
| 40 | - | 290 | – | – | 0.0050 | कृष्ण दांगी पिता– कैल महतो | नीज | पक्की सड़क | पनु ठाकुर | बिनोद दांगी |
| 41 | 34 | 628 | रैयती | टांड़ II | 0.0092 | जितेन्द्र दागी पिता– धरम महतो | पक्की सड़क | प्रेम दांगी | भीखारी दांगी | राजेन्द्र दांगी |
| 42 | 34 | 628 | रैयती | टांड़ II | 0.0060 | भीखारी दांगी पिता– कैल महतो | पक्की सड़क | रोहन महतो | रामेश्वर दांगी | जितेन्द्र दांगी |
| 43 | - | 287 | – | – | 0.0048 | बालेश्वर दांगी वो रामेश्वर दांगी पिता– दुखन महतो | जागेश्वर दांगी | पक्की सड़क | महेन्द्र दांगी | पी0सी0सी0 रास्ता |
| 44 | - | 290 | – | – | 0.0023 | महेन्द्र दांगी पिता– चुतरी महतो | नागो दांगी | पक्की सड़क | बिनोद दांगी | तालेश्वर दांगी |
| 45 | - | 290 | – | – | 0.0020 | बिनोद दांगी पिता– नान्दो महतो | नारो दांगी | पक्की सड़क | कृष्ण दांगी | महेन्द्र दांगी |
| 46 | - | 290 | – | – | 0.0050 | कृष्ण दांगी पिता– कैल महतो | नीज | पक्की सड़क | पनु ठाकुर | बिनोद दांगी |
| 47 | - | 230 | – | – | 0.0056 | संजय दांगी पिता– कैल महतो | नीज | पक्की सड़क | पनु ठाकुर | कृष्ण दांगी |
| 48 | - | 2092 2091 | – | – | 0.0028 | पनु ठाकुर पिता– कनी ठाकुर | नीज | पक्की सड़क | उपेन्द्र ठाकुर | संजय दांगी |
| 49 | - | 293 | – | – | 0.0049 | सुरेश साव पिता– मंत्री साव | चन्दर ठाकुर | पक्की सड़क | रामबिलास दांगी | उपेन्द्र ठाकुर |
| 50 | - | 292 | – | – | 0.0034 | उपेन्द्र ठाकुर पिता– शेखा ठाकुर | नीज | पक्की सड़क | सुरेश साव | पनु ठाकुर |
| 51 | - | 294 | – | – | 0.0048 | रामविलास दांगी पिता– चतुर गुन दांगी | नीज | पक्की सड़क | रामजतन दांगी | सुरेश साव |
| 52 | - | 294 | – | – | 0.0048 | रामजतन दांगी पिता– नन्द किशोर दांगी | नीज | पक्की सड़क | अरूण दांगी | रामविलास दांगी |
| 53 | - | 535 | – | – | 0.0054 | अकल दांगी पिता– रोहन महतो | नीज | पक्की सड़क | रामेश्वर महतो | रामजतन दांगी |
| 54 | - | 535 | – | – | 0.0084 | रामेश्वर महतो पिता– दोदी महतो | नीज | पक्की सड़क | चेतलाल यादव | अरूण दांगी |
| 55 | - | 536 | – | – | 0.0042 | चेतलाल यादव वो जठी यादव पिता–............ | नीज | पक्की सड़क | पुरण महतो | रामेश्वर महतो |
| 56 | - | 539 | – | – | 0.0051 | पुरन महतो पिता– कमल महतो | नीज | पक्की सड़क | नागेश्वर दांगी | चेतलाल यादव |
| 57 | 17 | 540 | रैयती | टांड़ II | 0.0061 | नागेश्वर दांगी पिता– भीखा महतो | नीज | पक्की सड़क | कृष्ण दांगी | पुरण दांगी |
| 58 | - | 541 | – | – | 0.0045 | कृष्ण दांगी पिता– चोवा महतो | नीज | पक्की सड़क | मिथलेश दांगी | नागेश्वर दांगी |
| 59 | - | 542 | – | – | 0.0062 | मिथलेश दांगी पिता– बोधा महतो | नीज | पक्की सड़क | तिरथ दांगी | कृष्ण दांगी |
| 60 | - | 627 | – | – | 0.0022 | रामदेव ठाकुर पिता– बुधन महतो | नीज | पुरण महतो | गुड्डु ठाकुर | रामदेव ठाकुर |
| 61 | - | 627 | – | – | 0.0022 | गुडू ठाकुर पिता– बुधन ठाकुर | पक्की सड़क | पुरण महतो | नरेश साव | रामदेव ठाकुर |
| 62 | - | 627 | – | – | 0.0066 | नरेश साव पिता– फागुनी लाल | पक्की सड़क | पुरण महतो | शिबन दांगी | गुड्डु ठाकुर |
| 63 | - | 627 | – | – | 0.0012 | शिबन दांगी पिता–झमन दांगी | पक्की सड़क | पुरण महतो | सुबास नामक | नरेश ठाकुर |
| 64 | 12 | 624 | रैयती | धान खेत II | 0.0069 | सुबास नायक पिता– बिरसा मुण्डा | पक्की सड़क | महेन्द्र दांगी | पुरण साव | शीबन दांगी |
| 65 | - | 623 | – | – | 0.0042 | पुरन साव पिता– रेवा साव | पक्की सड़क | जागदेव साव | जागदेव साव | सुबास नामक |
| 66 | - | 623 | – | – | 0.0042 | जागदेव साव पिता– सुधू साव | पक्की सड़क | नीज | सरयु दांगी | पुरण साव |
| 67 | 17 | 622 | रैयती | टांड़ II | 0.0057 | सरयु दांगी पिता– मुरत महतो | पक्की सड़क | नीज | मनोहर दांगी | जागदेव साव |
| 68 | 17 | 622 | रैयती | टांड़ II | 0.0034 | मनोहर दांगी पिता– मुरत महतो | पक्की सड़क | नीज | सतरूधन दांगी | सरयु दांगी |
| 69 | 17 | 622 | रैयती | टांड़ II | 0.0024 | सतरूधन दांगी पिता– मुरत महतो | पक्की सड़क | नीज | महेश दांगी | मनोहर दांगी |
| 70 | 17 | 622 | रैयती | टांड़ II | 0.0042 | महेश दांगी पिता– बालो महतो | पक्की सड़क | नीज | राजेश दांगी | सतरूधन दांगी |
| 71 | 17 | 622 | रैयती | टांड़ II | 0.0042 | राजेश दांगी पिता– बालो महतो | पक्की सड़क | नीज | नीज | महेश दांगी |
| 72 | 17 | 543 | रैयती | टांड़ II | 0.0018 | तिरथ दांगी पिता– बंधन महतो | नीज | पक्की सड़क | संजय दांगी | मिथलेश दांगी |
| 73 | - | 544 | – | – | 0.0012 | संजय दांगी पिता– भुनेश्वर महतो | नीज | पक्की सड़क | रोहन महतो | तिरथ महतो |
| 74 | - | 544 | – | – | 0.0013 | रोहन महतो पिता– लाटी महतो | नीज | पक्की सड़क | महावीर प्रजापति | संजय दांगी |
| 75 | - | 546 553 | – | – | 0.0012 | महावीर प्रजापति पिता– मिरन प्रजापति | नीज | पक्की सड़क | लखन दांगी | रोहन महतो |
| 76 | - | 554 | – | – | 0.0017 | लखन दांगी पिता– रेवा महतो | विजय दांगी | पक्की सड़क | आमो गंझू | महावीर प्रजापति |
| 77 | - | 566 | – | – | 0.0034 | आमो गंझू पिता– कपील गंझू | पनु राणा | पक्की सड़क | धरमेन्द्र राणा | लखन दांगी |
| 78 | - | 565 | – | – | 0.0012 | धरमेन्द्र राणा पिता– पनु राणा | नीज | पक्की सड़क | रामेश्वर महतो | आमो गंझू |
| 79 | - | 667 | – | – | 0.0011 | रामेश्वर महतो पिता– अकल महतो | बिनोद राणा | पक्की सड़क | महेन्द्र दांगी | धरमेन्द्र राणा |
| 80 | - | 668 | – | – | 0.0011 | रामेश्वर महतो पिता– अकल महतो | बिनोद राणा | पक्की सड़क | महेन्द्र दांगी | धरमेन्द्र राणा |

लगातार प्रकाशित...............
उपायुक्त,
चतरा

PR 352455 (Land Reforms)25-26*D





जमुनिया राज्यकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, देवघर का मामला

# मध्याह्न भोजन खाने से 24 से अधिक बच्चे बीमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत जमुनिया राज्यकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) खाने के बाद अचानक दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं बीमार पड़ गये। यह घटना बुधवार दोपहर की है, जब छात्र नियमित रूप से स्कूल में परोसे गये भोजन का सेवन कर रहे थे। भोजन करने के कुछ समय बाद ही कई बच्चों को पेट दर्द, उल्टी, चक्कर आना और कमजोरी जैसे लक्षण महसूस होने लगे। जैसे ही विद्यालय प्रशासन को स्थिति की गंभीरता का अहसास हुआ, तुरंत 108 एंबुलेंस सेवा की मदद ली गयी और सभी प्रभावित बच्चों को देवघर सदर अस्पताल भेजा गया। कुल 26 बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती किया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने त्वरित इलाज शुरू किया।

देवघर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रभात रंजन ने जानकारी दी कि सभी बच्चों की हालत अब स्थिर है और कोई भी बच्चा फिलहाल गंभीर स्थिति में नहीं है। डॉक्टर रंजन के अनुसार, बच्चों को आवश्यक दवाइयां दी गयी हैं और अस्पताल में विशेष निगरानी में रखा गया है। अगले 24 घंटे बच्चों की सेहत के लिए अहम होंगे, लेकिन फिलहाल चिंता की बात नहीं है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यालय जाकर जांच शुरू कर दी है। भोजन के सैंपल एकत्र कर लिये गये हैं और उन्हें लैब में परीक्षण के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जांच में भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठाये जा रहे हैं। संदेह है कि भोजन में किसी तरह की मिलावट या खराबी हो सकती है, जिससे यह घटना हुई।

इस घटना के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय में मध्यान्ह भोजन के संचालन की प्रक्रिया की गहन समीक्षा के आदेश दिये हैं। साथ ही, सभी सरकारी विद्यालयों में दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषी पाये जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

घटना के बाद बच्चों के अभिभावकों में भारी चिंता का माहौल बना हुआ है। कई अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं विद्यालय प्रशासन ने सफाई दी है कि भोजन का स्रोत नियमित सप्लायर है और आज तक इस तरह की कोई शिकायत नहीं मिली थी।

इधर डीइओ देवघर विनोद कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है फूड प्वाइजनिंग जैसी कोई बात नहीं है। पहले एक दो बच्चे को उल्टी आयी, प्रिकॉशन के तौर पर बच्चों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में लाया गया। हालांकि मिड डे मील में छिपकली गिरने की कोई बात सामने नहीं आयी है यह एक अफवाह हो सकती है, इसके अलावा इसकी जांच पूरी तरह से की जायेगी।

## नैयाडीह आदिवासी टोला में जल संकट

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** मधुपुर का सुदूर गांव आदिवासी टोला नैयाडीह के ग्रामीण भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। यह गांव मधुपुर गिरिडीह के सीमावर्ती क्षेत्र में अवस्थित है। जंगल क्षेत्र में यह गांव है। नैयाडीह टोला में दो सरकारी चापाकल है। एक चापाकल बेकार है, जबकि एक चापाकल जर्जर अवस्था में है। जल नल योजना के तहत पानी टंकी भी लगा है, लेकिन वह आरंभिक काल से बेकार पड़ा है। घर-घर जलापूर्ति के नाम पर यहां लाखों रुपया खर्च किया गया लेकिन ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिली। नहाने और धोने के लिए सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है।

## एम्स देवघर में अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह मनाया गया



**देवघर (आजाद सिपाही)।** एम्स देवघर के कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा 7 से 13 मई तक अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह हमारी नर्सें विषय के अंतर्गत विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सों की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में भूमिका को रेखांकित करना था। समापन समारोह आइसीयू ब्लॉक में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो (डॉ) सौरभ वार्ष्णेय ने नर्सिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सें केवल रोगी की देखभाल ही नहीं करतीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा वितरण की रीढ़ होती हैं। इस अवसर पर द दर्शन नामक स्मारिका का विमोचन भी किया गया। बीएससी नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक ने पेशेवर जीवन की चुनौतियों को प्रभावी ढंग से दर्शाया। कार्यक्रम का संचालन पीसीबी (डॉ) सी संतोष कल्याणी के नेतृत्व में हुआ। धन्यवाद ज्ञापन नर्सिंग ट्यूटर वसंत सी द्वारा प्रस्तुत किया गया।











































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21